these are dropped as the proof offered for them are insufficient. Also, some of these, are obstacles in the flair of Vedic Weltanschauung. He does not feel necessary to overtly believe in metaphysical precepts of *Gītā*, in order to accept its ethical dictums. I personally feel no urge to argue that it is not at all necessary to believe in spirit to be spiritual; humanity and a subscription to values is a more secular and cherished form of spirituality which Prof. Pahi upholds.

It might not be worthless to draw the obvious parallels between Pahi and Kant. In a pure Kantian spirit, he regards God to be a matter of individual faith, a palliative, a baton's call[95], but for this we need not to give arguments, as arguments do not suffice in the realm of noumena. His moral vision is a true and more rigorous affirmation of Kantian Formula of Autonomy. This is also a confession of limits of our reason in the bounds of sense; thus it is very much for the good of NV that it is restricted to this-world, bounds of sense, and all attempts to make trans-worldly claims by NV are ruthlessly suppressed by the protestant *āchārya* of NV *tantra*, *Ācharya* Biswambhar Pahi. Also a pre-occupation with suffering and seeing attempts to overcome all forms of suffering as *mānava dharma* and aversion from making unproved metaphysical claims, tinges his ethical and philosophical vision with that of Early Buddhism. Thus his philosophical position may be understood as that of a philosophical enterprise, which on one hand is trying to make NV restricted to the realm of *Lokapratīti*, and on the other upholding the pristine spiritual values of Vedas. These attempts are beautifully complemented by his orientation in Modern Formal Logic, some of whose insights are well-played in his project and also by a deep understanding of Classical Eastern and Western traditions of both poetry and logic.

It might not be out of order for me to mention in brief, Prof. Pahi's interpretation by Prof. P.P. Gokhale (and also his reaction upon my paper). Prof. Gokhale has interpreted Pahi's vision as Lokayatika[96]. Prof. Gokhale in his reaction said, that the very this-worldly reformation, secularization of NV is what he intends by a Lokayatika reform. Prof. Gokhale was also quick enough to have dismissed Prof. Pahi's pre-occupation with *Ṛta*, as solitarily restricted to natural plane; nevertheless if one makes even a superficial analysis of FIMT and TBPC, it is clear beyond doubt that he has also used the term in its moral and axiological sense. Prof. Gokhale expects from Pahi to have

made a more thorough-going Lokāyatika reformation of NV[97] and despite that he views Pahi's philosophical perspective as essentially materialist and repents for not having enlisted him in his previous academic projects on *Chārvāka* and Lokāyata[98], he praises Pahi's attempts of NV reformation in these words, 'Professor Pahi needs to be saluted, with all praise and honour, because he has at least opened the gates of a modern reconstruction and reform of the dual (NV) system'[99]. His categorization of Pahi as a Lokāyatika or *Chārvāka* thinker is not in a sense of contempt but has a deep tinge of appreciation. However a serious (and venerated by me) thinker that Prof. Gokhale is, he would have done greater justice to Prof. Pahi if he went through FIMT and TBPC or made a more sympathetic deconstruction of Pahi's *Puruṣārthamīmāṁsā* in VPKPV. A thinker whose ethics and philosophy of life accords a central position to *Ṛta* and *Lokasaṁgraha* cannot be tied with philosophy of *Chārvāka* or Lokāyata. Thus Prof. Gokhale has not made a just depiction of Pahi's philosophical position.

Prof. Sachchidananda Mishra categorized Prof. Pahi as a *Dehātmavādīn* and termed him a *Prachchhanna Chārvāka*, in a pejorative sense. Prof. Mishra conveniently ignored the crucial question that how can a *Prachchhanna Chārvāka* suggest in his *Puruṣārthamīmāṁsā*, a life of *Niṣkāma Karma* dedicated for the cause of *Lokasaṁgraha* (even in *Vaiśeṣika Padārthavyavasthā*). It is needless to mention that Prof. Mishra did not even refer to Prof. Pahi's vital views in TBPC and FIMT. Prof. Pahi's tireless emphasis upon *Ṛta, Ṛṇa, Niṣkāma Karma, Lokasaṁgraha*, unity of *Prāṇimātra*, did not bother the deep scholarship of Prof. Mishra. It is a travesty of justice that a thinker whose ideal man, *mahāmānava*, embraces utmost suffering for *bhūtakalyāṇa*, is alleged to subscribe the *yāvajjīveta sukham jīvēta* philosophy of *Chārvāka*, by Prof. Mishra. Mishra forgot that the job of a critic is that of a *sahṛdaya*, it is more about an honest attempt to understand the basic philosophy of a scholar; instead of this Mishra, in his destructive criticism, has concentrated all his energy on finding what is missing in Pahi as an NV thinker. For me, Prof. Gokhale's evaluation of Prof. Pahi is more acceptable and just, compared to the one of Prof. Mishra. To my understanding, as the title of his paper claims, '*Biswambhar Pahi Ki Vaiśeṣika Dṛṣṭi*'[100], his criticism is actually more about, '*Ruḍhivādi Vaiśeṣika Paramparā Kī Dṛṣṭi Mein Biswambhar Pahi*'. It would be a mere act of repetition to state that the very

philosophical endeavor of Pahi with NV, is to make a re-interpretation, delineation of its basic principles in order to facilitate its natural growth; it is exploring the room for balance between authority, commitment to authority on one hand and creativity of a thinker making a subscription to that system, on the other hand. As such, if one tries to see Prof. Pahi from the spectacles of orthodox NV tradition, one is bound to be at discomfort with him, as is the case with Mishra. Therefore Mishra's attempt to adjudge as to what degree Pahi's NV *dṛṣṭi* is consistent with the traditional NV philosophy[101] is nothing but flogging a dead horse, as Pahi's interest is in the least degree to pay homage to traditional NV philosophy, rather in re-examining it. If Mishra or any other thinker wishes to do true justice to Pahi's philosophy, then what is essential is a *sāṅgopāṅga* analysis of a thinker with all his writings and not being selectively restricted to one single text. Prof. Mishra's command and scholarship of NV tradition is beyond any dispute and worthy of every praise, but an easy dismissal of Pahi's philosophy which he has done is not alone an act of injustice but a crime.

Apart from the above, a very quick and bird eye view by myself upon Prof. Mishra's paper, did reveal several important flaws. Of his several arguments, one that deserves an outright rejection is the so-called extension of epistemic *kṛtapraṇāśaśūnyatā* and *akṛtābhyagamaśūnyatā* to the realm of *puruṣārthamīmāsā*[102]. His argument extends the identity of *jñāta* and *smartā* to the identity of actor and enjoyer- do we really need any logic to see the absurdity of Prof. Mishra's argument. This point was raised by Prof. Gokhale as well and acknowledged by Prof. Mishra in his paper, later on. But then in defense of his argument, he cites a parallel between this and inductive logic, where, as per him, from seen we do proceed to unseen[103]. Yet again this analogy itself is fallacious. First of all, it is a well-acknowledged fact that induction is not sacrosanct, it just yields a probable ground for the unseen, so if we accept Prof. Mishra's analogy, there is probable ground, and not necessary ground, to believe in factuality of *Karmavāda*- for sure Mishra cannot accept this position now, unless he wants to make *Karmavāda*, a probable theory (thus he closely approaches the position of *Viruddha Hetvābhāsa*, as his intention is to establish the necessity of *Karmavāda* but his analogy makes it a probable theory, demolishing its necessity); needless to mention he has expected a deductive certainty from induction. Secondly even in

inductive logic, the unseen is not beyond the scope of confirmation whilst in the context of *Karmavāda*, unseen being transcendent to all experience is completely beyond any purview of confirmation. The term, 'unseen', has clearly two different meanings in these two contexts, Mishra confuses them. This is a serious error of analogy by Prof. Mishra and I hope he rectifies the same. Prof. Mishra criticizes Prof. Pahi, for having ignored the distinction between *tarka* and *anumāna*; he alleges that when Prof. Pahi rejects something unproved by *anumāna*[104], he is afflicted with the model of certainty as in West. First of all, Pahi rejects that which remains unproved by all *pramāṇas* and not *anumāna pramāṇa* alone[105]. Secondly it shall be yet again improper if, someone like me feels the need to remind a Naiyāyika of Prof. Mishra's stature that in Nyāya, with unanimity, *tarka* is regarded ancillary to *pramāṇa*. In the words of Keśava Miśra, *tarka* is *anugrāhaka* of *pramāṇa* (*tarkaḥ pramāṇānāmanugrāhakaḥ*)[106]. *Pramāṇa* and not *tarka* is the instrument that yields knowledge of *tattva*. So if Pahi rejects something unproved by all *pramāṇas* (which might be wrongly thought to have been proved by a *tarka*-supported and manipulated *pramāṇa*) then, what is wrong? Not only this, Mishra has proposed an arbitrary distinction between Western and Indian models of rationality and claims that Pahi follows the former. Obviously no serious scholar of philosophy can accept this parochial distinction. Reason and rationality vary geographically and culturally, a narrow-minded standpoint like this is definitely unhealthy for philosophical dialogue and inquiry. Moreover if only Mishra goes through Pahi's article, *On Relating Two Traditions of Logic*, he shall realize that different to B.K. Matilal and others, Pahi has tried to reformulate concepts of Western Formal Logic in the jargon of Indian Logic. One point of Mishra's evaluation of Prof. Pahi which I seriously share with him, is that no proofs and arguments can disprove the notion of God and *Punarjanmavāda*. However a legitimate extension of Prof. Mishra's own argument is that no proofs and arguments can prove the notion of God and *Punarjanmavāda* either. At the end of his article, Mishra's long citation of Richard Dawkins (a science scholar) to support Law of Karma[107] is an instance of how even a serious scholar like him can commit the informal fallacy of Appeal to Inappropriate Authority.

In the end, it is hoped that, the community of scholars shall undertake a more serious and a more holistic analysis and synthesis of Prof. Pahi's writings, thought and philosophy. The utter neglect and

misinterpretation which have greeted his novel works and ideas, shall get removed only if a proper deconstruction of his works is undertaken. Greater care is required to evaluate a living philosopher, for the simple reason, that his is a still unascertained philosophical position. A final word of confession and apology is in the order, that this write-up is by no means a conclusive claim to present a picture of Prof. Biswambhar Pahi's philosophical ideas, but just an attempt to show an aspect of his thought (which to my mind, is the most important one) which is ignored by all and also an urge to re-write the accounts (half-)depicting his philosophy and an urge to re-write the chapters of Contemporary Indian Philosophy.

Reference:

1. This humble paper is dedicated to Prof. Biswambhar Pahi in the spirit of '*Tvadīya vastu govinda tubhyameva samarpye*'.
2. The idea that Prof. Pahi subscribes to Vedic Philosophy of Life was imparted to the author by the thinker (Prof. Pahi) himself and is not an idea 'pigeonholed' by the author. Thus this paper was written under the spell of inspiration of Prof. Pahi. The author felt overwhelmed and blessed when he presented the first draft of the paper, prior to the seminar, before Prof. Pahi who showered his blessings upon the author and appreciation for the paper. A professor, ever-honoured by the author, was led to have commented that the author had made an existentialist misinterpretation of Prof. Pahi (perhaps due to the usage of the term Weltanshcauung and my orientation towards Existentialism), however to the humblest of my understanding, not a single sentence in this write-up is ascribable to Existential philosophy; also whether a misinterpretation has been made or not, could be better judged if one toils enough to go through the works and passages cited. It is obligatory for me to register a formal word of gratitude to Prof. Raghunath Ghosh for his kind comments and input which has enriched the write-up; I am also deeply grateful to venerated Prof. P.K. Mukhopadhyaya for his affection and encouragement.
3. Biswambhar Pahi(2000): *Vaiśeṣika Padārthavyavasthā Kā Paddhatimūlaka Vimarśa*, Jaipur: Department of Philosophy, University of Rajasthan
4. Ibid., p. v
5. Ibid.
6. B. Pahi and S. Jethmalani(2003): *The Early Vedic Weltanschauung(* in Foundations of Indian Moral Thought(ed. Kusum Jain)), Jaipur: Department of Philosophy, University of Rajasthan

7. B. Pahi and S. Jethmalani(1996): *The Burden of Poetic Consciousness*(in S.Jethmalani and P.C.Kar(eds.): *The burden of Poetic Consciousness*), Jaipur: Department of Philosophy, University of Rajasthan (the article and book have identical nomenclature)
8. *Vaiśeṣika System* in Govinda Chandra Pandey(ed.) (2012): *History of Science, Philosophy and Culture in Indian Civilization*, vol. 1, Part 5, A Golden Chain of Civilizations: Indic, Iranic, Semitic and Hellenic. Section 2: Science, Philosophy and culture, New Delhi: Centre for Studies in Civilizations
9. FIMT, p.79
10. TBPC, pp.1-3
11. FIMT, p.79
12. Ibid.
13. TBPC, p.1
14. Ibid., p. 3
15. Ibid., p.2
16. TBPC, p.4
17. FIMT, p.80
18. Ibid.
19. Ibid.
20. TBPC, p.5
21. FIMT, p.81
22. TBPC, p.4
23. Ibid.
24. FIMT, pp. 82-83
25. TBPC, p.7
26. FIMT, p.80-81
27. TBPC, 4-6
28 *Bhagvadgītā* (BG) (Tr. S. Radhakrishnana[1979], Bombay: Blackie and Son{Ind.} Ltd.), 3.10&11, cited in TBPC, p.5
29. FIMT, p.81
30. TBPC, p.7
31. Ibid., pp.7-8
32. This is something which holds good upon the entire article, i.e., TBPC, however the ones that have a greater charm are to be found in, TBPC, pp.8-14 & 18-24
33. *Abhijñānaśākuntala*, 4.11, cited in TBPC, p.12.; these lines have been taken from Karmarkar's edition of the text, published from Chaukhamba Sanskrit Pratishthan

34. FIMT, p.83
35. TBPC, pp. 15-17
36. FIMT, p.87
37. FIMT, p.88
38. Again something I learnt from him, in a personal conversation.
39. VS, p.502
40. Import of VS and introductory chapter of VPKPV
41. Ibid.
42. TBPC, p.30
43. FIMT, p.88
44. VS, p.521
45. VPKPV, p.73
46. VPKPV, p.73-74
47. TBPC, p.20
48. *Vālmīki Rāmāyaṇa*, 6.113.45, cited in TBPC, p.20 (I have taken these lines from the Gita Press edition of *Śrīmadvālmīkīya Rāmāyaṇa*, Vol.2, p.616)
49. VPKPV, p 71-73 & VS, p.521
50. TBPC, p.30
51. Ibid., p.25
52. Ibid.
53. Ibid.
54. Ibid.
55. BG, 2.57
56. Ibid., p.27
57. TBPC, p.29
58. Ibid., p.30
59. Ibid.
60. Ibid.
61. Ibid.
62. I asked Prof. Pahi, whether a researcher following Husserlian radicalization, fits in his notion of *sākṣībhāva*, he replied in negative and explained that as per him, *sākṣībhāva* is a spontaneously reached state, whilst the Husserlian researcher undertakes a conscious pursuit of reaching such state.
63. BG, 2.19 (I have taken the sense of this in Śaṁkara's way of interpretation)
64. VPKPV, pp.71-72
65. VS, p. 521
66. VPKPV, p.72
67. Ibid., pp. 73-74

68. Ibid.
69. Ibid., p.73
70. Ibid., pp.88-93
71. Ibid., p.89
72. Ibid., p.90
73. VPKPV, pp. 70-71
74. Ibid., pp. 65, 70-71
75. Ibid., pp.62-63
76. Ibid., p.71
77. Ibid., p.100
78. Ibid., p.101
79. Ibid., p.100
80. BG, 3.25
81. BG, 2-70
82. VPKPV, p.101
83. Ibid.
84. VPKPV, pp 4-5, introductory, pp. 1-2
85. VS, p.516
86. Ibid., introductory, pp.1-2
87. VS, p.516
88. VPKPV, introductory, p.1
89. VPKPV, pp. 6-8
90. VS, p.516
91. Bhāsarvajña: *Nyāyabhūṣaṇam*, Yogindrananda (ed.)(1968). Varanasi: Sad Darshana Prakashana Pratishthan, p.98
92. VPKPV, introductory, pp.1-5
93. Ibid., pp.18-19
94. I.M.Copi(1979): *Symbolic Logic*, New Delhi: Prentice Hall, pp. 164-166
95. Learned through personal conversation
96. Pradeep Gokhale(2016): *Professor Biswambhar Pahi: The Nyāya-Vaiśeṣika Reformer*, presented in the International Seminar on 'Philosophical Contributions of Prof. Biswambhar Pahi', 12th to 14th March, 2015, at CAS Philosophy, Department of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur(also appearing in the present volume).
97. Ibid., p.5 of the article
98. Ibid., p.2 of the article
99. Ibid., p.10 of the article

100 Sachchidanda Mishra(2016): *Biswambhar Pahi Ki Vaiśeṣika Dṛṣṭi*, also presented in the International Seminar on 'Philosophical Contributions of Prof. Biswambhar Pahi', 12th to 14th March, 2015, at CAS Philosophy, Department of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur(also appearing in the present volume).

101. Ibid, p.1(of the paper)

102. Ibid., p.11 of the paper

103. Ibid.

104. Ibid.

105. One may go across his re-examination of Law of Karma, in VPKPV

106. Keśava Miśra: *Tarkabhāṣā* (Commentry by S.Shastri, Varanasi: Chowkhamba Vidyabhawan, p.443)

107 . P.13 of Mishra's article

Assistant Professor,
Department of Philosophy,
University of Rajasthan, Jaipur
Email- anubhavshunya@gmail.com
M.No.- 09772242525

Comments of Prof. Biswambhar Pahi

I am thankful to Anubhav Varshney ji for placing Philosophy of Life at the centre of my philosophical concerns and for correctly characterizing it as inspired by some basic features of the Vedic world-view.

In the paper *On the Structure of the Puruṣārtha System* (*Foundations of Indian Moral Thought, The Journal of Foundational Research*, Vol. XI.2, PP.127-134, Department of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur, 2004) the centrality of Dharma in the Vedic system of Puruṣārthas is underlined and the incompleteness of the historically earlier system of trivarga consisting of the puruṣārthas dharma, artha and kāma, is sought to be overcome by bringing in mokṣa (world transcendence) as the culminating *puruṣārtha* grounded in the spectatorship (*sākṣhibhāva*) of persons (*puruṣas*).

At one end of the spectrum of the modes of my being, for example when I am overcome by a strong passion such as anger, I am barely

distinguishable from a missile that has been programmed and released to hit its target. At the opposite extreme of the modes of my being, I find myself devoid of all longings, desires and aspirations transcending my natural urge to claim the world or a part of it as belonging to me. At this limit point of the spectrum of the modes of my being , I am a mere witness (*sākṣi-mātra*) of my predicament of being in the world like a drop of water on a lotus leaf. At this end of the spectrum the possibility of awakening my agency in the world dedicated to the welfare of all beings (*sarvabhūtakalyāna*) dawns on me. This is my inherent potentiality for transcendent agency (*lokottar kartṛttva*) where all my personal goals, barring the bare minimum needed for my physical existence, are withered and shredded off like dry leaves from a tree and my agency is transfigured and newborn by my spectatorship (*sākṣī*). Here my actions flow forth from my beings as blessing for the world like the radiation of the sun.

The paper '*A Frame work for the Moral Evaluation of Actions*' (*Foundations of Indian Moral Thought, The Journal of Foundational Research*, XI. Vol. XI., pp. 1-19, Department of Philosophy, University of Rajasthan, Jaipur, 2004) offers a generalisation of the Vedic concept of varṇa- dharma. The model of graphs is found suitable for representing moral agents as vertices with incoming and outgoing obligations as directed arcs. The concept of role (vṛtti), its classification under unavoidable (obligatory) and optional, the totality of all unavoidable roles together with a compatible nonempty subset of optional roles defining an agent type are central to this paper. A role is inherently normative in the sense that it entails some obligations issuing from and some terminating in it. A role without obligations is vacuous and thus ceases to be a role. Roles emerge in course of the socio-economic evolution of a society and their admissibility is determined by the central puruṣārtha Dharma. Agents can be individual or institutional, with the former having primacy. Institutional agency cannot be analysed solely in terms of individual agency. Act-types and context-types are defined in a natural way. The moral value of an act is determined moral value of an act is determined by agent-type, act-type and context-type. No moral maxim (*vidhi* or *niṣedh*) can be without *apavādas*, i.e exceptional contexts in which it would stand eclipsed.

Krtapraṇāśāśūnyatā and *akṛtābhyagamaśūnyatā* are not attributes of the universe we are obliged to be in. These two attributes however are presuppositions of the possibility of any normative system whether social, legal or moral. It is man's deepest aspiration that the universe should have these two features in order to claim the citizenship of human beings as moral agents. These two attributes need therefore, to be admitted as ideals (*ādarśa*). Ideals are obligation-generating by nature. These two ideals serve as the ground for the central Puruṣārtha of Dharma. Thus the obligation to strive for the welfare of all living beings becomes a purely human obligation and meeting no exceptions. (see VPV, pp. 70-75). The Vedic notion *of mānava-ṛṇa-parišodha* is conveyed by the more general obligation of striving for *sarva-bhūta-kalyāṇa*. Human moral sensitivity may perhaps afford to ignore the phenomenon of unmerited rewards in the world we live in by assuming a posture of not looking at it (*upekṣābhāva*) but it cannot afford not to be deeply disturbed by the phenomenon of unmerited suffering and deprivation of what is due to others.

The Vedic tradition's commitment to *Ṛta* (the universal system of norms governing the universe) and the Greek philosophical tradition's commitment to sovereignty of reason in ordering of universe (see Plato's *Philebus* 93c to 99a) are exact analogies. For the Greek philosophical tradition, the world of human beings enjoys no immunity from the sovereign principle of reason governing the universe. This fact rules out the possibility of unmerited suffering and unmerited reward. The poets are criticized for saying, that things are otherwise.

The ability to act (*kriyā-śakti*) and the ability to cognize (*jñāna-śakti*) are co-extensive (VPV, pp 87-88). We can ascribe actions to animals only because we can also ascribe cognitive abilities to them. Moral accountability emerges only when the ability to act, the ability to experience pain and pleasure, the ability to have cognitions, reside together with the ability to have command of a natural language (*vāk-śakti*). Thus a person (*puruṣa*) as a moral agent may be characterized by the co-occurrent abilities of action, experience of pleasure and pain, cognition and command over natural language. A closer examination of the ontological implications of the defining features of *puruṣa* (moral agent) shows that a moral agent must be an embodied being, i.e., a mind-body complex. Therefore it is not fair to ascribe *Dehātmavāda* to

my position in VPV. I have nowhere argued in favour of the reducibility of mental phenomenon into attributes of the body.

It is appropriate, to draw the reader's attention to *Śathaptha Brāhmaṇa* (1.4.5. 8-12), where we are told a tale about the dispute between mind and speech regarding their relative priority. The dispute is settled in favour of mind much to the discontent of speech.

I have not dealt with the mature of mind in VPV. For the Vedic vision of *manas*, attention may be drawn to the first six mantras of the 34th chapter of *Śukla Yajurveda Saṁhitā* (with commentaries of Uvaṭa and Mahidhara, Motilal Banarasidass, New Delhi, 1987, pp. 560-562). Mind is construed here as playing a central role in the running and execution of activities, cognitive as well as non-cognitive. It is seen as a far reaching surveyor of past, present and future, the inner light of sense-organs, and as the source of human patience and perseverance; all poetical and theoretical revelations are seen as grounded in it like the spokes in the axle of a wheel. It is poetically pictured as a skilled charioteer guiding in and reigning in man. *Taittirīya Brāhmaṇa* (Anandeshwara Sanskrit Series 37, Pune, 1999, 3.12.3.3-4, pp. 1408-1409) views it as all- commanding and sovereign decision maker, supervisor of sense-organs and organ of judgment and choice of courses of actions . In *Bṛhadāraṇyak Upaniṣad* (1.5.3, Gita Press, Gorakhpur, Vikrami Samvat 2050, pp. 342-348) a human being is seen as sustained by, leaving aside organic food, vital breath (*prāṇa*), mind (*manas*), and speech (*vāk*). Mind is also seen as the instrument of attainment, sexual passion (*kāma*), judgment, doubt, wisdom (*dhī*), faith (*śraddhā*) or the lack of it, patience (*dhṛti*), sense of embarrassment (*hrī*) and anxiety, fear (*bhī*). For a contemporary perspective of mind, we need to rely on interdisciplinary cognitive science.

—*—

आचार्य विश्वम्भर पाहि का वैशेषिक विमर्श विषयक उच्चस्तरीय दर्शन ग्रन्थ हिन्दी में

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

राजस्थान के अग्रणी विश्वविद्यालय 'राजस्थान विश्वविद्यालय' में देश के विख्यात दर्शनशास्त्री तथा इस विश्वविद्यालय के मूर्धन्य दर्शनाचार्य रहे प्रो. विश्वम्भर पाहि के 16 वर्ष पूर्व प्रकाशित एक अत्यन्त मूल्यवान् दर्शनग्रन्थ पर तथा उनके वैदुष्य पर विद्वद्गोष्ठी से पूर्व भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् द्वारा प्रो. पाहि के सर्वोच्च सम्मान का जो समारोह पिछले दिनों आयोजित हुआ (12-14 मार्च, 2016) वह दर्शन के अध्येताओं को वर्षों तक याद रहेगा। प्रो. पाहि न्यायवैशेषिक दर्शन के प्रकाण्ड विद्वान् हैं, देश-विदेश में दर्शनशास्त्र के अध्ययन-अध्यापन के क्षेत्र में इन्होंने कालजयी कार्य किए हैं। उन्होंने हमारा गौरव बढ़ाया है, यह तथ्य सुविदित है।

प्रो. पाहि का ग्रन्थ *'वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श'* वैशेषिक दर्शन की विवेचन प्रणाली का तलस्पर्शी समीक्षा करने वाला ग्रन्थ है। इसमें वैशेषिक दर्शन की पूर्णत: वैज्ञानिक चिन्तनप्रणाली के विभिन्न आयामों का शास्त्रीय अनुशीलन किया गया है। यह तो सुविदित ही है कि भारत के छहों दर्शनों में सांख्य और वैशेषिक पूर्णत: विज्ञानवादी चिन्तन को समाहित करने वाले शास्त्र हैं। इनमें पदार्थों के उद्भव और प्रकृति पर तथ्यात्मक गहन वैज्ञानिक विमर्श किया गया है। न इनमें अन्धविश्वास को कोई स्थान दिया गया है न भक्ति जैसे आचारों को। ये तो ईश्वर को भी नहीं मानते। संस्कृत विद्वानों में यही विनोद सदियों से प्रचलित है कि वैशेषिक के एक मूर्धन्य विद्वान् जब शतायु हो गए और इस लोक से प्रयाण करने की स्थिति में मृत्युशय्या पर लेटे हुए थे तो एक धर्मगुरु ने उन्हें यह सलाह दी कि अन्तिम समय में वे जगत् के निर्माता से प्रार्थना करें कि उन्हें सद्गति दें, वे उनका नाम स्मरण करें—तो वैशेषिक विद्वान् ने जगन्निर्माता का नाम यों लिया—'अणव:।' वैशेषिक दर्शन यही तो मानता है कि इस जगत् का निर्माण अणुओं से हुआ है। विज्ञान भी यही मानता है। अब तो नवीनतम विज्ञान धारणाओं द्वारा भी ऐसे सिद्धान्त प्रतिपादित किए गए हैं कि समस्त ब्रह्माण्डों की अवस्थिति ऐसे अणुओं से हुई है जो अत्यन्त दूर स्थित होते हुए भी किसी अदृश्य शक्ति द्वारा जुड़े हुए हैं। ऐसी थ्योरी को 'स्ट्रिंग थ्योरी' कहा गया है। हमारा वैशेषिक दर्शन इसी प्रकार जगत् की पदार्थ व्यवस्था का विमर्श प्रस्तुत करता है। इस दर्शन में ज्ञान पर, कर्म

पर, देशकाल आदि पर, कारण-कार्यव्यवस्था पर पूर्णतः तार्किक विवेचन किया गया है। इसीके विविध आयामों पर गहन तात्त्विक चिन्तन प्रस्तुत करता है, प्रो. पाहि का यह स्तरीय दर्शन ग्रन्थ।

यहाँ यह तथ्य विशेषतः उल्लेखनीय है कि पूर्णतः गहनशास्त्रीय शैली में लिखा गया यह ग्रन्थ हिन्दी में निबद्ध है। इसकी विषयवस्तु संस्कृत के शास्त्रीय ग्रन्थों से सम्बद्ध है, विवेचन का फलक और विमर्शशैली में अंग्रेजी दर्शन ग्रन्थों की पद्धति की झलक भी मिल सकती है और विश्वजनीन दार्शनिक चिन्तन की पृष्ठभूमि भी पाठक के मानस को प्रभावित करती है।

विश्वजनीन फलक

यह तो निर्विवाद तथ्य है कि भारतीय दर्शन विश्व के प्राचीनतम दर्शन शास्त्रों की पंक्ति में अग्रणी स्थान रखता है। वेदों की चिन्तनधारा से प्रादुर्भूत हमारी दार्शनिक शास्त्र परम्परा कपिल, गौतम, कणाद, पतञ्जलि जैसे अमर ज्ञानस्रोतों से तत्त्वविमर्श का मार्ग ग्रहण कर शंकराचार्य, रामानुजाचार्य जैसे आचार्यों की ज्ञानधारा से सिंचित होती हुई आज तक नये-नये क्षितिजों में अपनी विमर्श परम्परा का संवर्धन करती आ रही है। यह सुविदित है। अमर भाषा संस्कृत में प्रमुखतः इसकी ज्ञानराशि अभिलिखित है और संस्कृत के पाठ्यक्रमों में न्याय-वैशेषिक आदि शास्त्रों के कुछ ग्रन्थ अनिवार्य रूप से सभी को पढ़ाए जाते हैं। तर्कशास्त्र बौद्धिक परिमार्जन के लिए अनिवार्य है यह मानकर *तर्कसंग्रह* जैसे ग्रन्थ सभी विषयों के छात्रों को पढ़ाए जाते हैं। इस प्रकार संस्कृत वैदुष्य की धारा के साथ तो न्याय वैशेषिक, सांख्य-योग और वेदान्त आदि दर्शनों की चिन्तनधारा जुड़ी ही हुई है किन्तु पिछली दो शताब्दियों में भारतीय दर्शनों ने जब से विश्व के अन्य देशों में अपने गूढ़-गम्भीर चिन्तन की छाप छोड़ी, उसका यह परिणाम हुआ कि विभिन्न देशों में विभिन्न भाषाओं में हमारे दर्शन ग्रन्थों के अनुवाद हुए, उनकी विवेचनसरणि पर विमर्श हुए, विभिन्न भाषाओं में भारतीय दार्शनिक चिन्तन पर ग्रन्थ लिखे गये।

इस सब विचारमन्थन के फलस्वरूप अंग्रेजी भाषा में भारतीय दर्शनशास्त्र-परम्परा के इतिहास पर अनेक ग्रन्थ लिखे गए, भारतीय दर्शनों के विश्वकोष तैयार हुए। यह स्वाभाविक ही था कि जब अंग्रेजी जैसी भाषा में भारतीय दर्शनों पर विमर्श और लेखन हो तो अन्य प्राचीन दर्शनशाखाओं से भी उसका तुलनात्मक अध्ययन हो। यूनानी दर्शनशास्त्र भी प्राचीन है, वहाँ की दार्शनिक चिन्तनधारा भी सुविदित है अतः उसके साथ भी भारतीय दार्शनिक चिन्तन पर तुलनात्मक विमर्श हुआ। इसका एक परिणाम यह भी हुआ कि हमारे दार्शनिक चिन्तन में विभिन्न शास्त्रों की जो पारिभाषिक शब्दावली सदियों से प्रयुक्त होती रही थी उसके लिए अंग्रेजी में समानान्तर संज्ञाएँ पर्याय आदि प्रयुक्त होने लगे और विभिन्न आधुनिक शिक्षा धारा वाले विश्वविद्यालयों में हमारे दर्शनशास्त्रों की शिक्षा अंग्रेजी में भी दी जाने लगी, परीक्षाओं का माध्यम जब अंग्रेजी बन गई तो फिलासफी में एम.ए. करने वाले स्नातक न्याय, वैशेषिक, सांख्य

आदि दर्शनों की परीक्षाओं में उनकी तकनीकी संज्ञाओं को प्रयुक्त करने के साथ अंग्रेजी की तकनीकी संज्ञाओं का भी प्रयोग करने लगे। इन सबका एक परिणाम यह हुआ कि विश्वविद्यालय में दार्शनिक चिन्तनधारा की शब्दावली में वृद्धि भी हुई, विभिन्न देशों की दार्शनिक चिन्तनधाराओं का तुलनात्मक अध्ययन भी हुआ, दार्शनिक चिन्तन में परस्पर संवाद, समन्वय आदि भी हुए।

अंग्रेजी भाषा में लेखन

यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है कि जिस प्रकार वेदवाङ्मय और वैदिकधारा पर अंग्रेजी में जितना वाङ्मय लिखा गया और प्रकाशित हुआ उतना (संस्कृत से इतर) किसी भी भारतीय भाषा में नहीं हुआ उसी प्रकार भारतीय दर्शनों पर भी अंग्रेजी में जितना वाङ्मय प्रकाशित है उतना शायद ही किसी अन्य भाषा में हो। निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ चिन्तन की दृष्टि से क्या यह आकलन वांछनीय नहीं होगा कि अंग्रेजी भाषा में हमारे दार्शनिक चिन्तन की जो अवतारणा हुई उसके किस प्रकार के प्रभाव हमारी चिन्तनधारा पर देखे जा सकते हैं।

कौन नहीं जानता कि भारतीय दर्शनों के इतिहास सर्वाधिक अंग्रेजी भाषा में लिखे गये हैं। संस्कृत में तो सर्वदर्शनसंग्रह जैसे ग्रन्थ, षड्दर्शनों का परिचय देने वाले आकर ग्रन्थ पुरानी सदियों में भी लिखे जाते रहे थे किन्तु जिस प्रकार हमारी दर्शन शाखाओं के इतिहासों ने जो अंग्रेजी में लिखे गए थे, विश्वविद्यालयों की दर्शन शिक्षा में एक क्रान्ति ला दी थी, अंग्रेजी से हिन्दी आदि भाषाओं में उनके अनुवादों का क्रम आज तक चल रहा है, यह सब सर्वविदित ही है।

एस. एन. दास गुप्त की *हिस्ट्री आफ इंडियन फिलोसफी* शीर्षक ग्रन्थ शृंखला (1922), डॉ. राधाकृष्णन् की *इंडियन फिलोसफी* शीर्षक ग्रन्थ शृंखला (1923) और एम. हिरियन्ना की *आउटलाइन्स आफ इंडियन फिलोसफी* (1932) के ज्ञान के बिना क्या आज कोई विद्वान् विश्वविद्यालय स्तर का दर्शनशास्त्री कहला सकता है? बेलवलेकर और रानाडे की *हिस्ट्री आफ इंडियन फिलोसफी* पहले इतनी ही प्रसिद्ध थी। के.एच.पॉटर ने भारतीय दर्शन पर जो विश्वकोषात्मक जानकारी इकट्ठी कर ग्रन्थ लिखे हैं उन्हें तथा ऐसे बीसियों अन्य ग्रन्थों को जोड़ा जाए तो स्पष्ट हो जाएगा कि भारतीय दर्शनों का विवेचन अंग्रेजी में कितना हुआ है।

इस प्रकार की वैश्विक विवेचन प्रक्रिया का प्रभाव भारतीय दर्शनों की शब्दावली पर भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यह ऐहसास मुझे तब हुआ जब भारत सरकार का शब्दावली आयोग हिन्दी में विभिन्न मानविकीय ज्ञानशाखाओं की शब्दावली तैयार कर रहा था जिसका उपयोग मैंने भी एस. एन. दास गुप्ता की *हिस्ट्री आफ इंडियन फिलासफी* के प्रथम भाषा का अनुवाद (राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के चाहने पर) हिन्दी में करते समय किया था। भारतीय दर्शनशास्त्र का इतिहास अंग्रेजी में लिखने वाले भारतीय विद्वानों ने तो हमारे दर्शनों के नाम सांख्य, वैशेषिक, वेदान्त आदि को उसी रूप

में लिखा है किन्तु अन्य देशों के विद्वान् इन्हें किस प्रकार अन्य देशों की दर्शनशाखाओं के तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में अभिहित करें इस पर बड़ा रोचक अध्ययन हो सकता है।

शब्दावली

हमारे यहाँ न्याय-वैशेषिक आदि शास्त्र जिस प्रकार का विमर्श करते हैं वह अन्य देशों के दर्शनों की दृष्टि से 'एपिस्टेमोलोजी' (Epistemology) कहा जा सकता है। इस शब्द का अनुवाद क्या 'ज्ञानमीमांसा' शब्द से किया जाए या 'तत्त्वमीमांसा' शब्द से? तत्त्वमीमांसा तो मेटाफिजिक्स (Metaphysics) भी करता है। आयोग ने उसी का पर्याय रखा है तत्त्वमीमांसा। अत: एपिस्टोमोलोजी का पर्याय प्रमाणमीमांसा उचित लगा। फिर अर्थमीमांसा क्या है? वह तो निरुक्त करता है। हमारे यहाँ न्याय, वैशेषिक आदि जो ज्ञानमीमांसा करते हैं वह तर्कशास्त्र कही जाती है। अत: पाश्चात्य दर्शनशास्त्री उसे लॉजिक (Logic) कहने लगे जो ठीक भी है। इस मीमांसा को वे डायलेक्टिक्स (Dialecties) कहते हैं अत: कुछ विद्वान् इसी नाम से न्यायवैशेषिक को समझाने लगे।

इस प्रकार पाश्चात्य अंग्रेजी शब्दावली के झरोखे से हमारे दर्शनों का परिचय देने वाले ग्रन्थों के आधार पर ऐसे अनेक नये शब्द अवतीर्ण हुए जो प्राचीन दर्शनशास्त्रों में नहीं है किन्तु उनका विवरण देने वाले अंग्रेजी ग्रन्थों के आधार पर हिन्दी में प्रचलित हो गए, उदाहरणार्थ—(Cosmology) ब्रह्माण्डमीमांसा, (Ontology) सत्तामीमांसा, (Empiricism) अनुभववाद, (Phenomonology) संवृत्तिशास्त्र, (Methodology) प्रणालीविज्ञान, (Stoicism) समबुद्धिवाद, (Metaphysics) अधिमानसिकी या तत्त्वमीमांसा, (Skepticism) संशयवाद, (Axiology) मूल्यमीमांसा, (Relativism) सापेक्षवाद। ये तो हैं शास्त्रों के नाम। इसी प्रकार के अनेक पर्याय दार्शनिक चिन्तनधाराओं के पारिभाषिक शब्दों के लिए भी उन्हें समझाने वाली अंग्रेजी शब्दों के पर्यायों के रूप में हिन्दी में अवतीर्ण हो गए। (यह बात अलग है कि गंगेशोपाध्याय ने नव्यन्याय द्वारा शब्दों की जिस अद्‌भुत बुनावट की अवतारणा की उसका अंग्रेजी में अनुवाद नहीं हो सकता था।)

इस प्रकार भारतीय दर्शनों के इतिहास का तथा दर्शनों के शास्त्रीय विमर्श के परिचय का जो वाङ्मय अंग्रेजी में लिखा गया उसके हिन्दी अनुवाद के अभियान के फलस्वरूप हिन्दी में लिखे भारतीय दार्शनिक विवेचनपरक ग्रन्थों का इस प्रकार फलकविस्तार हुआ कि उनमें संस्कृत की दार्शनिक शब्दावली तो बरकरार रही ही, प्रमाण, प्रमेय, प्रमाता, अनुमान, कार्य, कारण, गुण, दोष, समवाय, हेतु, हेत्वाभास, सामान्य, विशेष आदि किन्तु पाश्चात्य संज्ञाओं के आधार पर बनी संज्ञाएँ भी प्रविष्ट हो गईं जो ऊपर सूचित हैं। प्रमाणमीमांसा, कर्ममीमांसा, पद्धतिमूलक, सापेक्ष, निरपेक्ष आदि अनेक शब्द संस्कृत में दूसरे अर्थों में ही आते थे। 'मीमांसा' को विवेचन या विमर्श के अर्थ में आजकल हिन्दी में प्रयुक्त किया जाता है—प्राचीनकाल में संस्कृत में मीमांसा पृथक् शास्त्र का नाम था, वह भी 'मान पूजायाम्' धातु से सन्नन्त प्रक्रिया से

बना शब्द है। यह कम लोग ही जानते होंगे—जैसा चिकित्सा आदि शब्द। अनेक ऐसे नित्य सन्नन्त शब्द अर्थविशेष में रूढ़ हो गए थे। अस्तु।

हिन्दी में लेखन

इस सबका एक परिणाम यह हुआ कि शास्त्रीय विवेचन करने वाले दर्शनशास्त्रीय हिन्दी ग्रन्थों में शब्दावली के संवर्धन के कारण हिन्दी भाषा भी बहुत समृद्ध हुई। आज यह कहा जा सकता है कि हिन्दी भाषा में भारतीय दर्शनों का तथा पाश्चात्य दर्शनों की परिचायक पुस्तकें साथ ही इन दर्शनों का तुलनात्मक अध्ययन करने वाले ग्रन्थ स्तरीय हैं, ज्ञानसमृद्ध हैं, संग्रहणीय बन पड़े हैं। यह क्या परम सन्तोष की बात नहीं कि हमारे द्वारा सूचित *'भारतीय दर्शन के इतिहास'* पर लिखे गए प्रायः सभी ग्रन्थों का हिन्दी में अनुवाद प्रकाशित हो चुका है। इसके अतिरिक्त विश्व की विभिन्न दर्शनशाखाओं का परिचय कराने वाला वाङ्मय भी हिन्दी में उपलब्ध है। इसका एक सत्परिणाम यह तो हुआ ही है कि हिन्दी माध्यम भारत के अधिकतर विश्वविद्यालयों के दर्शन विभागों में लोकप्रिय भी हुआ है, समादृत भी हुआ है। आज जिस प्रकार 'ग्लोबल' (विश्वजनीन, वैश्विक स्तरीय) होने की ललक में एक वर्ग अंग्रेजी के प्रयोग को भारत में भी बढ़ावा देने में अपनी स्तरीयता समझ रहा है, विज्ञान में, विधि एवं न्याय में तथा कुछ अन्य क्षेत्रों में इसी कारण राजभाषा हिन्दी की प्रगति होते-होते रुकी सी नजर आ रही है वैसी मानविकी संकाय के विषयों में नहीं, यह हमारा सौभाग्य ही तो है।

आज हमारे देश की और इस प्रगतिकामी युग की यही सबसे बड़ी माँग है कि विज्ञानक्षेत्र में, दर्शनक्षेत्र में तथा सर्जनात्मक साहित्य के क्षेत्र में भी हमारे चिन्तक, वैज्ञानिक तथा सर्जक अंग्रेजी जैसी भाषाओं पर अधिकार अवश्य प्राप्त करें किन्तु उन भाषाओं से नवीनतम ज्ञानसामग्री का अनुशीलन कर उसकी अपनी भाषा में प्रमुखतः भारत की राष्ट्रभाषा, राजभाषा एवं विश्व की तीसरी सर्वाधिक प्रयुक्त भाषा में अवतारणा कर उसे समृद्ध करें तो वह देश की चिरस्मरणीय सेवा होगी।

प्रो. पाहि ने अपने इस ग्रन्थ में यही स्वागत योग्य कार्य किया है कि परिनिष्ठित हिन्दी में वैशेषिक दर्शन की ज्ञानमीमांसा अभिलिखित की है। इसकी शब्दावली तो पूर्णतः वही है जो कणाद से लेकर अन्नं भट्ट तक दर्शनशास्त्रियों ने प्रयुक्त की है और विशुद्ध संस्कृतनिष्ठ है किन्तु वैशेषिक दर्शन पर अब तक जो विमर्श अंग्रेजी भाषा में मूर्धन्य विद्वानों ने किया है उसकी विवेचनापद्धति और प्रक्रिया का भी अभिगम इसमें समाहित हो गया है। प्रो. पाहि ने अनेक वर्षों तक अमरीका में अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन भी किया है, अध्यापन भी। अंग्रेजी के अध्येता भलीभाँति जानते हैं कि वैशेषिक का, भारतीय तर्कशास्त्र का अनुशीलन अंग्रेजी माध्यम से भी अनेक विद्वानों ने बड़े तलस्पर्शी ढंग से किया है। आज से सौ वर्ष बल्कि उससे भी पहले सन् 1909 ई. में एस.सी. विद्याभूषण ने *'ए हिस्ट्री ऑफ द मेडिएवल स्कूल ऑफ इंडियन लॉजिक'* ग्रन्थ लिखकर बड़े उत्कृष्ट ढंग से यह कार्य किया था। एच. युई (H. UI) ने सन् 1917 ई. में *'द वैशेषिक फिलासफी'* नामक ग्रन्थ लिख दिया था। के. शास्त्री ने 1931 ई.

में 'एसेंशल्स ऑफ इंडियन लॉजिक' लिखा था तथा सन् 1939 में एस. सी. चटर्जी ने *'द न्याय थ्योरी ऑव नॉलेज'* ग्रन्थ लिखा था। फेडिगन का 'द वैशेषिक सिस्टम' और नन्दलाल सिन्हा का *'द वैशेषिक सूत्राज आफ कणाद'* भी ऐसे ही ग्रन्थ हैं।

ये सब ग्रन्थ अंग्रेजी में थे। इनमें से किस का अनुवाद हिन्दी में हुआ यह ज्ञात नहीं है किन्तु प्रो. पाहि के इस ग्रन्थ ने हिन्दी में वैशेषिक दर्शन को एक ऐसी उच्चस्तरीय ज्ञानांजलि दी है जिसका स्थान दार्शनिक ग्रन्थ भाण्डागार में बहुत ऊँचा रहेगा यह स्पष्टत: कहा जा सकता है। इस ग्रन्थ की विशेषता यह है कि इसमें अनेक न्यायसूत्रों, वैशेषिक सूत्रग्रन्थों, भाष्यों, विमर्शग्रन्थों आदि के मूल उद्धरण ससन्दर्भ शुद्धरूप से उद्धृत हैं। ज्ञानमीमांसा के प्रसंग में मीमांसकों से लेकर नैयायिकों तक के मतों का विस्तृत विवेचन है, त्रसरेणु आदि के प्रसंग में विज्ञान के अणु-परमाणु-विवेचन का भी पूर्ण विमर्श किया गया है। सभी दृष्टियों से 'गागर में सागर' की उक्ति को चरितार्थ करने वाला यह ग्रन्थ न केवल वैशेषिक दर्शन की एक अमूल्य थाती सिद्ध होगा बल्कि भारतीय चिन्तन की गहराइयों को उजागर करने वाला कालजयी ग्रन्थ सिद्ध होगा। इस दृष्टि से इसकी अवतारणा के उपलक्ष्य में प्रो. पाहि तथा इसके प्रकाशन से जुड़े समस्त सहयोगी बन्धु शतश: बधाइयों के पात्र हैं।

पूर्व अध्यक्ष, राजस्थान संस्कृत अकादमी तथा
पूर्व निदेशक संस्कृत शिक्षा एवं भाषाविभाग, राजस्थान सरकार
सी-8 पृथ्वीराज रोड, जयपुरम्-302001

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श ग्रन्थ के षष्ठ अध्याय में समुच्चय तत्त्व को स्वतन्त्र पदार्थ के रूप में सिद्ध करने के लिए अनेक युक्तियाँ प्रस्तुत की गई है (पृ. 223-227)। समुच्चय शास्त्र की विवेचना के सन्दर्भ में महत्त्वपूर्ण पारिभाषिक पदार्थों की हिन्दी रूपान्तर भी प्रस्तुत किया गया है। राजस्थान विश्वविद्यालय में तर्कशास्त्र का अध्यापन हिन्दी भाषा के माध्यम से मेरे द्वारा एकाधिक संवत्सरों में किया गया था। उस समय गणितीय तर्कशास्त्र के समस्त पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी भाषा में अर्थाधारित रूपान्तर किया गया था जो कि अभी अप्रकाशित है तथा नव्य न्याय के पदार्थों का हिन्दी में विवेचन भी मेरे द्वारा पं. महेशचन्द्र न्याय रत्न के ग्रन्थ *नव्यन्याय भाषाप्रदीप* के अनुवाद के रूप में किया गया है। वह भी अप्रकाशित है।

प्रस्तुत ग्रन्थ को हिन्दी दार्शनिक साहित्य में महत्त्वपूर्ण स्वीकार करने के लिए देवर्षि कलानाथ शास्त्री जी का हार्दिक साधुवाद।

— * —

धर्मधर्मिभेदमूलक तत्त्वमीमांसा : आचार्य विश्वम्भर पाहि के नव्य–वैशेषिक दर्शन के विशेष सन्दर्भ में

आनन्द मिश्र

वैशेषिक पदार्थव्यवस्था की उपयुक्त समझ उसके विशेष ऐतिहासिक विवेचन के बदले वैचारिक विश्लेषण से ही हो सकती है। जो चीज जरूरी है वह है वैशेषिक पदार्थव्यवस्था के आन्तरिक तर्कशास्त्र को उद्घाटित करना। देखा जाए तो वैशेषिक आचार्यों द्वारा प्रस्तुत पदार्थों की सरणी वस्तुवादी पदार्थव्यवस्था का आदर्श नमूना है। वैशेषिक आचार्य बौद्धों के विपरीत प्रथमतः वस्तुवादी हैं। अब इस वस्तुवाद का एक प्रमुख आनुषंगी सिद्धान्त है अवयव–अवयवी में, धर्म–धर्मी में भेद। इस धर्म–धर्मि भेद की आधारभूत मान्यता पर टिके वैशेषिक वस्तुवाद के लिए गुण और कर्म से पृथक् उसके आश्रयरूप द्रव्य की सिद्धि में कोई परेशानी नहीं होती है। गुण या कर्म निराधार नहीं रह सकते। उनका कोई न कोई आश्रय अवश्य होगा, वह आश्रय ही द्रव्य है। कणाद जब **'क्रियागुणवत् समवायिकारणमिति द्रव्यलक्षणम्'** कहते हैं तो वस्तुतः वे यही कहना चाहते हैं। इससे पूर्व बौद्धों का कहना था कि गुणों से पृथक् द्रव्य की सत्ता को, धर्म से पृथक् धर्मी को, अवयवों के संघात से अतिरिक्त अवयवी पदार्थ को मानने की कोई जरूरत नहीं है। इस पर वैशेषिक आचार्यों का कहना है कि धर्मी धर्म से, अवयवी अवयव से भिन्न होता है। अतः गुण और क्रिया से भिन्न तदाश्रय रूप द्रव्य की सत्ता निर्विवाद है। देखा जाए तो गुणों या क्रियाओं के आश्रय रूप में गुणी या क्रियावान् की पृथक् सत्ता को मानने वाले वे ही हो सकते हैं जो सामान्य को किसी न किसी रूप में मानते हों। बौद्धों के लिए विशिष्ट अनुभूतियाँ ही सत्य हैं, इन अनुभूतियों के संघात से भिन्न कोई 'वस्तु' नहीं है। अब जब घट, पटादि वस्तु ही संघात है तो फिर घटत्व, पटत्व तो निरे विकल्प ही ठहरते हैं। लेकिन यह सहज रूप से देखा जा सकता है कि जब तक हम 'घटत्व, 'पटत्व' जैसे सामान्यों को नहीं मानेंगे और बौद्ध इस तरह के अनेकानुगत सामान्य को नहीं मानते तब तक घट, पट आदि की स्वतंत्र सत्ता नहीं मानी जा सकती । अस्तु, वैशेषिक पदार्थव्यवस्था में 'सामान्य' एक स्वतन्त्र पदार्थ तो है ही, जो महत्त्वपूर्ण है वह यह कि इसका स्वतन्त्र पदार्थत्व ही 'द्रव्य' सिद्धि का प्रधान कारणभूत बनता है। पुनश्च यदि द्रव्य अनेक हैं जैसा कि बहुतत्त्ववादी वैशेषिक मानते हैं तो फिर जहाँ एक तरफ एक ही तरह के विभिन्न द्रव्यों की निजता को व्याख्यायित करने

के लिए 'विशेष' नामक पदार्थ को मानना जरूरी हो जाता है वहीं नानात्व और भेद की सिद्धि के लिए 'अभाव' को स्वतंत्र पदार्थ के रूप में मानना अनिवार्य हो जाता है। यही नहीं, देखा जाए तो 'सामान्य' की भी सत्ता 'अभाव' की पूर्वापेक्षा रखती है। विभिन्न घटों में रहने वाला 'घटत्व', पटों में रहने वाले 'पटत्व' से भिन्न है। इसी तरह 'पटत्व' का घट में सर्वथा अभाव है। अब ये सब बातें 'अभाव' की पूर्वापेक्षा रखती हैं। एवंप्रकारेण हम देख सकते हैं कि वैशेषिक पदार्थव्यवस्था के विभिन्न पदार्थ किस प्रकार परस्पर एक दूसरे से जुड़े हुए हैं और उनका अस्तित्व अन्यों पर निर्भर करता है। जहाँ तक 'समवाय' का प्रश्न है तो यह सहज समझा जा सकता है कि किस प्रकार वैशेषिक पदार्थव्यस्था के ढाँचे में यदि विभिन्न पदार्थ ईंटों का काम करते हैं तो समवाय गारे का। समवाय जहाँ गुण, कर्म, सामान्य एवं विशेष को द्रव्य के साथ जोड़ता है वहीं सामान्य को गुणों तथा कर्मों से तथा अवयवी को अवयव से भी सम्बद्ध करता है।

यहाँ धर्मधर्मिभेद पर किंचित् विस्तार से चर्चा अपेक्षित होगी जिसे प्रो0 विश्वम्भर वैशेषिक तत्त्वमीमांसा की आधारभूत मान्यता के रूप में स्वीकार करते हैं। पाहि के अनुसार सम्पूर्ण वैशेषिक पदार्थव्यवस्था उसके धर्मधर्मिभेदमूलक आधारभूत मान्यता से निगमित होती है।1 न्यायवैशेषिक दर्शन धर्मधर्मिभेद को स्वीकार करता है। इसके विपरीत सांख्य का सिद्धान्त धर्मधर्मितादात्म्य का है, वहीं बौद्ध धर्ममात्रसद्भाव के सिद्धान्त को मानते हैं जबकि वेदान्ती धर्मिमात्रसद्भाव के सिद्धान्त को। न केवल सम्पूर्ण न्यायवैशेषिक पदार्थव्यवस्था अपितु उसके कारणतादि अन्य दूसरे सिद्धान्तों का आधार यह आधारभूत धर्मधर्मिभेद सिद्धान्त है। धर्मधर्मिभेद सिद्धान्त से तात्पर्य है कि धर्म से पृथक् धर्मी की, गुण से पृथक् द्रव्य की या अवयवों से अतिरिक्त अवयवी की पृथक् सत्ता है तथा अवयव और अवयवी भिन्न-भिन्न हैं। जब हम किसी वस्तु यथा घट, पट आदि को देखते हैं और उसके अन्दर रूप, स्पर्श, लम्बाई, चौड़ाई आदि अनेक गुणों को या हिलने-डुलने आदि की क्रिया देखते हैं तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या वे वस्तु जिसमें गुण, क्रिया आदि अनेक प्रकार के धर्म दिखते हैं वे उन धर्मों से भिन्न हैं। अर्थात् क्या पट और पट का रूप ये दोनों अलग-अलग वस्तुएँ हैं अथवा दोनों एक ही वस्तुएँ हैं अथवा कोई अन्य स्थिति है ? नैयायिकों का उपर्युक्त समस्या के समाधान में कहना है कि 'पट' और 'पटरूप' तत्त्वतः दो भिन्न वस्तुएँ हैं यद्यपि वे एक साथ पायी जाती हैं। वे दोनों इतनी भिन्न-भिन्न हैं कि इनके कारण भी भिन्न-भिन्न हैं। जिस प्रकार 'पट' 'पटरूप' से भिन्न है, उसी प्रकार पट में रहने वाली गति या क्रिया भी पट से भिन्न वस्तु है। इसी प्रकार पट में रहने वाला पटत्व (सामान्य) भी पट से भिन्न है। इन 'रूप' आदि धर्मों से भिन्न सर्वथा पृथक् 'पट' किस प्रकार की वस्तु है, इस पर न्याय कहता है कि रूप आदि धर्मों से भिन्न धर्मी का अनुभव मनुष्य की सामान्य बुद्धि को साक्षात् रूप से होता है, इसका निषेध नहीं किया जा सकता। इस प्रकार धर्मधर्मिभेद न्यायवैशेषिक सम्प्रदाय का आधारभूत सिद्धान्त है। यहाँ बौद्ध, वेदान्ती आदि कह सकते हैं कि यदि 'पट' और 'पटरूप' सर्वथा भिन्न वस्तु होते तो कभी तो

गौ–अश्व के समान अलग–अलग पाये जाते । इस पर न्यायवैशेषिक कहता है कि पट और पटरूप, द्रव्य और गुण, धर्मी और धर्म यद्यपि सर्वथा भिन्न वस्तु हैं, परन्तु इनका यह भी स्वभाव है कि उनमें एक वस्तु ऐसी है जो दूसरी के बिना नहीं पायी जाती अर्थात् 'पटरूप' पट के बिना कभी नहीं पाया जाता। ऐसी वस्तुओं के परस्पर सम्बन्ध को समवाय कहते हैं। एवंप्रकारेण हम देखते हैं कि न्यायवैशेषिक आचार्य पहले तो दार्शनिक विश्लेषण के द्वारा एक साथ प्रतीत होने वाले द्रव्य और गुण या कर्म को अलग–अलग कर देते हैं, फिर उनको जोड़ने के लिए समवाय नामक एक नए पदार्थ की कल्पना करते हैं। बहरहाल, हम देख सकते हैं कि 'समवाय' का सिद्धान्त धर्मधर्मिभेद सिद्धान्त का आनुषंगी सिद्धान्त है। इसी तरह देखा जाए तो इस सिद्धान्त के आधार पर ही द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य और समवाय पदार्थों की अवाप्ति होती है। यहाँ सहज ही यह प्रश्न उठता है कि न्यायवैशेषिक दार्शनिक आखिर क्यों द्रव्य और गुण, पट और पटरूप जो वस्तुतः अलग–अलग नहीं प्रतीत होते उनको अलग–अलग कहते हुए उन्हें तत्त्वतः भिन्न बतलाता है और द्रव्य, गुण, कर्म, समवाय जैसे पदार्थों को अपनी पदार्थव्यवस्था में स्थान देता है। जाहिर है बाह्य जगत् के अस्तित्व को मानने के लिए नैयायिकों को यह आवश्यक हो जाता है कि वे धर्मधर्मिभेद स्वीकार करें । यहाँ यह प्रश्न उठाया जा सकता है कि बाह्यार्थवाद या कहिए कि वस्तुवाद और धर्मधर्मिभेद में कौन सिद्धान्त मौलिक व आधारभूत है? विश्वम्भर पाहि के अनुसार यह धर्मधर्मिभेद होगा। धर्मधर्मिभेद के आधार पर ही द्रव्य, गुण, कर्म, समवाय जैसे पदार्थों की प्राप्ति होती है और असत्कार्यवाद जैसे कारणता के सिद्धान्तों का निगमन होता है। हाँलाकि यह कहा जा सकता है कि यदि हम आधारभूत सिद्धान्त वस्तुवाद मानें तो जहाँ उससे हमें धर्मधर्मिभेद की प्राप्ति हो जाती है और फलतः द्रव्य गुण, कर्म, समवाय जैसे पदार्थों की स्वीकृति के पीछे का तर्क मिल जाता है, वहीं सामान्य और अभाव जैसे पदार्थों की स्वीकृति के पीछे का आधार भी स्पष्ट हो जाता है और सविकल्पक प्रत्यक्षवाद, प्रतिसन्धानवाद आदि की भी सम्यक् व्याख्या हो जाती है।

यहाँ ध्यातव्य है कि यद्यपि सांख्य दर्शन भी बाह्यार्थवादी है, वह भी धर्म और धर्मी दोनों को यथार्थ मानता है, परन्तु वह नैयायिकों की तरह धर्म–धर्मी में भेद न मानकर उनमें अभेद स्वीकार करता है। सांख्य का पक्ष है कि द्रव्य और गुण, कारण और कार्य दोनों ही यथार्थ हैं, वास्तविक हैं, पर इससे यह निगमित नहीं होता है कि दोनों भिन्न–भिन्न हैं। सही तो यह है कि कथित गुण या कार्य वस्तुतः द्रव्य या कारण की ही अवस्था विशेष है। पर तन्तु से भिन्न नहीं, कुण्डल स्वर्ण से भिन्न नहीं अपितु उसी की अवस्था है। अब धर्म और धर्मी दोनों को यथार्थ मानना तथा साथ ही उन्हें अभिन्न मानना आत्म–विरोध को ही प्रदर्शित करता है । वस्तुतः इस तरह का मत अन्ततः बाह्यार्थ के निषेध में ही पर्यवसित होता है। कार्य–कारण, गुण–द्रव्य या धर्म–धर्मी का अभिन्नत्व अन्ततः जगत व जागतिक भेदों को भ्रामिक व काल्पनिक सिद्ध करता है। इसीलिए हम देख सकते हैं कि एक सुसंगत परिणामवादी सिद्धान्त या सत्कार्यवाद का

सिद्धान्त विवर्तवाद में फलित होता है। वेदान्त परिणामवाद को उसकी परिणति तक पहुँचाता है। यदि कार्य कारण से अभिन्न है, गुण द्रव्य से अभिन्न है तो फिर कारण या द्रव्य की ही सत्ता को माना जा सकता है। गुण-पर्याय रूप सकल जगत् या समस्त कार्यजगत् वस्तुतः भ्रम मात्र सिद्ध होता है। यदि गुण कार्य से भिन्न नहीं है, कार्य कारण से भिन्न नहीं है तो फिर उनके याथार्थ्य को कैसे स्वीकारा जा सकता है। वे वाचारम्भण मात्र हैं, मिथ्या हैं, भ्रामिक हैं। वस्तुतः सांख्य का बाह्यार्थवाद उसकी मूल निष्ठा का विषय नहीं है, उसकी मूल निष्ठा प्रकृति-पुरूष के भेद या आत्म-अनात्म के भेद प्रदर्शन में है। इसी कारण प्रो. पाहि सांख्य को याज्ञवल्कीय परम्परा का दर्शन बताते हैं। दूसरी ओर काणादीय परम्परा के दार्शनिकों की मूल निष्ठा लोक प्रतीति की सुसंगत व्याख्या में है। यह लोकप्रतीति बाह्यार्थ के अस्तित्व को मानकर चलती है। अब बाह्यार्थ की सुसंगत व्याख्या हेतु हमें गुण-द्रव्य, कार्य-कारण, अवयव-अवयवी या कहिए कि धर्म व धर्मी दोनों की यथार्थता को मानना होगा, साथ ही उनके भेद को मानना होगा। न्याय, वैशेषिक, भाट्ट, प्राभाकर, जैन व वैष्णव वेदान्ती सभी एक स्वर से बाह्यार्थ की रक्षा के लिए न केवल धर्म व धर्मी दोनों की सत्ता को यथार्थ मानते हैं, बल्कि उनकी भिन्नता को भी स्वीकार करते हैं। यहाँ कहा जा सकता है कि ऐसा क्यों माना जाए कि धर्म व धर्मी दोनों को बाह्यार्थ की सिद्धि के लिए मानना आवश्यक है, जब भेद व व्यवहार की सिद्धि धर्मों को मानने से ही हो सकती है तो फिर धर्मों की ही सत्ता को क्यों न माना जाए, क्यों धर्मों के अतिरिक्त धर्मी की भी सत्ता मानी जाए। यहाँ ध्यातव्य है कि जिस प्रकार वेदान्त मात्र धर्मी को ही यथार्थ कहता है और धर्म को काल्पनिक बताता है उसी प्रकार बौद्ध ठीक उलट केवल धर्म की ही सत्ता मानता है। (अभिधार्मिक) बौद्ध धर्म मात्र की सत्ता मानते हैं। बौद्धों का विचार है जब हम घट पटादि वस्तुओं को देखते हैं तो उसके रूप, स्पर्श आदि गुणों के सिवाय उसके अधिष्ठान रूप किसी द्रव्य को मानने की कोई आवश्यकता नहीं है और न ही उसके लिए प्रमाण या तर्क है। कथित द्रव्य या धर्मी कल्पना मात्र है। 'रूप' आदि धर्म ही यथार्थ हैं, वास्तविक हैं। इन विच्छिन्न, क्षणरूप धर्मों की ही सत्ता है, इसके अतिरिक्त कोई द्रव्य या तत्त्व नहीं है। यहाँ यह सहज समझा जा सकता है कि इस प्रकार के सिद्धान्त को यद्यपि परम्परा में विज्ञानवाद के विपरीत बाह्यार्थवाद के रूप में परिकल्पित किया जाता है तथा वैभाषिकों को इसके कट्टर समर्थक के रूप में चिह्नित किया जाता है, पर इससे भी अन्ततः बाह्य जगत् का प्रज्ञप्यमानत्व ही सिद्ध होता है। स्थिर वस्तु-द्रव्यों के रूप में प्रतीयमान सारा जगत् अन्ततः प्रज्ञप्ति मात्र सिद्ध होता है। अस्तु, लोकानुभव की सम्यक् व्याख्या के लिए हमें न केवल धर्मों को अपितु धर्मी को-दोनों को-यथार्थ मानना होगा तथा उनको भिन्न-भिन्न भी मानना होगा।

धर्म-धर्मी भेद सिद्धान्त का ही अनुषंगी सिद्धान्त है अवयव-अवयवी भेद जो न्याय-वैशेषिक वस्तुवाद का आधारभूत सिद्धान्त है। अवयवी अवयवों का समूह या संघात मात्र नहीं है, वह अवयवों से पृथक् एक नई वस्तु है। अवयवों से पृथक् अवयवी

की अतिरिक्त सत्ता को न तो याज्ञवल्कीय परम्परा के सांख्य व वेदान्त जैसे दर्शन स्वीकार करते हैं और न ही अवैदिक बौद्ध दार्शनिक। जबकि न्याय-वैशेषिक आचार्यों की पूरी पदार्थ व्यवस्था इस अवयव-अवयवी भेद पर आधारित है। इन आचार्यों के मत में अवयवों से अतिरिक्त अवयवी की स्वतन्त्र सत्ता है। पट तन्तुमात्र नहीं है, वह तन्तुओं का समूह ही नहीं है, वह उनसे (उनमें) उत्पन्न एक नितान्त नई सृष्टि है। देखा जाए तो यह सिद्धान्त ही नैयायिकों को असत्कार्यवादी बनाता है। दूसरी ओर सांख्यों के अनुसार पट तन्तुओं से अतिरिक्त कोई नई वस्तु नहीं है। तन्तु ही पट रूप में आ जाता है। इसी कारण सांख्य सत्कार्यवादी हैं जबकि न्यायवैशेषिक असत्कार्यवादी। तन्तु रूप अवयवों से नितान्त नवीन पट की उत्पत्ति होती है। अतः कार्य एक नई सृष्टि है, नया आरम्भ है, इसे उसके कारणरूप अवयवों में विघटित नहीं किया जा सकता है। नैयायिकों का कहना है कि तन्तुओं का समूह मात्र पट नहीं है, इसी तरह कपालों का समूह घट नहीं है। अवयवों से पृथक् अवयवी को मानने पर ही सकल दृश्यमान वैविध्य की व्याख्या हो पाएगी, वस्तु जगत् के स्थायित्व की उपपत्ति हो पाएगी तथा प्रमातृ-प्रमेय व्यवहार सम्भव हो पाएगा। अन्यथा कारण की ही सत्ता रह जाएगी-चाहे वह कारण विशृंखलित परमाणु हों, अथवा स्वलक्षण अथवा अविच्छिन्न प्रकृति या निर्विशिष्ट ब्रह्म। यहाँ ध्यातव्य है कि अवयवों से पृथक् अवयवी को नैयायिक वहीं मानते हैं जहाँ अवयवों से एक नई वस्तु की सृष्टि होती है जैसे तन्तुओं से पट की उत्पत्ति के उदाहरण में। दूसरी ओर 'वृक्षों का समूह' वन तथा 'मनुष्यों का समूह' सेना समूह मात्र है कोई नूतन अवयवी नहीं। वास्तव में वृक्ष और मनुष्य अन्त्यावयवी हैं और अन्त्यावयवी पदार्थों का समूह ही विनिर्मित हो सकता है, उनसे नए अवयवी विनिर्मित नहीं हो सकते।[2]

बौद्ध दार्शनिक इस अवयवीवाद का खण्डन करते हैं। उनके अनुसार अलग-अलग विच्छिन्न क्षण रूप धर्मों-स्वलक्षणों-या परमाणु रूप अवयवों से पृथक् किसी नवीन अवयवी को मानने की जरूरत नहीं है। कथित पिण्ड वस्तुतः इनके संघात मात्र हैं-इनसे उत्पन्न कोई नहीं वस्तु नहीं। घट, पट आदि वस्तुएँ वस्तुतः परमाणुओं के संघात मात्र हैं, उनसे विलक्षण कोई नवीन वस्तु नहीं। मोक्षाकर गुप्त *तर्कभाषा* में कहते हैं कि अवयवों से पृथक् अवयवि द्रव्य किसी रूप में अनुभव का विषय नहीं बनता। हम वस्तुओं के पूर्वापरादि भागों को देखते हैं, किसी अवयवी द्रव्य को नहीं—**तथाहि घटादौ परिदृश्यमाने पूर्वापरादिभागं विहाय नान्यत् किञ्चिद् एकमवयविद्रव्यमुपलभामहे।**[3]

पाहि कहते हैं कि अवयवों के संघात से अतिरिक्त अवयवी तत्त्व तथा व्यक्तियों से भिन्न जाति तत्त्व के बिना न्याय-वैशेषिक पदार्थव्यवस्था की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। दूसरी ओर बौद्ध इस प्रकार के किसी अवयवी अथवा सामान्य की सत्ता का खण्डन करते हैं। बौद्धों के लिए हमारे ज्ञान के विषय स्वलक्षण हैं। जबकि न्याय वैशेषिक आचार्य अनुभव की सम्यक् व्याख्या करते हुए अनुभव में प्रस्तूयमान घट, पट, वृक्ष आदि वस्तुओं को ही ज्ञान का विषय बताते हैं। दूसरे शब्दों में उनके अनुसार

विषय न अलग-अलग विच्छिन्न क्षण या परमाणु या अवयव है, न ही उनका संघात है अपितु अवयवों से पृथक् एक अवयवी रूप द्रव्य है। प्रो. पाहि कहते हैं "अवयवी के पदार्थत्व एवं प्रत्यक्षविषयत्व न्यायवैशेषिक तत्त्वमीमांसा में पदार्थसिद्धि के प्रक्रिया के आधार हैं। घट, पट, वृक्षादि स्थूल पदार्थों को प्रत्यक्षसिद्ध तत्त्वों के रूप में स्वीकार न करने पर द्रव्य, गुण, कर्म आदि पदार्थों की सिद्धि निराधार हो जाती है।"[4] गौतम *न्यायसूत्र* में कहते हैं कि यदि अवयवी को न माना जाए तो वस्तु का उसकी समग्रता में ग्रहण हो ही नहीं पाएगा—**सर्वग्रहणमवयव्यसिद्धेः**।[5] वात्स्यायन स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि यदि अवयवी सिद्ध न होगा तो 'सर्व' का ग्रहण नहीं होगा। यह 'सर्व' क्या है ? द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय। ये द्रव्य आदि तो दर्शनविषय (अवयवी) में ही रहते हैं, अवयवी के न रहने पर वे निरधिष्ठान होते हुए कैसे प्रत्यक्ष होंगे ? 'कुम्भोऽयं श्याम एको महान् संयुक्तः स्पन्दते अस्ति मृन्मयश्च' इस प्रकार का व्यवहार अवयवी के लिए देखा जाता है, अवयव के लिए नहीं। गुणादि धर्म इसी अवयवी (घट द्रव्य) में है, न कि अवयव समूह में। पुनः गौतम कहते हैं कि यदि अवयव से पृथक् अवयवी रूप द्रव्यान्तर को नहीं माना जाए तो धारण (इकट्ठा पकड़कर उठाना) तथा आकर्षण (इकट्ठा खींचना) की उपपत्ति नहीं हो पाएगी-धारणाऽकर्षणोपपत्तेश्च।[6] न्यायसूत्र 2/1/31 से 2/1/37 तक विषयपरीक्षाप्रकरण में तथा 4/2/4 से 4/2/17 तक अवयविप्रकरण में अवयवी सम्बन्धी विस्तृत चर्चा प्राप्त होती है। चर्चा का आरंभ गौतम बड़े ही रोचक ढंग से इस प्रश्न से करते हैं कि क्यों नहीं वृक्षादि के कथित प्रत्यक्ष को अनुमान ही कहा जाए क्योंकि प्रत्यक्ष में तो वृक्षादि के एकदेश का ही तो ग्रहण होता है। आगे के सूत्रों में गौतम के उत्तर की व्याख्या करते हुए वात्स्यायन कहते हैं कि प्रत्यक्ष हो अथवा अनुमान, उनके विषय की व्याख्या के लिए हमें यह मानना होगा कि विषय का उसकी सम्पूर्णता में ही ग्रहण होता है। और विषयक का उसकी सम्पूर्णता में ग्रहण करने के लिए यह मानना होगा कि अवयवों से पृथक् अवयवी अन्य ही है और यह एक अवयवी द्रव्य ही हमारे प्रत्यक्ष आदि का विषय बनता है न कि अवयवों का संघात।

अवयवी की सिद्धि हेतु सबसे महत्वपूर्ण तर्क प्रतिसन्धान का तथ्य है। जिस मेज को मैं देख रहा हूँ उसी का स्पर्श हाथ से कर रहा हूँ। इस प्रकार का प्रतिसन्धान यह सिद्ध करता है कि वस्तुतः चक्षुरिन्द्रिय व स्पर्शेन्द्रिय से एक ही धर्मी रूपी मेज का अनुभव होता है। व्योमशिवाचार्य कहते हैं-रूपं हि चक्षुसैव गृह्यते स्पर्शस्त्वगिन्द्रियेण। द्वीन्द्रियग्राह्यं तु द्रव्यम्। कथमेतत्? प्रतिसन्धानात्। तथा हि-यमहमद्राक्षं चक्षुषा तमेव स्पृशामि, यं चास्पृशं तमेव पश्यामीति। न चैं द्वाभ्यामिन्द्रियाभ्यामेकार्थग्रहणं विना प्रतिसन्धानं न्याय्यम्। रूपस्पर्शयोश्च प्रतिनियतेन्द्रियग्राह्यत्वादेतन्न सम्भवतीति।[7]

आचार्य पाहि के अनुसार नैयायिक घट, पटादि अवयवियों के प्रतिसन्धान के तथ्य से उनके तथा प्रतिसन्धाता रूपी ज्ञाता के एकत्व, अक्षणिकत्व एवं असंघातस्वरूप की सिद्धि एक साथ ही कर लेते हैं। प्रतिसन्धान की प्रामाणिकता से ही ज्ञाता एवं ज्ञेय में

परस्पर भेद, उनका अक्षणिकत्व व एकत्व सिद्ध हो जाता है। उक्त प्रकार के प्रतिसन्धान का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वात्स्यायन कहते हैं कि मैंने चक्षुरिन्द्रिय से जिसका ग्रहण किया था उसका स्पर्शेन्द्रिय से भी ग्रहण कर रहा हूँ, मैंने जिसका स्पर्शेन्द्रिय से ग्रहण किया था उसका दर्शन चक्षु से कर रहा हूँ। यहाँ पर चाक्षुष एवं स्पार्शन प्रत्यक्षरूपी ज्ञान द्वय एकविषयक तथा एकाश्रयक रूप में प्रतिसन्धीयमान होते हैं, न कि संघातकर्तृक अथवा किसी एक इन्द्रियकर्तृक (चक्षु या स्पर्श) के रूप में : **यमहमद्राक्षं चक्षुषा तं स्पर्शनेनापि स्पृशामि । यं चास्पार्क्षं स्पर्शनेन तं चक्षुषा पश्यामीति। एकविषयौ चेमौ प्रत्ययावेककर्तृकौ प्रतिसन्धीयेते, न च संघातकर्तृकौ, नेन्द्रियेणैककर्तृकौ।**[8] प्रो. पाहि कहते हैं कि उपर्युक्त उदाहरण से जहाँ एक तरफ रूप तथा स्पर्शगुणविशिष्ट संघातेतर धर्मी रूप विषयतत्त्व का अस्तित्व, अक्षणिकत्व एवं एकत्व सिद्ध हो जाता है वहीं दूसरी तरफ चाक्षुष तथा स्पार्शन प्रत्यक्ष के कर्त्ता के रूप में असंघातस्वरूप धर्मी रूपी आत्मतत्त्व का अस्तित्व, अक्षणिकत्व एवं एकत्व भी सिद्ध हो जाता है।

एक अवयवी द्रव्य रूपी विषय की सिद्धि इस बात से भी होती है कि यह अवयवी द्रव्य या धर्मी किसी एक प्रमाणविशेष से ही नहीं अपितु कई एक प्रमाणों का एक साथ विषय बनता है। दूसरे शब्दों में कहें तो एक विषय का ज्ञान एक ही नहीं अपितु कई एक प्रमाणों द्वारा संभव होने का तथ्य अर्थात् प्रमाणसम्प्लवन की संभावना विषय के स्वरूप को अवयवी रूप या धर्मीरूप सिद्ध करता है। यहाँ ध्यातव्य है कि एक विषय में अनेक प्रमाणों की प्रवृत्ति को प्रमाणसम्प्लव कहा जाता है—**एकस्मिन् विषयेऽनेकप्रमाणप्रवृत्तिः सम्प्लवः।**[9] न्यायवैशेषिकों के इस सिद्धान्त के खिलाफ बौद्ध प्रमाणव्यवस्थावाद में विश्वास करते हैं। जिसके अनुसार एक विषय का ग्रहण एक से अधिक प्रमाण से संभव नहीं है। भाष्यकार वात्स्यायन कहते हैं कि जब कोई व्यक्ति आप्तवाक्य से देश विशेष में अग्नि होने के ज्ञान के अनन्तर उस देश के प्रति अग्रसर होता है एवं धूम दर्शन से वहाँ पर अग्नि होने का अनुमान करता है, तब तीन भिन्न-भिन्न प्रमाणों से एक ही वह्नि का ज्ञान होता है। यह सही है कि प्रत्यक्ष में वस्तु का ग्रहण भिन्न ढंग का तथा अनुमान में उसका ग्रहण भिन्न ढंग का होता है। यही सही है कि चाक्षुष प्रत्यक्ष से वस्तु जिस ढंग से गृहीत होती है उसी प्रकार का ग्रहण स्पार्शन प्रत्यक्ष से नहीं होता है। पर इन सब ज्ञानों में धर्मी रूप विषय एक ही होता है। देखा जाए तो इस धर्मिनिष्ठ विषयता की अपेक्षा से ही प्रमाणसम्प्लव की बात कही जाती है-**"कथं तर्हि तेषां सम्प्लवः, सर्वत्र विषयभेदस्यदर्शितत्वात्? सत्यम्, धर्म्यभिप्रायेण सम्प्लवः कथ्यते।"**[10] अर्थात् प्रमाणसम्प्लव धर्मी के अभिप्राय से होता है। विभिन्न ज्ञान की उक्त स्थितियों में धर्मी वही रहता है। उसी अग्नि रूपी धर्मी के बारे में शब्द ज्ञान होता है, धूम हेतु से अनुमान होता है तथा लालिमा, दाहकता आदि धर्मों सहित धर्मी का प्रत्यक्ष होता है। वस्तुतः जब उद्योतकर यह कहते हैं कि गन्धादि के ग्रहण में व्यवस्था है और पृथिवी आदि के ग्रहण में सम्प्लव तो वे भी वस्तुतः यही कहना चाहते हैं कि धर्मी सामान्य, द्रव्य सामान्य या अवयवी सामान्य के ग्रहण में विभिन्न प्रमाणों का सम्प्लव मानना होगा। एक

ही प्रमाण द्वारा विभिन्न कालों में उसी धर्मी, अवयवी द्रव्य के ग्रहण को स्वीकार करना न्यायसम्मत वस्तुवाद की रक्षा के लिए अत्यन्त अनिवार्य है। इस अनिवार्यता की ओर संकेत करते हुए प्रो. पाहि कहते हैं कि निरंकुश इन्द्रिय व्यवस्थावाद संघातवाद के लिए आधार प्रस्तुत करता है। धर्मधर्मिभेदमूलक तत्त्वमीमांसा के निर्माण के लिए प्रमाणव्यवस्थावाद तथा निरंकुश इन्द्रियव्यवस्थावाद का खण्डन करना काणादीय परम्परा के दार्शनिकों के लिए अपनी प्राणरक्षा का प्रश्न है।[11] यहाँ ध्यातव्य है कि रूप, रस, स्पर्श, गन्ध आदि बाह्येन्द्रियग्राह्य गुण रूपी विषयों के स्थल में इन्द्रियसंकर संभव न होने से इन्द्रियव्यवस्था स्वीकार करना आवश्यक है। पर इस तरह की इन्द्रिय व्यवस्था कहीं न कहीं संघातवाद की ओर ले जाती है। इस संघातवाद के खण्डन के लिए धर्म से पृथक् द्रव्य की सत्ता की स्वीकृति अनिवार्य है। इसीलिए प्रो. पाहि कहते हैं कि लोक प्रतीति के अनुरूप घट, पट आदि अवयवियों में इन्द्रियसम्प्लव तथा रूप, रस, स्पर्श, गन्धादि गुणों का यथाक्रम चक्षु, रसना, स्पर्श एवं घ्राणेन्द्रिय द्वारा संयुक्तसमवायरूपी सन्निकर्ष द्वारा ग्रहण स्वीकार करना आवश्यक है। जो घट चक्षु से गृहीत होता है वही पुनः स्पर्शेन्द्रिय से भी गृहीत होता है।[12]

उपर्युक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि 'वस्तु' तत्त्व की सिद्धि व उसका अवगाहन वैशेषिक दर्शन का मुख्य लक्ष्य है। यह वस्तुतत्त्व ज्ञानबाह्य व स्वतन्त्र है। यह न तो मात्र धर्म रूप है और न मात्र धर्मी रूप तथा साथ ही यह न तो शुद्ध सत् मात्र है। वैशेषिक आचार्य इसे 'पदार्थ' की संज्ञा से अभिहित करते हैं। पदार्थ-धर्म-मीमांसा ही वैशेषिक दर्शन का मुख्य कार्य रहा है। वैशेषिक मूल में पदार्थशास्त्र है, एक पदार्थ-व्यवस्था है। वैशेषिक आचार्यों के अनुसार जगत् में ऐसी कोई वस्तु नहीं है जो अज्ञेय और अनभिधेय है। जो कुछ भी है वह अभिधेय और प्रमेय है। इस प्रमेय जगत् को परम्परागत वैशेषिक आचार्य सप्त पदार्थों में वर्गीकृत करते हैं-द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय और अभाव। मूलतः यह पदार्थ-व्यवस्था धर्म-धर्मी व्यवस्था में विश्लेष्य है। इस पदार्थ-व्यवस्था के आन्तरिक तर्क को उद्घाटित करना आचार्य विश्वम्भर पाहि का मूल लक्ष्य रहा है। सुगठित पदार्थ-व्यवस्था कतिपय अन्य पदार्थों की अपेक्षा रखती है तथा एतद् विषयक परम्परागत मत में कई एक संशोधनों की बलवती आवश्यकता महसूस करती है। पाहि अपने अध्ययन में यही दिखाते हैं और तदनुरूप प्रयास करते हैं। इस दृष्टि से उनका अध्ययन जहाँ एक तरफ भासर्वज्ञ और रघुनाथ शिरोमणि की परम्परा को आगे बढ़ाता है वहीं दूसरी ओर फ्राउवाल्नर के ऐतिहासिक, डी. एन. शास्त्री के ज्ञानमीमांसीय और हाल्बफास के सत्तामीमांसीय अध्ययनों की अपेक्षा अधिक तार्किक विवेचना प्रस्तुत करता है।

सन्दर्भ एवं टिप्पणियाँ

1. तात्त्विक सिद्धान्त की दृष्टि से भारतीय दर्शन की दो प्रमुख धाराएँ हैं-एक वैदिक नित्यवाद की धारा तथा दूसरी बौद्ध सन्तानवाद की धारा। प्रथम धारा जहाँ नित्यवाद, आत्मवाद व द्रव्यवाद

की दार्शनिक विचारधाराओं को पोषित करती है वहीं दूसरी धारा अनित्यवाद, अनात्मवाद व अद्रव्यवाद को परिपुष्ट करती है। बौद्ध सन्तानवाद के विपरीत वैदिक नित्यवाद की दार्शनिक परम्पराओं को आचार्य विश्वम्भर पाहि दो मूल धाराओं में प्रवाहित होते देखते हैं। पाहि का मन्तव्य है कि जहाँ नित्यवाद की पोषक कुछ परम्परायें आत्म व अनात्म या विषयी व विषय के भेद पर मूलतः आधारित हैं वहीं दूसरी ओर कुछ अन्य परम्परायें धर्म एवं धर्मी के भेद पर आधारित हैं। प्रथम धारा के पोषक दार्शनिकों का मानना है कि विषयी एवं विषय, आत्म एवं अनात्म परस्पर अत्यन्त भिन्न एवं विरूद्ध स्वभाव के हैं । अतः इनका स्वरूप निरूपण अलग-अलग प्रारूपों की अपेक्षा रखता है। वैदिक नित्यवाद की इस धारा को पाहि याज्ञवल्कीय धारा बताते हैं तथा उनका मानना है कि कपिल प्रोक्त सांख्य, पतंजलि का योग-प्रस्थान तथा अद्वैत वेदान्त इस याज्ञवल्कीय धारा के प्रमुख दर्शन हैं। इस याज्ञवल्कीय धारा का आधारभूत सिद्धान्त विषय-विषयी भेद का सिद्धान्त है जिसका निर्वचन *बृहदारण्यकोपनिषद्* में याज्ञवल्क्य की उस उक्ति में प्राप्त होता है जिसमें वे कहते हैं 'येनेदं सर्वं विजानाति तं केन विजानीयात् .....विज्ञातारमरे केन विजानीयात्।' विषय तत्त्व की तत्त्वमीमांसीय परतन्त्रता, विषयी का एकत्व-अनेकत्व तथा विषयी-विषय के सम्बन्ध आदि की समस्यायें याज्ञवल्कीय परम्परा के अन्तर्विवाद के प्रमुख विषय रहे हैं। इस परम्परा के दार्शनिक सामान्य की सत्ता को सिरे से खारिज करते हैं।

वैदिक नित्यवाद की याज्ञवल्कीय परम्परा से भिन्न दूसरी परम्परा को विश्वम्भर पाहि काणादीय परम्परा की संज्ञा से व्यंजित करते हैं। काणादीय परम्परा धर्मधर्मिभेदमूलक तत्त्वमीमांसीय विश्लेषण पर आधारित है। "इस परम्परा में आत्म एवं अनात्म (विषयी एवं विषय) तत्त्वों का स्वरूप निरूपण एक ही पद्धति परक धर्म-धर्मी के प्रारूप से किया जाना आवश्यक है। कणाद का वैशेषिक, अक्षपाद गौतम का न्याय एवं जैमिनि की मीमांसा इस परम्परा के प्रमुख दर्शन हैं। इसके अतिरिक्त जैन तथा अद्वैतेतर वेदान्त परम्पराएँ भी इसी वर्ग में समाहित की जा सकती हैं।" याज्ञवल्कीय परम्परा के विपरीत काणादीय परम्परा में सामान्य, दिक् एवं काल वस्तुसत् के रूप में स्वीकृत हैं। सविकल्पकप्रत्यक्षवाद, द्रव्यवाद, आत्मवाद, अवयविवाद व सामान्य को लेकर इस परम्परा में महत्वपूर्ण दार्शनिक विमर्श प्रस्तुत हुए। यह परम्परा धर्मधर्मिभेद तथा कार्यकारण सम्बन्ध की आधारभूतता को स्वीकार करते हुए आत्म एवं अनात्म तत्त्वों के स्वरूप निरूपण के लिए एक ही सामान्य पद्धतिपरक प्रारूप अपनाती है। यहाँ यह भी ध्यातव्य है कि याज्ञवल्कीय धारा की अद्वैत परम्परा के विपरीत काणादीय परम्परा परमार्थ सत् एवं व्यावहारिक सत् जैसे किसी भेद को सिरे से खारिज करती है।

2. यहाँ ध्यातव्य है कि पाहि का इस विषय में मत परम्परागत मत से भिन्न है। पाहि समूह या संघात (समुच्चय, समुदाय) को भी पदार्थ के रूप में सिद्ध करते हैं। पाहि का तर्क है कि यदि धर्म -धर्मि भेद पर वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था आश्रित है तो उसे समुच्चय को पदार्थ के रूप में स्वीकार करना होगा क्योंकि समुदायियों से समुदाय भिन्न होता है। संघात पदार्थ लोक व्यवहार तथा शास्त्र दोनों में ही प्रसिद्ध है। नक्षत्र-पुंज, धान्य-राशि, गज-यूथ आदि प्रसिद्ध सार्थक अभिव्यक्तियाँ संघातवाचक हैं। समूहालम्बन-ज्ञान के विषय के रूप में समुदायियों से भिन्न

समुदाय रूपी स्वतन्त्र पदार्थ अवश्य स्वीकार्य है। पाहि कहते हैं कि समुच्चय (समुदाय, संघात) रूपी स्वतन्त्र कोटि का पदार्थ न स्वीकार करने पर संख्याशास्त्र तथा गणितशास्त्र की अन्य शाखाओं के विषय रूपी पदार्थों के लिए तत्त्वमीमांसीय आधार प्रस्तुत करना संभव नहीं हो पाएगा।

विस्तृत विवेचन के लिए देखें,

विश्वम्भर पाहि, *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, 2000, पृ0 201–252।

साथ ही देखों, आनन्द मिश्र, *प्रो0 विश्वम्भर पाहि का नव्य वैशेषिक दर्शन*, *उन्मीलन*, वर्ष 16 अंक 1, जनवरी, 2002।

3. मोक्षाकर गुप्त, *बौद्ध–तर्कभाषा*, सं. डॉ. रघुनाथ गिरि, वाराणसी : प्राच्य प्रकाशन, 1969, पृ0 36।
4. विश्वम्भर पाहि, *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, 2000, पृ0 160।

   विस्तृत विवेचन के लिए देखों, उपर्युक्त पुस्तक का सप्तम अध्याय 'पदार्थव्यवस्था में अवयवी तत्त्व की अपरिहार्यता'।
5. गौतम, *न्यायसूत्र*, 2/1/35।
6. *न्यायसूत्र*, 2/1/36।
7. *व्योमशिवाचार्य*, व्योमवती, सं. गोपीनाथ कविराज एवं ढुण्डिराज शास्त्री, चौखम्भा अमरभारती प्रकाशन, वाराणसी, 1983, पृ0 44।
8. वात्स्यायन, *न्यायभाष्य*, 3/1/1।
9. जयन्तभट्ट, *न्यायमंजरी*, आनन्द झा कृत हिन्दी अनुवाद सहित, सं0 डॉ0 किशोरनाथ झा, कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा, 2001, प्रथम भाग, पृ0 77।
10. देखें, वहीं पृ0 82।
11. विश्वम्भर पाहि, *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, पृ0 35।
12. देखों, वहीं, पृ0 35।

    पाहि के एतद् विषयक विचारों के लिये देखें, आनन्द मिश्र, "*प्रमाणव्यवस्था एवं प्रमाणसम्प्लव*", *उन्मीलन*, वर्ष 23 अंक 2, जुलाई, 2009।

दर्शन एवं धर्म विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
वाराणसी–221005
Email : anandphil@gmail.com

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

यह निर्विवाद है कि 'धर्म' एवं 'धर्मी' पदद्वय पदार्थ कोटि के वाचक नहीं है। जिस प्रकार किसी भी पदार्थ विशिष्ट ज्ञान का विशेष्य अथवा प्रकार के रूप में भासित हो सकता है उसी प्रकार पदार्थ चाहे किसी भी कोटि का हो, वह धर्म अथवा धर्मी की भूमिका निभा सकता है। इसलिए *प्रशस्तपाद भाष्य* की *किरणावली* टीका में आचार्य उदयन लिखते हैं—"यद्यपि धर्म अपि षड्भ्यो नातिरिच्यन्ते तथापि ते एव परस्पर सङ्क्रान्तापन्ना परस्परविवेकायोपयोज्यन्त इति पृथगुच्यन्ते" (गायकवाड़ संस्करण, 1971 पृ. 19, एसियाटिक सोसायटी संस्करण, 1989, पृ. 133)

धर्म आधार स्वरूप है एवं धर्मी आधेय स्वरूप, सामान्यतया उनके बीच भेद सम्बन्ध ही रहता है परन्तु अपवाद के स्वरूप उनके बीच अगत्या अभेद सम्बन्ध भी स्वीकार्य होता है। उदाहरणस्वरूप संयोग सम्बन्ध केवल द्रव्यों के बीच रहता है अत: घटाभावरूपी अधिकरण में घटपटादि रूपी पदार्थ संयोग सम्बन्ध से नहीं रह सकते हैं अत: घटाभाव रूपी अधिकरण में घट का संयोग सम्बन्ध से अभाव ही रहता है, यह निर्विवाद रूप से सत्य है कि 'घटाभाव: घटाभाववान्,' परन्तु इस अपवाद के कारण धर्म एवं धर्मी के भेद सम्बन्ध अस्वीकार्य नहीं हो जाता है। धर्म एवं धर्मी के बीच अभेद सम्बन्ध स्वीकार करने पर धर्मी ज्ञान का विषय होने पर उसके सारे धर्म भी ज्ञान का विषय हो जाना चाहिये जो कि वस्तुत: नहीं होता है। उदाहरणस्वरूप एक प्राणी का सर्प के रूप में ज्ञान हो जाने पर भी यह संशय हो सकता है कि वह सर्प विषाक्त है या विषरहित। अन्य शब्दों में धर्म एवं धर्मी के बीच अभेद सम्बन्ध स्वीकार करने पर संशय के लिए कोई अवकाश नहीं रह जाता है, परन्तु संशय सर्वलोक प्रतीति सिद्ध है।

तत्त्व मीमांसा का निर्माण भेद एवं अभेद सम्बन्धों की परिष्कृत परिभाषाओं की अपेक्षा रखता है। प्रत्येक पदार्थ a स्वयं से अवश्य अभिन्न है यदि a b से अभिन्न है तो b भी a से अभिन्न है। यदि a b से अभिन्न है एवं b c से अभिन्न है तो a भी c से अभिन्न है। पुनश्च यदि a में एक धर्म d है परन्तु b में d का अभाव है तो a एवं b अवश्य परस्पर से भिन्न है।

अभेद सम्बन्ध के उपर्युक्त धर्मों के आधार पर धर्म एवं धर्मी के अभेद सम्बन्ध स्वीकार करने का अर्थ प्रत्येक धर्मी के सारे धर्म परस्पर से अभिन्न सिद्ध होते हैं। उदाहरण स्वरूप एक लाल गेन्द का लाल रंग उसकी वर्तुलाकृति से अभिन्न हैं, क्योंकि गेन्द लाल रंग से अभिन्न है एवं वर्तुलाकृति से भी अभिन्न है। इस प्रकार के लोक प्रतीतिविरुद्ध विसङ्गतियों से निस्तार प्राप्ति के लिए धर्म एवं धर्मियों में भेद सम्बन्ध स्वीकार करना अपरिहार्य हो जाता है। पुनश्च यदि एक मूर्त द्रव्य a अन्य एक पूर्व द्रव्य b से m मीटर दूरी पर है तो a के धर्मी के रूप में लेकर b को उसका धर्म के रूप में लेने पर a एवं b के सारे धर्मों की परस्पर अभिन्नता स्वीकार करना अपरिहार्य हो जायेगा एवं जगत् में केवल एक ही मूर्त द्रव्य स्वीकार करना अपरिहार्य हो जायेगा। किसी भी प्रमाता के सारे तत् तत् घट पटादि रूपी विषय ज्ञान परस्पर से अभिन्न होने से

घटपटादि विषयों को भी परस्पर से एवं प्रमाता से अभिन्न स्वीकार करना पड़ जायेगा। अन्य शब्दों में जगत् में केवल एक प्रमाता स्वीकार करना पड़ जायेगा, क्योंकि चैत्र रूपी प्रमाता के ज्ञान के विषय के रूप में मैत्र, जैत्रादि व्यक्ति भी ज्ञान के विषय के रूप में भासित हो सकते हैं।

धर्म एवं धर्मी सम्प्रत्ययों पर आधारित भारतीय दर्शन परम्परा के तन्त्रों की तीन कोटि में वर्गीकरण तर्कसङ्गत है।

वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श (वै.प.व्य.प. वि.) ग्रन्थ के चतुर्थ अध्याय में किया गया पुरुषार्थ मीमांसीय विचार निःसन्देह रूप में न्याय वैशेषिक परम्परा की दृष्टि से अग्राह्य है। कर्मवाद के विषय में संक्षेप में कहना चाहता हूँ कि कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता जगत् के वस्तुनिष्ठ धर्मों के रूप में मुझे अस्वीकार्य होने पर भी **किसी भी विधि निषेध व्यवस्था की पूर्वमान्यता रूपी आदर्शों के रूप में अवश्य स्वीकार्य हैं। इन दोनों को आदर्श के रूप में स्वीकार करने का अर्थ भारतीय पुरुषार्थमीमांसा का केन्द्रभूत पुरुषार्थ धर्म को आदर्श के रूप में स्वीकार करना ही है।**

कर्मवाद अक्षरशः स्वीकृत न होने पर भी धर्म रूपी पुरुषार्थ आदर्श के रूप में स्वीकृत होने पर भारतीय वैदिक परम्परा का पुरुषार्थ तन्त्र अक्षुण्ण रूप में संरक्षित रहता है। यह मूलभूत धर्मरूपी पुरुषार्थ भूतमात्र के प्रभवार्थ एवं अहिंसार्थ ही उद्दिष्ट है न कि केवल मानव जाति अभ्युदय के लिए।

मानव व्यक्ति का स्वरूप विषयक विचार के लिए *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* में किया गया पुरुषत्व का स्वरूप विषयक विवेचन (पृ. 85-95) के प्रति ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। कर्तृत्व, भोक्तृत्व तथा ज्ञातृत्व समानाधिकरण वाक्शक्ति की योग्यता ही पुरुष का लक्षण है। मन के बिना वाक्शक्ति की योग्यता ही सम्भव नहीं है क्योंकि वाचिक क्रिया मानसिक क्रिया की अपेक्षा रखती है। अतः पुरुष का गर्भाधानक्षण से मृत्युपर्यन्त प्रवाहमान प्राणवान् स्रोतापन्न सन्तान के घटकतत्त्व के रूप में ज्ञान, इच्छा, द्वेष, प्रयत्नादि धर्म अवश्य सन्निविष्ट रहते हैं। ज्ञान इन तत्त्वों को देहधर्मी के रूप में रूपान्तरित नहीं किया जा सकता है। सुख दुःखों का अनुभव पुरुष को ही होता है, न कि उसके शरीर का मस्तिष्क रूपी एक भाग को। यद्यपि दन्तवेदनादि शरीर के भाग विशेष से अवच्छिन्न होकर अनुभूत होने से अव्याप्यवृत्ति धर्म है। अतः मानसिक धर्मों को शरीर धर्म के रूप में रूपान्तरित करने की सम्भावना अन्वेषित नहीं किये जाने से, तथा सन्तानियों से अतिरिक्त सन्तान स्वीकृत होने से देहात्मवाद का आरोप तर्कसङ्गत नहीं है।

— * —

आचार्य विश्वम्भर पाहि की वैशेषिक दृष्टि

सच्चिदानन्द मिश्र

प्रस्तुत आलेख आचार्य विश्वम्भर पाहि के महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* को ही प्रमुख रूप से केन्द्र में रखते हुए प्रस्तुत किया गया है। यद्यपि आचार्य पाहि ने विविध ग्रन्थों तथा आलेखों का प्रणयन अपने अध्यापन तथा शोध के सुदीर्घ काल में किया है। परन्तु इस ग्रन्थ में उन्होंने वैशेषिक पदार्थव्यवस्था के विषय में गम्भीर आलोचना करते हुए न्याय तथा वैशेषिक दोनों ही सम्प्रदायों की दार्शनिक प्रविधि तथा उनके अभ्युपगमों के मूल में क्या अवधारणाएँ रही हैं, इसको समझने की गम्भीर कोशिश की है। आचार्य विश्वम्भर पाहि का वैशेषिक दर्शन के विषय में किया गया चिन्तन अपने तरीके का अनूठा चिन्तन है। यह चिन्तन न केवल वैशेषिक दर्शन की पदार्थविषयक अवधारणाओं के मूलान्वेषण का सुचिन्तित प्रयास है अपितु नवीन तथ्यों, युक्तियों तथा वैज्ञानिक अवधारणाओं के परिप्रेक्ष्य में वैशेषिक पदार्थव्यवस्था को पुनर्व्याख्यायित तथा पुनःपरिभाषित करने का प्रयास भी है। इस क्रम में विश्वम्भर पाहि की वैशेषिक दर्शन की अवधारणा बहुधा परम्परागत वैशेषिक दर्शन विषयक अवधारणा से बहुत अधिक विचलित होती भी दिखायी देती है। परम्परा से विचलन वैशेषिक तथा न्यायदर्शन के लिए कोई नवीन बात नहीं है। इस प्रकार के प्रयास पूर्व में भी अनेक परम्परागत विद्वानों के द्वारा भी किये गये। अनेक बार अनेक अवधारणाएँ परम्परा में इस प्रकार से स्वीकृत तथा परम्परा की मौलिक धारा में समाहित हो गयीं कि आज उनको ही हम परम्परा की मूल दृष्टि मानते हैं। परन्तु अनेक अवधारणाओं के साथ ऐसा नहीं हुआ। वे परम्परा में स्वीकृति नहीं पा सकीं। विश्वम्भर पाहि वैशेषिक दर्शन विषयक अपने चिन्तन में एक नहीं अनेक नवीन अवधारणाओं का प्रस्ताव करते हैं।

प्रस्तुत आलेख यह देखने का प्रयास है कि विश्वम्भर पाहि की वैशेषिक दृष्टि न्यायवैशेषिक दर्शन की परम्परागत दृष्टि से कितनी संगत है? इससे अधिक यह देखने की हमारी कोशिश होगी कि इन दोनों ही दृष्टियों में कौन सी दृष्टि अधिक तर्कसंगत है क्योंकि वैशेषिक दृष्टि मूलतः तार्किक दृष्टि है। इस कारण तर्क की कसौटी ही न्याय वैशेषिक परम्परा के लिए सबसे बड़ी कसौटी है। इस आधार पर विचार करने पर हमारे सामने कुछेक बिन्दु उपस्थित होते हैं, जहाँ पर आचार्य पाहि वैशेषिक की परम्परा से विचलन करने का साहस दिखाते हैं। मुख्यतया यह आलेख पाहि के उन विचलनों के मूल्यांकन का ही प्रयास है। उनमें से इस आलेख में मैं उन कुछ विचलनों को ही प्रमुखतया लेने की कोशिश करूँगा जो कि

मेरी दृष्टि में न्याय वैशेषिक परम्परा की मूल आत्मा के साथ संगत नहीं हैं। यद्यपि आचार्य पाहि के विचलन अनेकधा मौलिक विचलन के रूप में हमारे सामने आते हैं, तथा वे अनेक हैं। परन्तु उन सबका इस आलेख में विवेचन कर पाना हमारे लिए सम्भव नहीं होगा। इस कारण मैं केवल कुछ एक बिन्दुओं को विचारार्थ ग्रहण कर रहा हूँ। इनमें प्रथम बिन्दु न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय की मान्य अवधारणा का नवीन युक्तियों के परिप्रेक्ष्य में पुनर्निर्माण है तथा अन्य तीन परम्परा से नितान्त विचलन हैं। केवल इन बिन्दुओं को चुनने का उद्देश्य यह भी है कि वस्तुतः इन बिन्दुओं के आधार पर विश्वम्भर पाहि की वैशेषिक दृष्टि का सही सही तथा प्रामाणिक मूल्यांकन किया जा सकता है।

1. अवयवी की सत्ता का स्वीकार
2. नित्य आत्मा की अस्वीकृति
3. पुरुषार्थमीमांसा के क्षेत्र में कर्मवाद के सिद्धान्त की अस्वीकृति
4. विशेषपदार्थ की अस्वीकृति

अवयवी की सत्ता का स्वीकार

अवयवी की स्वीकृति न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के लिए अत्यन्त आवश्यक है। विना अवयवी की सत्ता को स्वीकार किये न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के वस्तुवाद को सम्पूर्णता में न तो समझा जा सकता है और न तो उसके लिए समर्थन ही जुटाया जा सकता है। अवयवी की सत्ता पर बौद्धों की ओर से विशेष रूप से तथा अन्य अनेक दार्शनिक सम्प्रदायों की ओर से सामान्य रूप से अनेक आक्षेप किये गये हैं। किसी भी न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के ग्रन्थ में अवयवी की सत्ता का स्वीकार किस प्रकार से करना आवश्यक होता है, इसका प्रतिष्ठापन करने का प्रयास अवश्य मिलता है। अवयवी की सत्ता की सिद्धि के लिए आवश्यकता होती है चरम अवयवभूत परमाणुओं की सत्ता की सिद्धि। मुख्य तर्क इस प्रकार से कार्य करता है कि यदि हमने परमाणुओं की सत्ता नहीं मानी तो अवयवधारा की विश्रान्ति न होने के कारण मेरु तथा सर्षप के साम्य का प्रसंग होगा। **मेरुसर्षपयोः साम्यप्रसङ्गात्।** विश्वम्भर पाहि की वैशेषिक दृष्टि इस विषय में अत्यन्त मौलिक है। यहाँ पर अवयवी की सत्ता को सिद्ध करने के लिए जिन युक्तियों की सहायता ली गयी है, वे अत्यन्त मौलिक तथा अनूठी हैं। वे रसायनशास्त्रीय सिद्धान्तों के आलोक में (पृ.189–200) अवयवी की अपरिहार्यता प्रतिपादित करते हैं। परन्तु उसमें एक संशोधन प्रस्तावित करते हैं। परम्परा के अनुसार सजातीय परमाणुओं के संयोग से द्व्यणुक की उत्पत्ति होती है। पार्थिव परमाणुओं के संयोग से पार्थिव द्व्यणुक की उत्पत्ति तथा जलीय परमाणुओं के संयोग से जलीय द्वयणुक की उत्पत्ति और इसी क्रम से तैजस और वायवीय परमाणुओं के संयोग से तैजस तथा वायवीय द्व्यणुकों की उत्पत्ति स्वीकार की जाती है। यानी कि पारम्परिक दृष्टि से सजातीय कारण से सजातीय कार्य की ही उत्पत्ति हुआ करती है। विजातीय अवयवों के संयोग से विजातीय कारण की उत्पत्ति नहीं स्वीकार्य है। सरल भाषा में हम कह सकते हैं कि पार्थिव परमाणुओं का संयोग जलीय परमाणुओं से नहीं हो सकता, और इसी कारण पार्थिव परमाणु जलीय परमाणु के साथ मिलकर किसी द्व्यणुक को उत्पन्न नहीं कर सकते। आचार्य पाहि यहाँ पर

अपना पक्ष विस्तार से रसायनशास्त्र के विभिन्न सिद्धान्तों तथा उदाहरणों के आलोक में रखते हुए प्रस्तावित करते हैं कि "न्यायवैशेषिक परम्परा सामग्री एवं कार्य के बीच एक-एक सम्बन्ध स्वीकार करती है। इसीलिए यह परम्परा कारण-कार्य के सम्बन्ध को सिद्ध करने के लिए अन्वय सहचार एवं व्यतिरेक सहचार की माँग करती है एवं विजातीय सामग्री से सजातीय कार्योत्पत्ति की सम्भावना को नकारती है। परम्परागत यह मान्यता प्रमाणसिद्ध नहीं है।" (पृ.190) इस कारण विजातीय सामग्री से सजातीय कार्योत्पत्ति को स्वीकार करना चाहिए। इसी प्रकार उनके अनुसार सजातीय परमाणुओं से विजातीय कार्योत्पत्ति का स्वीकार भी आवश्यक है। नवीनतम भौतिकी के सिद्धान्तों के अनुसार पृथिवी, जल, तेज, वायु तथा आकाश के रूप में मात्र पाँच भूतों की स्वीकृति भी अपने आप में अन्तर्विरोधों से ग्रस्त दिखती है। परन्तु परम्परा से विपरीत "सजातीय परमाणुओं से विजातीय कार्योत्पत्ति का स्वीकार" इस सिद्धान्त को स्वीकार करने के उपरान्त अवयवी की सिद्धि अपरिहार्य है, ऐसा पाहि सिद्ध करते हैं। यह एक नवीन ही मार्ग है जिसका अन्वेषण पाहि के द्वारा किया गया है। स्वयं उनके ही शब्दों में "इससे स्पष्ट हो जाता है कि संघातवाद के आधार पर पदार्थविषयक लौकिक एवं रसायनशास्त्रीय प्रक्रिया का निर्वाह सम्भव नहीं है" (पृ.200) यह प्रतिष्ठापना कुछ इस प्रकार की है कि इस पर विचारपूर्वक आलोचना करना चाहते हुए भी रसायनशास्त्रीय अपने अज्ञान तथा असामर्थ्य के कारण मेरे लिए यह कार्य सम्भव नहीं है। इतना अवश्य कहना चाहूँगा कि इस विषय में युक्तिपुरस्सर सन्दर्भों का उल्लेख करते हुए पाहि के द्वारा की गयी इस प्रतिष्ठापना का खण्डन अशक्य प्रतीत होता है, तथा इस प्रतिष्ठापना के आलोक में न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के विविध सिद्धान्तों की पुनर्रचना निश्चय ही आवश्यक प्रतीत होती है। इस प्रतिष्ठापना के आलोक में मानवीय शरीर के पार्थिवत्व की स्वीकृति किसी भी प्रकार से संगत नहीं दिखायी देती। उसको पाञ्चभौतिक मानने के पुष्ट व संगत आधार दिखायी देते हैं। यह इस बात को संकेतित करता है कि आचार्य पाहि न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के किसी सिद्धान्त को यदि स्वीकृति दे भी रहे हैं तो वह स्वीकृति ठीक उसी रूप में उस सिद्धान्त की स्वीकृति नहीं है, जिस रूप में प्राचीन परम्परा में हम देते आये हैं। बल्कि वह स्वीकृति नितान्त मौलिक युक्तियों की आधारभूमि पर अवस्थित है तथा न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय परम्परा का यही प्राण है, यही जीवनाधायक दृष्टि है।

नित्य आत्मा की अस्वीकृति

न्यायवैशेषिक परम्परा अपने मौलिक रूप में नित्यतावादी परम्परा रही है। परन्तु विश्वम्भर पाहि की दृष्टि में इस सम्प्रदाय का नित्यतावाद केवल जाति के नित्यत्ववाद पर प्रतिष्ठापित है। स्वयं लेखक के शब्दों में "न्यायवैशेषिक तत्त्वमीमांसा का नित्यवाद अन्ततोगत्वा जातिरूपी सामान्य के नित्यत्वसिद्धि पर ही प्रतिष्ठित किया जा सकता है।" (पृ. 115) यह विश्वम्भर पाहि के इस दृष्टिकोण की ओर संकेत देता है कि वस्तुतः इस सम्प्रदाय में किसी अन्य नित्य पदार्थ की स्वीकृति सन्दिग्ध ही है। इसके फलितार्थ बहुत दूर तक जाते हैं। यानी किसी भी नित्य पदार्थ ईश्वर, आत्मा आदि के अस्तित्व को स्वीकार करने का आधार सचमुच में बनता नहीं है। परम्परा में आत्मा को नित्य माना गया है। न्यायसूत्रकार

गौतम अपने सूत्रों में इस बात पर बहुत चर्चा करते हैं कि शरीर आत्मा नहीं है, आत्मा शरीर से अतिरिक्त है। न केवल वह शरीर से ही अतिरिक्त है अपितु इन्द्रिय, मन आदि से भी अतिरिक्त है। इनके संघात से भी उन कार्यों का सम्पादन नहीं किया जा सकता है जिनका सम्पादन करने के लिए शरीर आदि से अतिरिक्त आत्मा की स्वीकृति को गौतम आवश्यक मानते हैं। नित्य आत्मा की स्वीकृति न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय का सर्वानुमत सिद्धान्त है।

न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय में कुछ एक अन्य विद्वानों के द्वारा भी आत्मा को न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय की पदार्थव्यवस्था में से निष्कासित करने का प्रयास अवश्य किया गया है। वे समस्त विद्वान् अर्वाचीन विद्वान् ही हैं। उन विद्वानों में प्राचीनतम हैं राखाल दास न्यायरत्न, जिन्होंने अपने छोटे से परन्तु महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ *तत्त्वसार* में आत्मा को न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय की पदार्थव्यवस्था से बाहर करने का प्रयास किया। उनका प्रतिपादन यह था कि आत्मा तथा मन इन दो नित्य पदार्थों की स्वीकृति अनावश्यक है। केवल मन के द्वारा ही वे समस्त कार्य युक्तिसंगत रूप से सम्पादित किये जा सकते हैं, जिनको सम्पादित करने के लिए आत्मा की सत्ता को स्वीकार करने का पक्ष नैयायिक रखते हैं। मन के नित्य होने के कारण वैयक्तिक अनन्यता का भी सम्पादन सफल रीति से किया जा सकता है। ज्ञानमीमांसा के क्षेत्र में कृतप्रणाशशून्यता तथा अकृताभ्यागमशून्यता का प्रतिपादन सरलतया सम्पाद्य है। सरल शब्दों में कहा जाये तो जिसने अनुभव किया है उसी को उस अनुभव से जन्य स्मरण का उपपादन किया जा सकता है। द्रष्टा तथा स्पर्शकर्ता के ऐक्य का भी उपपादन बहुत ही सरलतया किया जा सकता है। देखनेवाला भी मन ही है तथा स्पर्शकरनेवाला भी वह मन ही है। **दर्शनस्पर्शनाभ्यामेकार्थग्रहणात्** इस सूत्र के आशय की सुसंगति मन को आत्मा के स्थान पर बिठा देने से ही हो सकती है। अनुभविता तथा स्मर्ता के ऐक्य का प्रतिपादन सरल है। मन नित्य है, इस कारण कर्मफलभोग का सम्पादन करने के लिए किसी अन्य नित्य आत्मा की स्वीकृति अनावश्यक है। मन को ही आत्मा मानकर काम चलाया जा सकता है।

मन को ही आत्मा मानने में जो सबसे बड़ी समस्या न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के आचार्यों के द्वारा दिखायी जाती है वह यह कि यदि परमाणुरूप मन को आत्मा माना जाये तो ज्ञान, सुख, दुःख आदि का प्रत्यक्ष सम्भव नहीं होगा क्योंकि सूक्ष्म परमाणुओं के गुणों रूप आदि का तथा उनके आश्रय परमाणुओं का जिस प्रकार से प्रत्यक्ष सम्भव नहीं होता है, उसी प्रकार मनरूपी आत्मा के भी विशेषगुणों ज्ञान, सुख, दुःख आदि का तथा उनके आश्रय मन का भी प्रत्यक्ष सम्भव नहीं होगा। **मनोऽपि न तथा ज्ञानाद्यनध्यक्षं तदा भवेत्।** न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय का सिद्धान्त है कि द्रव्य का प्रत्यक्ष होने के लिए उसका महत्त्व, महत्परिमाण कारण होता है। जिस प्रकार परमाणुओं में महत्परिमाण नहीं है और उनका प्रत्यक्ष नहीं होता। उसी प्रकार मन को आत्मा मानने पर उसमें भी चूँकि महत्परिमाण नहीं होगा। फलतः न तो ज्ञान, सुख, दुःख आदि का और न ही उसके आश्रय मन का प्रत्यक्ष सम्भव होगा। जबकि हमारा अनुभव बताता है कि मैं सुखी हूँ, मैं दुःखी हूँ, मैं ज्ञानवान् हूँ। इस सारे ही अनुभवों में अबाधित रूप से सुख, दुःख तथा ज्ञान से विशिष्ट आत्मा की प्रतीति

प्रत्यक्षसिद्ध रूप में होती है। यदि मन को ही आत्मा का पर्याय माना जाये तो मन के परमाणुरूप होने के कारण उसके विशेषगुणों ज्ञान, सुख, दुःख आदि का प्रत्यक्ष कर पाना सम्भव नहीं होगा। इस समस्या से बचने का सीधा मार्ग राखाल दास न्यायरत्न इस समाधान से निकालते हैं कि बहिरिन्द्रिय के द्वारा होनेवाले प्रत्यक्षों के प्रति तो द्रव्य के महत्परिमाण की कारणता को स्वीकार करना उचित है क्योंकि बहिरिन्द्रिय के द्वारा होनेवाले प्रत्यक्षों के लिए महत्परिमाण की अपेक्षा होती है। परन्तु अन्तरिन्द्रिय से होनेवाले प्रत्यक्ष के प्रति महत्परिमाण की कारणता और अपेक्षा स्वीकार करने का हमारे पास कोई तर्कसंगत आधार नहीं है। इस कारण मन के द्वारा ही समस्त कार्य सम्पादित किये जा सकते हैं, अतः न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय की पदार्थव्यवस्था में आत्मा को रखने का कोई महत्त्वपूर्ण आधार नहीं दिखायी देता।

इसी प्रकार न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय से आत्मा को निष्कासित करने का प्रयास आचार्य बदरीनाथ शुक्ल ने भी किया। आचार्य बदरीनाथ शुक्ल का अभिप्राय राखाल दास न्यायरत्न से मिलता जुलता रहा, परन्तु कुछ परिवर्तनों के साथ। पहला परिवर्तन यहाँ पर यह रहा कि जहाँ राखाल दास न्यायरत्न ज्ञान, सुख आदि को मन का विशेषगुण मानने का पक्ष प्रस्तावित करते हैं, वहीं आचार्य बदरीनाथ शुक्ल इनको शरीर का गुण मानने का पक्ष प्रस्तावित करते हैं। इस कारण राखाल दास न्यायरत्न के सिद्धान्त में तो ज्ञान, सुख आदि के प्रत्यक्ष की समस्या उभर कर सामने आती है, प्रश्न उठता है कि इनका मानस प्रत्यक्ष किस प्रकार से सम्भव होगा? परन्तु आचार्य बदरीनाथ शुक्ल के सिद्धान्तानुसार यह समस्या नहीं आती है क्योंकि उनके मत में ज्ञान, सुख आदि का आधार बनने वाला शरीर है और शरीर बहिरिन्द्रिय से भी प्रत्यक्ष का विषय बनता है, वह महत्परिमाण से युक्त है। इस कारण ज्ञानादि के प्रत्यक्ष न होने की कोई समस्या नहीं उठती। इस आधार पर बदरीनाथ शुक्ल भी न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय की पदार्थव्यवस्था से आत्मा को निष्कासित कर देने का पर्याप्त आधार पाते हैं। परन्तु इन दोनों ही मतों में न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के कुछ मान्य सिद्धान्तों के साथ चलने की एक अभिवृत्ति है। इसीलिए दोनों ही आत्मा की नित्यता तथा वैयक्तिक अनन्यता को किसी न किसी प्रकार से संरक्षित रखते हैं। राखाल दास न्यायरत्न जिस मन को आत्मा के स्थान पर अभिषिक्त करते हैं, वह मन नित्य ही है। इसी प्रकार आचार्य बदरीनाथ शुक्ल ज्ञान, सुख आदि का आश्रय भले ही शरीर को मानें, परन्तु इनसे उत्पन्न संस्कार का आश्रय शरीर को नहीं मानते। उस संस्कार का आश्रय मन को मानते हैं। वह मन आचार्य बदरीनाथ शुक्ल के मत में भी नित्य ही है। इस कारण हम कह सकते हैं कि अपनी पदार्थव्यवस्था से आत्मा को भले ही ये आचार्य निष्कासित कर दे रहे हों, परन्तु नित्यता का अस्वीकार इनके मत में नहीं है, किसी न किसी प्रकार से एक ऐसे आत्मा की स्वीकृति का अवसर यहाँ पर है जो कि अनुभविता है तथा स्मर्ता दोनों है। कर्मों का कर्ता भी है, तथा उन कर्मों के फलों का भोक्ता भी, न केवल इस जन्म में अपितु जन्मान्तर में भी। विश्वम्भर पाहि इससे भी आगे बढ़ जाते हैं, इससे अधिक क्रान्तिकारी कदम उठाते हैं। इन्होंने समग्रता में इस शरीर को ही आत्मा मानने का पक्ष प्रस्तावित किया। न केवल इतना ही, इनके अनुसार नित्य

आत्मा के लिए कोई स्थान न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय में होना ही नहीं चाहिए। आशय यह है कि इनके मतानुसार नित्य आत्मा की स्वीकृति के लिए न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के पद्धतिमूलक सिद्धान्तों का आधार नहीं प्राप्त होता, उल्टे वे इसके विपरीत जाते हैं। यहाँ तक कि आधुनिक जीवविज्ञान के द्वारा खोजे गये अनेक आधुनिक सिद्धान्तों के आलोक में शरीर के ही आत्मत्व का सिद्धान्त पुष्ट होता है। इस विषय पर हम पूर्व में भी चर्चा कर चुके हैं। हमारे आलेख *न्यायवैशेषिक परम्परा और देहात्मवाद* में इस विवेचन को देखा जा सकता है।

पुरुषार्थमीमांसा के क्षेत्र में कर्मवाद के सिद्धान्त की अस्वीकृति

यदि नित्य आत्मा का अस्वीकार कर दिया जाये तो पुरुषार्थमीमांसा के क्षेत्र में कर्मवाद की स्वीकृति के लिए कोई स्थान बचेगा कि नहीं? यह विवादास्पद प्रश्न है। बौद्ध दार्शनिक नित्य आत्मा का अस्वीकार करने के बाद भी कर्मवाद के सिद्धान्त को बचाने की कोशिश करते हैं और बहुत हद तक बचा भी ले जाते हैं। वे इसकी एक नवीन व्याख्या प्रस्तावित करते हैं। वह नवीन व्याख्या आलोचनाओं के आलोक में कितनी सक्षम है, यह दूसरी बात है। हम अवसर न होने के कारण अभी उस पर विचार नहीं करेंगे। विश्वम्भर पाहि कर्मवाद के सिद्धान्त को भी न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के पद्धतिमूलक विमर्श के साथ संगत नहीं पाते। कर्मवाद का सिद्धान्त कोई प्रमाणसिद्ध सिद्धान्त नहीं है, यह केवल एक नीतिशास्त्रीय अभ्युपगम है, ऐसा आचार्य पाहि का पक्ष है। अब इस परिप्रेक्ष्य में मोक्ष के लिए कोई अवकाश बचने की तो कतई सम्भावना नहीं है। यहाँ तक कि आचार्य पाहि के अनुसार कृतप्रणाशशून्यता तथा अकृताभ्यागमशून्यता केवल आदर्श के रूप में ही स्वीकार्य हैं। ये किसी भी प्रकार से दार्शनिक सिद्धान्त के रूप में मान्य नहीं हो सकते। वे मानते हैं कि भूकम्प आदि के द्वारा होनेवाले दुःख भोक्ताओं के द्वारा किये गये कर्मों के ही फल हैं यह न तो प्रत्यक्ष से और न ही अनुमान से सिद्ध किया जा सकता है। (पृ.65) इसीलिए वे आगे कहते हैं कि "इतिहास केवल धर्म की विजय का साक्षी है– यह कहना न केवल विवादास्पद अपितु सत्य का अपलाप भी है। परन्तु 'केवल धर्म की ही विजय होनी चाहिए'– यह निर्विवाद रूप से स्वीकार्य है।.....कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता को आदर्श के रूप में स्वीकार करने का अर्थ जगत् में कृत का प्रणाश एवं अकृत का अभ्यागम न हो इसके लिए यथासाध्य प्रयास करते रहने को कर्तव्य के रूप में स्वीकार करना है।" (पृ.70) इस कारण विश्वम्भर पाहि न तो अदृष्ट को स्वीकार करते हैं, और न ही पुनर्जन्म आदि को ही। इस विषय पर निष्कर्ष के रूप में पाहि कहते हैं "यथोपलब्धिव्यवस्थान्याय से संगत रहते हुए गर्भधारण, गर्भाशय में भ्रूण का अनन्तत्त्व आदि के द्वारा क्रमिक विकास, जन्मजात वैचित्र्यादि की उपपत्ति प्राणिशास्त्रीय एवं वंशानुगतधर्मविषयक तथ्यों के द्वारा सिद्ध करना सम्भव है। अतः जन्मान्तरवाद एवं अदृष्टकारणतावाद पद्धतिमूलक दृष्टि से न्यायवैशेषिक दर्शन में स्थान प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं।" (पृ.69) मोक्ष की अवधारणा को पाहि नितान्त असंगत पाते हैं। उसकी आलोचना करते हुए वे कहते हैं "सभी प्रवृत्तियों को मोहमूलक राग तथा द्वेषजन्य एवं परम्परया मिथ्याज्ञानजन्य मानने पर अन्ततोगत्वा पुरुष के

कर्तृत्व, भोक्तृत्व एवं ज्ञातृत्व को भी मिथ्याज्ञानमूलक मानना पड़ेगा। परन्तु पुरुष के कर्तृत्व, भोक्तृत्व एवं ज्ञातृत्व सर्वलोकप्रतीतिसिद्ध हैं। उनके मिथ्यात्व की कल्पना काणादीय परम्परा की तत्त्वमीमांसा के लिए सर्वथा विसंगत है।" (पृ.100-1) परन्तु यहाँ पर विश्वम्भर पाहि इस मिथ्याज्ञान के मिथ्यात्व को अद्वैतवेदान्त के मिथ्यात्व के समान मानकर एक बड़ी भूल करते हैं। न्यायमत में मिथ्याज्ञान का तात्पर्य अन्यथाज्ञान से है। गौणभाक्तन्याय जिसकी की चर्चा आचार्य पाहि बार बार करते हैं, आत्मा के विषय में उसी का प्रयोग करना भूल जाते हैं। निश्चय ही रागद्वेषप्रेरित प्रवृत्ति स्वाभाविक होने पर भी पुरुषनिष्ठ कर्तृत्व का रमणीयतम पक्ष नहीं है। पाहि की इस संकल्पना से मैं पूर्णतया सहमत हूँ। इसी कारण तो मोक्ष को परम पुरुषार्थ माना जाता है। जिसको पाहि कर्तृत्व का रमणीयतम पक्ष कह रहे हैं, वह वस्तुतः प्रवृत्ति नहीं है निवृत्ति है। पूरा का पूरा एक अभिवृत्तिपरिवर्तन है। वह साक्षात् सम्भव नहीं है। निष्काम कर्मयोग वहीं पर आता है। प्रवृत्तिमात्र को मिथ्याज्ञानजन्य तथा दोषजन्य मानने के जिस पक्ष को न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय के पक्ष के रूप में पाहि प्रस्तुत करते हैं, वह नितान्त भ्रान्ति पर आधारित है। *कारिकावली* की कारिका का सन्दर्भ ग्रहण किया जाये—

प्रवृत्तिश्च निवृत्तिश्च तथा जीवनकारणम्।
एवं प्रयत्नत्रैविध्यं तान्त्रिकैः परिकीर्तितम्।। *कारिकावली का. 149-50*

इस कारिका में प्रयत्न के त्रैविध्य का प्रतिपादन किया गया है। इसमें से केवल प्रवृत्ति ही दोषजनित है, निवृत्तिरूपी प्रयत्न तथा जीवनयोनि प्रयत्न दोषजनित कतई नहीं हैं। जीवनयोनि प्रयत्न तो केवल शरीरधारण के लिए होते हैं इस कारण उसमें हमारी इच्छा का कोई योगदान नहीं होता। वे स्वतःस्फूर्त होते हैं। जैसे कि हमारी श्वाँसों का चलना हमें पता भी नहीं चलता। वे चलती रहती हैं, तब भी जब हम प्रगाढ़ निद्रा में सो रहे होते हैं। परन्तु निवृत्तिरूपी प्रयत्न हमारी इच्छा से होता है, हम जानबूझकर उसमें प्रवृत्त होते हैं। इस निवृत्तिरूपी प्रयत्न के द्वारा सम्पाद्य कर्तृत्व के लिए हमें राग- द्वेष आदि से ऊपर उठना पड़ता है। हमारा प्रयत्न जब तक राग-द्वेषमूलक होता है, तब तक ही हमारा कर्तृत्व रमणीयतम नहीं होता। जब वह प्रवृत्तिमूलक न होकर निवृत्तिमूलक हो जाता है, हमारे कर्तृत्व का रमणीयतम पक्ष उद्घाटित हो जाता है। इतनी गम्भीर आलोचना तथा इतने सारे परिवर्तनों का सुझाव करनेवाले विद्वान के द्वारा किस कारण इस प्रकार की इतनी छोटी सी ग़लती हुई होगी, मुझे समझ में नहीं आता। वस्तुतः केवल बन्धनकारी कर्तृत्व प्रवृत्तिजन्य होता है। निवृत्तिजन्य तथा जीवनयोनिप्रयत्नजन्य कर्तृत्व बन्धनकारी नहीं होता। इस कारण पाहि द्वारा मोक्ष की संकल्पना की आलोचना बहुत ही सतही है। आत्मा का कर्तृत्व शरीरादि में कर्मवाद के सिद्धान्त को हम सचमुच में प्रमाणों के आधार पर व्यवस्थापित कर सकते है या नहीं? इस पर हम आगे विचार करेंगे।

विशेषपदार्थ की अस्वीकृति

विशेष पदार्थ की अस्वीकृति न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय में कोई नयी परिघटना नहीं है। इससे पहले भी रघुनाथ शिरोमणि जैसे अनेक नैयायिकों ने विशेष पदार्थ को न स्वीकार करने के लिए तर्क प्रस्तावित किये हैं। परन्तु उनके द्वारा विशेष पदार्थ की अस्वीकृति इस

युक्ति पर आधारित है कि विशेष को स्वीकार करने की जो युक्ति न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय में प्रस्तावित है, वह कमजोर है। परन्तु विश्वम्भर पाहि की स्थिति यह है कि वे इन युक्तियों की वैधता को तो स्वीकार करते हैं, परन्तु प्रकारान्तर से विशेष के द्वारा सम्पाद्य कार्य का सम्पादन कर लेना सम्भव है ऐसा बताते हैं। गोया अन्य किसी आचार्य को यह नहीं सूझा। प्रथमतया यह देखना आवश्यक होगा कि विशेष पदार्थ को स्वीकार करने की युक्ति क्या है? यह प्रश्न इस कारण भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि हम सब इस तथ्य से सुपरिचित हैं कि इस दर्शन का नाम वैशेषिक दर्शन है। इस पदार्थविशेष की स्वीकृति के कारण ही यह दर्शन इस नाम से प्रसिद्ध है। निश्चय ही इस पदार्थ की स्वीकृति अपने आपमें विशिष्टता लिए हुए है। विशेष की स्वीकृति के मूल में वस्तुतः भेद तथा अनेकता की स्वीकृति है। अगर विशेष को स्वीकार कर रहे हैं, तो कथमपि अद्वैत को स्वीकृति नहीं दी जा सकती। विशेष की स्वीकृति के साथ व्यवहार तथा परमार्थ का अन्तर नहीं किया जा सकता। न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय का अभ्युपगम है कि धर्मभेद के आधार पर ही धर्मी का भेद हो सकता है। उदयनाचार्य अपने प्रसिद्ध ग्रन्थ *आत्मतत्त्वविवेक* में स्पष्टतया कहते हैं कि **"भेदप्रवृत्तावश्यं विरुद्धधर्मसंसर्गः, तदसंसर्गे वाऽवश्यं भेदनिवृत्तिः"** परन्तु उदयनाचार्य की इस पंक्ति को हम अक्षरशः सत्य नहीं मान सकते। उदयनाचार्य का तात्पर्य भी इसके अक्षरशः सत्य होने में नहीं था। वस्तुतः इसका आशय यह है कि यदि कहीं पर भी धर्मी का भेद हो रहा है तो वह साक्षात् या परम्परा सम्बन्ध से धर्मभेद पर आधारित होता है। एक घट का द्वितीय घट से भेद उन दोनों घटों के गुणों के भेद के आधार पर नहीं किया जाता, यद्यपि उन दोनों घटों के गुणों में भेद है। अपितु इसका कारण यह है कि न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय का स्वीकृत सिद्धान्त है कि **उत्पन्नं द्रव्यं क्षणमगुणं निष्क्रियं च तिष्ठति।** उत्पत्ति के काल में द्रव्य किसी भी गुण से युक्त नहीं होता। अग्रिम क्षण में उसमें गुणों की उत्पत्ति होती है। यदि गुण तथा गुणी की उत्पत्ति समकालीन मानी जाये तो द्रव्य को स्ववृत्ति गुण का समवायिकारण मान पाना असम्भव होगा क्योंकि वह कार्यपूर्ववृत्ति नहीं होगा। जिस प्रकार समानकालीन गोविषाणों में कार्यकारणभाव नहीं स्वीकारा जाता, उसी प्रकार द्रव्य तथा गुणों में भी कार्यकारणभाव नहीं स्वीकार किया जा सकेगा। इसी कारण नैयायिक कहते हैं कि एक घट का द्वितीय घट से भेद से उनके गुणों भेद के कारण नहीं है। अपितु यह इस कारण है कि प्रथम घट के कारणभूत अवयव द्वितीय घट के कारणभूत अवयवों से अतिरिक्त हैं। परन्तु कारणभेद पर आधारित कार्यभेद की अवधारणा परमाणु तथा अन्य नित्य पदार्थों में आकर कुंद हो जाती है। परमाणु के अकारण होने के कारण वही उत्तर नहीं प्रस्तावित किया जा सकता। इस कारण विशेष पदार्थ की आवश्यकता होती है।

इसी कारण रघुनाथ शिरोमणि जब विशेष पदार्थ का खंडन करते हैं तो वे उस प्रकार से विशेष पदार्थ का खंडन नहीं करते जिस मार्ग का अवलम्बन विश्वम्भर पाहि कर रहे हैं। रघुनाथ शिरोमणि द्वारा विशेष पदार्थ का खंडन इस युक्ति पर आधारित है कि हमारे आनुभविक जगत् में आनेवाले पदार्थों का परस्पर भेद विरुद्ध धर्म संसर्ग के आधार पर सिद्ध होता है, यहाँ तक तो बात ठीक है। परन्तु क्या इसी युक्ति को परमाणु आदि हमारे अनुभव में

न आनेवाले उन पदार्थों पर भी हम लागू कर सकते हैं जो कि केवल अनुमान से ही सिद्ध होते हैं। रघुनाथ शिरोमणि पक्ष रखते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि हम इस युक्ति को परमाणु आदि तत्त्वों पर भी लागू करें। आखिर विशेष को स्वतोव्यावृत्त मानना आवश्यक होता है। यदि विशेष स्वतोवृत्त हो सकता है, विना धर्म का भेद हुए भी विशेषों का भेद तो अन्ततः स्वीकर्तव्य होता ही है। तो परमाणुओं को ही हम स्वतोव्यावृत्त क्यों न मान लें। इस कारण मेरी दृष्टि में विशेष का खंडन करने के लिए रघुनाथ शिरोमणि की युक्ति तो वैध है क्योंकि वे केवल पूर्व स्वीकृत अवधारणा में एक संकोचमात्र कर रहे हैं। इस प्रकार के नियमसंकोच विज्ञान के क्षेत्र में बहुधा होते हैं। विज्ञान की अवधारणाओं के बारे में यही बात तो कही जाती है कि नयी अवधारणा वस्तुतः पुरानी अवधारणा में कुछ संकोच के माध्यम से ही जन्म लेती है। आनुभविक जगत् में धर्मभेद के आधार पर धर्मिभेद होने पर भी परमाणु के स्तर पर अगर हम यह मान लें कि वे स्वतोव्यावृत्त हैं, तो भी धर्मभेद पर आधारित धर्मिभेद का नियम आनुभविक दृश्य जगत् में उतना ही वैध रहता है। रघुनाथ शिरोमणि यही कार्य कर रहे हैं। इस कारण रघुनाथ शिरोमणि की युक्ति वैध है। परन्तु विश्वम्भर पाहि की युक्ति हम अवैध पाते हैं। विश्वम्भर पाहि भी वही भूल कर रहे हैं जो भूल अनेक वैशेषिक आचार्यों ने की है।

वस्तुतः विश्वम्भर पाहि की युक्ति के अवैध होने का कारण यह है कि वे 'भेदसिद्धि' को लेकर भ्रान्त हैं। भेदसिद्धि के दो अर्थ हो सकते हैं भेद आखिर है क्यों? उस आधार की सिद्धि और दूसरा अर्थ हो सकता है कि भेद को हम जानते कैसे हैं? इसको जानना, यानी भेद का ज्ञान। विश्वम्भर पाहि का भेदविषयक समस्त खंडन इस द्वितीय विकल्प पर आधारित है। अब देखा जाये वे यह कार्य कैसे करते हैं? आकाश का दिशा से भेद आकाश के गुण शब्द के आधार पर मानने का वे प्रस्ताव रखते हैं। (पृ.277) शब्द आकाश का आकस्मिक गुण है, उसके आधार पर आकाश का भेद मानने का तात्पर्य होगा कि वस्तुतः भेद है नहीं, स्वभावतः भेद नहीं है, वह भेद आगन्तुक है। अनन्त शब्द वे भले ही एक ही जाति के हों, उनके आधार उन शब्दों के आधारभूत धर्मी आकाश का भेद स्वीकार करना अनेक विसंगतियों को बुलावा देगा। अनन्त शब्द जो कि परस्पर भिन्न हैं, उनके भेद के आधार पर यदि उनके अधिकरणभूत द्रव्य का भेद हो तो अनन्त आकाशों की स्वीकृति देनी पड़ेगी। इसी कारण आगन्तुक भेद की यह स्वीकृति अद्वैतवेदान्त की अवधारणा के समीप जाती है, जहाँ पर आत्मा का भेद स्वाभाविक नहीं माना जाता अपितु औपाधिक माना जाता है। यद्यपि शब्द रूपी आकस्मिक गुण के आधार पर आकाश का भेद करने का सिद्धान्त विश्वम्भर पाहि का मान्य सिद्धान्त नहीं है क्योंकि उनके अनुसार आकाश को शब्द का आश्रय ही नहीं माना जा सकता। निश्चय ही आकाश के शब्दसमवायिकारणत्व का खंडन करनेवाली उनकी युक्तियाँ विश्वसनीय तथा आधुनिक विज्ञान की अवधारणाओं से सुसंगत हैं। अतः वैशेषिकों को इन युक्तियों की वैधता स्वीकार करनी आवश्यक होगी। परन्तु क्या विशेष का खंडन करनेवाली उनकी युक्तियाँ उसी प्रकार सशक्त हैं? तो मुझे यही कहना पड़ता है

कि निश्चय ही उनमें दोष है। जैसे वे कहते हैं कि "सजातीय मूर्त परमाणुओं की परस्पर भेदसिद्धि करने के लिए दैशिक एवं कालिक उपाधियाँ पर्याप्त प्रतीत होती हैं।" (पृ.278) अब देखिए—काल तथा देश का एकत्व है, उनकी उपाधियाँ क्या होंगी? **जन्यमात्रं कालोपाधिः** ऐसा न्याय वैशेषिक सिद्धान्त है। यही बात देश के ऊपर भी लागू होती है। **जन्यमात्रं देशोपाधिः** देश की उपाधियाँ भी जन्यमात्र हैं। जन्य उपाधियों के आधार पर परमाणुओं का आप भेद सिद्ध करना चाह रहे हैं? यह किस प्रकार से सम्भव होगा? दैशिक व कालिक उपाधियाँ क्या होगीं? यह कतई स्पष्ट नहीं हो पाता। आगे वे स्वयं कहते हैं "काल क्रिया के धर्म के रूप में भासित होता है एवं मूर्तद्रव्य में आश्रित पुनरावृत्तिस्वभावविशिष्ट क्रियाओं के परस्पर भेद एवं फलतः खंडकालों के परस्पर भेद प्रत्यक्ष अथवा अनुमान प्रमाण से सिद्ध होते हैं" (पृ.279) विचारणीय यह है कि प्रत्यक्ष या अनुमान प्रमाण से भेद सिद्ध होने का तात्पर्य भेद का होना नहीं अपितु उस भेद का ज्ञात होना है। जिसको कि मैंने अभी भेदसिद्धि के द्वितीय अर्थ के रूप में प्रतिपादित किया है। जबकि विशेष की स्वीकृति भेद के ज्ञापनार्थ नहीं है अपितु भेद के स्थापनार्थ है। यदि भेद है नहीं तो किसी प्रमाण के द्वारा उसको जाना नहीं जा सकता। यदि फिर भी जाना जा रहा है तो यह प्रमाणाभास का प्रयोग है, यह भ्रान्ति है। वस्तुतः यह सारा विवेचन जिसके आधार पर विश्वम्भर पाहि विशेष पदार्थ का खंडन करना चाह रहे हैं, एक मूलभूत भ्रान्ति पर आधारित है।

आचार्य विश्वम्भर पाहि की वैशेषिकदृष्टि का मूल्यांकन

उपर्युक्त विवेचन जो कि केवल संकेत मात्र करने के लिए लिये गये हैं, उनसे एक बात जो कि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तरीके से उभर कर आ रही है कि विश्वम्भर पाहि वैशेषिक सिद्धान्तों में आमूलचूल परिवर्तन करना चाह रहे हैं। सच्ची बात तो यह है कि यह वैशेषिक दृष्टि है ही नहीं और न ही यह न्यायं की दृष्टि है। न्याय तथा वैशेषिक सम्प्रदाय परस्पर एक दूसरे से मिलकर चलते हैं, एक दूसरे से प्रेरणा लेते हैं। इसीलिए इन दोनों को एक साथ मिला कर न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय कहा जाता है। भारतीय दर्शन परम्परा में अनेक तार्किक परम्पराएँ रही हैं, उनमें से एक ऐसी तार्किक परम्परा का उल्लेख जयन्त भट्ट ने अपने ग्रन्थ *न्यायमञ्जरी* में उल्लेख किया है, जिसको अनेक बार दर्शन कहने से भी हम हिचकते हैं। वह है चार्वाकदर्शन। वस्तुतः विश्वम्भर पाहि की दृष्टि पूरी की पूरी चार्वाकदृष्टि ही है। मैं तो उनको प्रच्छन्न चार्वाक कहना चाहूँगा। यथोपलब्धिव्यवस्थान्याय जिसका कि विश्वम्भर पाहि बार बार उल्लेख करते हैं, वह न्याय सबसे अधिक चार्वाक दर्शन में ही स्वीकार्य है। इसीलिए चार्वाक जगद्वैचित्र्य का कोई स्पष्टीकरण देना नहीं चाहता, वह उसे स्वभाववाद के आधार पर व्यवस्थित करने की कोशिश करता है। जब न्यायदर्शन में अकस्माद्वाद का खंडन वस्तुतः यथोपलब्धिव्यवस्थान्याय का ही खंडन है। यथोपलब्धिव्यवस्थान्याय वहीं तक स्वीकार्य है जब तक उसमें परस्पर विरोधी पक्ष नहीं उपस्थित होते। जहाँ विरोधी पक्ष उपस्थित हुए, वहीं पर संशय की शुरुआत हो जाती है और वहीं से संशय से प्रारम्भ होकर निर्णय

तक पहुँचनेवाली न्यायदार्शनिक पृच्छा की प्रविधि कार्य करने लगती है। इसी कारण न्यायसूत्रकार गौतम जिस सूत्र में यथोपलब्धिव्यवस्थान्याय की स्थापना प्रस्तावित करते हैं उसी सूत्र में इसका स्पष्टीकरण भी दे देते हैं कि यह नियम कहाँ तथा किस सीमा तक स्वीकार्य है। सूत्र है **"नियमहेत्वभावाद् यथादर्शनमभ्यनुज्ञा"** न्यायसूत्र 3-2-12 नियम का कारण नहीं दिखायी देने के कारण यथोपलब्धिव्यवस्था को स्वीकार करते हैं। आचार्य पाहि यथोपलब्धिव्यवस्थान्याय को विना किसी अपवाद के लागू करना चाह रहे हैं, जो कि निश्चय ही न्यायदृष्टि नहीं है। खेद है कि आचार्य पाहि ने इस पर बिलकुल ही ध्यान नहीं दिया। विश्वम्भर पाहि जब अनुमान के द्वारा किसी पदार्थ के सिद्ध न हो पाने की बात कर रहे होते हैं, तो उनके मस्तिष्क में पश्चिमी असंदिग्ध ज्ञान का आदर्श अनजाने में ही बैठा रहता है। मुझे समझ में नहीं आता कि अपनी इस पुस्तक में तर्क की जो भूमिका न्यायवैशेषिकसम्प्रदाय में है, तथा न्याय परम्परा में तर्क की जो अनुमान से पृथग्भूत अवधारणा है, उसका सरसरी तौर पर भी जिक्र करने की आवश्यकता विद्वान् लेखक को क्यों नहीं महसूस हुई। तर्क की परिभाषा ही दी गयी है कि **अविज्ञाततत्त्वेऽर्थे प्रमाणोपपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्कः**। बौद्धिकता की अवधारणा को पश्चिमी परिप्रेक्ष्य में न देखकर उसको भारतीय परिप्रेक्ष्य में अगर देखने की कोशिश की जाती, तो सम्भवतः यह बात अधिक स्पष्ट होकर सामने आती। हर दर्शन परम्परा के बौद्धिकता के अपने मापदंड होते हैं। न्यायसूत्रों में एक पूरी की पूरी दार्शनिक पृच्छा की प्रविधि गौतम ने संशय से प्रारम्भ कर निर्णय पर्यन्त प्रतिपादित की है। दुःखद है कि आचार्य विश्वम्भर पाहि ने इस प्रविधि का अपने ग्रन्थ में कहीं पर भी उल्लेख तक नहीं किया। क्या इस प्रविधि का कोई मूल्य नहीं है। उन जैसे मौलिक तथा गम्भीर विद्वान् से हम इस प्रकार की ग़लती की अपेक्षा नहीं करते। ध्येय है कि प्रथम न्यायसूत्र की व्याख्या करने के क्रम में ही पुनर्जन्म की सिद्धि के लिए सर्वप्रथम वात्स्यायन तर्क का उपयोग करते हुए दिखायी देते हैं। निश्चित ही कर्मवाद के सम्बन्ध में उठायी गयी विश्वम्भर पाहि की युक्तियाँ अपनी जगह पर सही हैं, परन्तु उनमें मौलिकता का नितान्त अभाव है। वे वही पुरानी युक्तियाँ हैं, जिनके आधार चार्वाक कर्मवाद तथा पुनर्जन्म आदि की अवधारणाओं का खंडन करते आये हैं। कुछ प्राणिविज्ञान से सम्बन्धित युक्तियाँ अवश्य विद्वान् लेखक ने अपनी ओर से जोड़ी हैं। प्रोफ़ेसर प्रदीप गोखले ने इस बात को अपने आलेख में बखूबी उपस्थापित किया है। मेरे आलेख की आलोचना में गोखले का कथन सत्य है कि जिस प्रकार ज्ञानमीमांसा के क्षेत्र में ज्ञाता तथा स्मर्ता के ऐक्य का अनुभव हर किसी को होता है उसी प्रकार से पुरुषार्थमीमांसा के सम्बन्ध में हम बलपूर्वक नहीं कह सकते हैं क्योंकि यह उस प्रकार से सर्वानुभूत नहीं है। परंतु मैंने यह दिखलाने की कोशिश नहीं की है और न तो मैं यह कहना चाहता हूँ कि यह उसी प्रकार से सिद्ध है। बल्कि हमारे कथन का तात्पर्य यह है कि यह पुरुषार्थमीमांसीय कर्मसिद्धान्त प्रमाणमीमांसीय सिद्धान्त का प्रतिबिम्बन तथा विस्तारण है। इस प्रतिबिम्बन तथा विस्तारण में कितनी संगति है यह दूसरा प्रश्न है। क्या पाश्चात्य तार्किक आगमन की प्रक्रिया में हम कुछ यही नहीं कर रहे होते, जो देखा हुआ है उसके आधार पर अनदेखे

के बारे में नियम नहीं बनाते। पुरुषार्थमीमांसीय सिद्धान्तों को मैं इसी श्रेणी में रखता हूँ। जीवविज्ञान के विकासवाद के सिद्धान्त को स्वीकार करते हुए भी इसे तथ्यात्मक रूप से माना जा सकता है कि अन्त में वस्तुतः सत्य की ही विजय होती है। अच्छाई तथा बुराई के मध्य संघर्ष अनादि काल से चला आ रहा है। उसमें अच्छाई की विजय ही दीर्घकाल में होती है क्योंकि हम अगर इतनी मुश्किलों के बावजूद नैतिक हैं, तो यह नैतिकता की विजय का ही उद्घोष है। रिचार्ड डॉकिंस जो कि स्वयं नास्तिक हैं, अपने ग्रन्थ The Selfish Gene में यह दिखलाते हैं कि नितान्त स्वार्थपरकता थोड़े समय तक भले ही सफल हो जाये, परन्तु विकास की लम्बी कालावधि में उसका असफल होना अनिवार्य है, इसीलिए जीन के स्वार्थी होते हुए भी उसके द्वारा परोपकारपूर्ण व्यवहार किया जाता है।[1] निश्चय ही हमारे पास तर्क का उपयोग करने के आधार उपस्थित हैं जिनके आलोक में कर्मवाद को नितान्त तिरस्कृत नहीं किया जा सकता। परन्तु यह तर्क पश्चिमी परम्परा का तर्क नहीं है। वैज्ञानिक अवधारणा के विषय में एक बात कही जाती है कि सहस्रों सहचारदर्शनों के ऊपर एक व्यभिचारदर्शन भारी पड़ जाता है। परन्तु क्या विज्ञान ईश्वर तथा पुनर्जन्म का निषेध करने में पूरी तरह से सक्षम है? ईमानदारी से देखा जाये तो यही कहना पड़ेगा कि विज्ञान ईश्वर की अवधारणा और पुनर्जन्म की अवधारणा को समग्रता से नहीं नकार सकता। वह एक विकल्प के रूप में एक दूसरी सुसंगत अवधारणा अवश्य प्रस्तावित कर सकता है जिसमें कि ईश्वर आत्मा आदि के लिए कोई स्थान न हो। वह इन अवधारणाओं को बीच में लाये विना जगत् की व्याख्या कर सकता है। परन्तु अभी तक मुझे नहीं लगता है कि इस प्रकार की कोई सुसंगत अवधारणा प्रस्तावित हुई हो, जिस पर विश्वास करते हुए हम सभी ईश्वर आत्मा आदि का हम नितरां तिरस्कार करने में स्वयं को सक्षम पाते हों। यहाँ पर यह भी ध्येय है कि क्वांटम फिजिक्स तक पहुँचते पहुँचते विज्ञान में भी यह अवधारणा आ चुकी है कि सब कुछ प्रयोग तथा आगमन के आकलन के आधार पर ही नहीं सिद्ध होता। उसमें भी कहीं न कहीं अवधारणानिर्माण की अपेक्षा होती ही है। परन्तु वैज्ञानिक तथा दार्शनिक अवधारणा में एक अन्तर है। वैज्ञानिक बहुत सारे विषयों को अपनी अवधारणा के बाहर रखने में बिलकुल संकोच नहीं करता, उन्हें अनर्गल या निरर्थक बता कर आगे बढ़ जाने की बात करता है। कुछेक विषयों के बारे में अपनी अज्ञानता को स्वीकार कर टिप्पणी करने से कतराता है। इसी कारण ईश्वर आदि की अवधारणा पर विज्ञान निश्चायक रूप से कुछ भी कहने की स्थिति में स्वयं को नहीं पाता। परन्तु दार्शनिक उन विषयों के बारे में भी अवधारणा बनाने का साहस करता है। इस कारण दार्शनिक अवधारणा का क्षेत्र अधिक विस्तृत हुआ करता है। यह अवश्य है कि दर्शन तथा विज्ञान दोनों को ही अपनी अवधारणाओं में संशोधन के तैयार रहना चाहिए। नवीन युक्तियों तथा आकलनों के आलोक में जिस प्रकार वैज्ञानिक अवधारणाओं में लगातार सुधार किया जाता है, उसी प्रकार दार्शनिक अवधारणाओं में भी सुधार करने के लिए हमें सन्नद्ध रहना चाहिए। निश्चय ही आचार्य पाहि की यही पुकार है कि हम नवीन संकल्पनाओं तथा अवधारणाओं के आलोक में न्यायवैशेषिक दर्शन की प्राचीन

अवधारणाओं तथा संकल्पनाओं को निरीक्षित तथा परीक्षित करें। तदुपरान्त हमें जो भी सशक्त तथा सक्षम मिले, उसी का स्वीकार करें।

सन्दर्भ

1. देखें *The Selfish Gene* by Richard Dawkins Oxford University Press, 2014 का The nice guy finishes first अध्याय

प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र एवं धर्म विभाग,
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय,
वाराणसी-221005 (उत्तरप्रदेश)
चलवाणी-09450803808

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

वाचस्पति मिश्र की निम्नोक्त उक्ति 'संविदेव हि भगवती वस्तूपगमे नः शरणम्...' *न्यायवार्तिकतात्पर्य टीका* (पृ. 399) पद्धतिमूलक दृष्टि में प्राथमिकता की माँग करती है। इस उक्ति को केवल एक अलंकार के रूप में देखना भ्रान्तिपूर्ण है। प्रभाकर के अनुयायी शालिकनाथ उपर्युक्त आशय की उक्ति के लिए *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* पृ. 12 पर पाद टिप्पणी 4 (ख) भी द्रष्टव्य है।

शास्त्रनिर्माण में अबाधित अनुभव की भूमिका के सम्बन्ध में *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* पृ. 11 पर दी गई तीन टिप्पणियाँ पर्याप्त हैं। सच्चिदानन्द जी मैं यह प्रत्याशा करता हूँ कि वह न्यायभाष्यकार वात्स्यायन, तात्पर्यटीकाकार वाचस्पतिमिश्र, न्यायभूषणकार भासर्वज्ञ तथा न्यायसूत्रकार महर्षि गौतम की इन उक्तियों पर शास्त्रनिर्माण पद्धति की दृष्टि से विवेचन करेंगे।

सच्चिदानन्द जी के द्वारा किया गया 'यथोपलब्धि व्यवस्था न्याय' की व्याख्या भ्रान्तिपूर्ण है। वह लिखते हैं कि न्यायदर्शन में अकस्माद्वाद का खण्डन वस्तुतः यथोपलब्धि व्यवस्था-न्याय का खण्डन है। कार्य-कारण व्यवस्था की सार्वभौमिकता ही अकस्माद्वाद का खण्डन है। *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* के पृ. 57 पर उपलब्ध टिप्पणी 19-21 के विवेचन से यह स्पष्ट होता है। *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* के पृ. 14 पर दी गई दो टिप्पणियों के विवेचन से यथोपलब्धि व्यवस्था का न्याय परम्परा में गृहीत अर्थ स्पष्ट होता है।

अवयवी की द्रव्यान्तरत्व की सिद्धि के लिए पूर्वाचार्यों के द्वारा दिये गये प्रमाण पर्याप्त हैं—'सर्वस्याग्रहणमवयवसिद्धेः' *न्यायसूत्र* 2.1.34 पर *वात्स्यायन भाष्य* (*वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* के पृ. 160 पर पादटिप्पणी द्रष्टव्य है।) *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* के पृ. 11 पर दी गई पाद टिप्पणी 1(ख) में *न्यायभूषण* से दिया गया उद्धरण पृ. 36 पर पाद टिप्पणी 39 (क)

पर दिया गया उद्धरण तथा पृ. 195-196 पर दिया गया *व्योमवती* के उद्धरणादि द्रष्टव्य है। *न्यायसूत्र* 2.1.33-2.1.36 एवं 4.2.4-4.2.15 तथा उन पर भाष्य एवं वार्तिकादि से न्यायवैशेषिक दार्शनिकों का पक्ष सुस्पष्ट है।

सङ्घातवाद का खण्डन एवं अवयवी का द्रव्यान्तरत्व सिद्धि के लिए (*वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श)* का पृ. 196-200 पर किया गया रसायनशास्त्र मूलक विचार परम्परागत अवयवी सिद्धि पक्ष वैध सुदृढ़ करने के लिए है। रसायनशास्त्रमूलक विचारों के बिना भी सङ्घातवाद का खण्डन एवं अवयवी का द्रव्यान्तरत्व की सिद्धि निम्नप्रकार से की जा सकती है। मानलीजिए कि समान लम्बाई के तीन ताम्बे के तार a,b,c लिये जाते हैं तब सूत्रगति से बान्धे गये तीन संयोग के द्वारा निम्न भिन्नाकृति के दो अवयवी प्राप्त किये जा सकते हैं—



(क)



(ख)

अवयव सङ्घात की दृष्टि से (क) एवं (ख) में चित्रित अवयवियों में कोई अन्तर नहीं, न कि संयोग की संख्या की दृष्टि से, तथापि आकृति भेद के कारण अवयवी (क) अवयवी (ख) से अवश्य भिन्न है। {a,b,c} रूपी एक सङ्घात से दो भिन्न-भिन्न अवयवी (क) एवं (ख) की उत्पत्ति सम्भव होने से सङ्घातवाद का खण्डन के साथ-साथ अवयवी का द्रव्यान्तरत्व सिद्ध होता है।

कर्मवाद जगत् की कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता रूपी दो मान्यताओं पर आश्रित है, जगत् के वस्तुनिष्ठ धर्म के रूप में कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता प्रमाणसिद्ध नहीं है परन्तु तथ्य के रूप में अस्वीकार्य होने पर भी किसी भी विधिनिषेध व्यवस्था (धर्माधर्मव्यवस्था) के पूर्वापेक्षित **आदर्श के रूप में अवश्य वरणीय हैं।** इन दो आदर्शों के बिना धर्मरूपी वैदिक परम्परा का केन्द्रभूत पुरुषार्थ की कल्पना सम्भव नहीं है। इस सम्बन्ध में *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* पृ. 70 पर दिये गये विचार के प्रति ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। सच्चिदानन्द जी का मेरे ऊपर प्रच्छन्न चार्वाक होने का आरोप निराधार है क्योंकि कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता रूपी दो आदर्शों का स्वीकार करने का अर्थ वस्तुतः धर्मरूपी पुरुषार्थ को ही आदर्श के रूप में स्वीकार करना है।

वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श के पृ. 85-95 पर दिये गये पुरुष विषयक विचारों के प्रति सच्चिदानन्द जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ।

कर्तृत्व, भोक्तृत्व व ज्ञातृत्व के साथ समानाधिकरण वाक् शक्ति की योग्यता ही पुरुषार्थत्व का लक्षण है। वाक्शक्ति की योग्यता मनरूपी तत्त्व के बिना सम्भव नहीं है क्योंकि वाचिक क्रिया, मानसिक क्रिया की अपेक्षा रखती है। लोकप्रतीति एवं औपनिषदीय विचार परम्परा की दृष्टि से ज्ञान, इच्छा, द्वेष आदि तथा कथित आत्मविशेष धर्म वस्तुतः मन के ही धर्म है। अतः प्राणवान् पुरुष से गर्भाधान क्षण से मृत्युपर्यन्त सन्तान रूपी कार्य कार्यकारण स्रोतापन्न तत्त्व के द्योतक धर्म के रूप में मुख्य आत्मविशेष गुण विद्यमान रहते हैं। इस मानसिक धर्मों का शरीरधर्म के रूप में रूपान्तरित करके व्याख्या करना सम्भव नहीं है। इस सङ्कलन में गृहीत एकाधिक निबन्धों पर टिप्पणियाँ मैं लिख चुका हूँ। यह अवश्य सत्य है कि *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* की भूमिका के पृ. 6 पर एवं पृ. 95-96 पर असावधानतावशतः पुरुष का तत्त्वमीमांसीय स्वरूप विषयक विचार से मनरूपी तत्त्व की भूमिका में उल्लिखित नहीं किया गया है। यद्यपि वह मेरे बुद्धिस्थ था। अतः देहात्मवाद का आरोप निराधार है।

परम्परागत विशेष पदार्थ स्वतः व्यावृत पदार्थ की विसङ्गतता के आधार पर अस्वीकार्य है। धर्मभेद के बिना धर्मियों के भेद सम्भव नहीं है। सजातीय परमाणुओं के नानात्व विशेष पदार्थों के बिना भी केवल अवयव-अवयवी धारा के स्वरूप विषयक विचार से सिद्ध होता है। *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* के पृ. 105 पर अवयवी की संरचना के लिए उल्लिखित वंशावली तरु में अवयवी स्वयं मूल गाँठ के रूप में एवं उस तरु के सारे अन्तिम गाँठ वस्तुतः सजातीय परमाणुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। अगर हम परम्परागत मतानुसार केवल सजातीय परमाणुओं से ही अवयवी की उत्पत्ति स्वीकार करते हैं; तो इस विषय में *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* का पृष्ठ 277-283 द्रष्टव्य है।

पुरुष को सादि, सान्त कार्यकारण स्रोतापन्न प्रवाह रूप में स्वीकार करने पर भी निष्काम कर्मयोग एवं स्थितप्रज्ञत्व रूपी आदर्शों की उपपत्ति सम्भव है।

—*—

न्यायवैशेषिक आत्मवाद की पुनर्रचना : आचार्य बदरीनाथ शुक्ल और आचार्य विश्वम्भरपाहि

अम्बिकादत्त शर्मा

वरं वृन्दावनेऽरण्ये शृगालत्वं भजाम्यहम्—श्री हर्ष की इस अभ्युक्ति से इतना तो स्पष्ट होता है कि न्याय-वैशेषिक दर्शन में आत्मा एवं मुक्ति का स्वरूप सम्प्रदाय के अन्दर सम्प्रदराय के बाहर विवाद का विषय रहा है। इस विवाद को ध्यान में रखकर 20वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आचार्य बदरीनाथ शुक्ल ने *न्यायशास्त्रीय विचारपद्धत्या देहात्मवादस्य सम्भावना* नामक एक लघु-प्रबन्ध लिख कर 'देहात्मवाद' का प्रतिपादन किया है।[1] साथ-ही-साथ शतश्लोकी एवं उस पर स्वोपज्ञ-वृत्ति लिखकर न्याय-वैशेषिक सम्मत मुक्ति के स्वरूप का देहात्मवाद पुरस्सर परिष्कार भी प्रस्तुत किया है। परन्तु आचार्य शुक्ल की इस प्रयोगधर्मी अभिनव उपस्थापना को उस रूप से संज्ञान में नहीं लिया गया जिस रूप से उसे लिया जाना चाहिए था। यह कोई एक महज संयोग नहीं कि 21वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में आचार्य विश्वम्भर पाहि ने *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*[2] नामक एक प्रौढ़ ग्रन्थ लिख कर न्याय-वैशेषिक सम्मत आत्मा की अवधारणा को इस रूप में पुनर्रचित किया है जो आचार्य शुक्ल की पुनर्रचना से भी अधिक मौलिक, परन्तु उतनी ही विस्थापक भी है। यद्यपि आचार्य पाहि अपनी पुनर्रचना को स्वरूप देते हुए आचार्य शुक्ल को पूर्वपक्ष अथवा समानान्तर पक्ष के रूप में सन्दर्भित नहीं करते हैं। एक दृष्टि से देखा जाय तो आचार्य शुक्ल का देहात्मवाद न्याय-वैशेषिक दर्शन की अनुमत सीमा में एक पुनर्रचना है जबकि आचार्य पाहि का तथाकथित देहात्मवाद सर्वथा एक नवीन रचना है। आचार्य पाहि की यह सुस्पष्ट मान्यता है कि न्याय-वैशेषिक दर्शन में परम्परागत रूप से स्वीकृत देहादिव्यतिरिक्त अशरीरी ज्ञानाश्रयी आत्मा इस दर्शन की तत्त्वमीमांसीय एवं ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्तों से संगत नहीं है। परन्तु मानवव्यक्ति विषयक न्याय-वैशेषिक सिद्धान्त को आचार्य पाहि ने जिस रूप में प्रस्तुत किया है, वह न्याय-वैशेषिक दर्शन की तत्त्वमीमांसा और ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्तों से कितना संगत है, यह भी कमतर विचारणीय प्रश्न नहीं है। देहादिव्यतिरिक्त नित्य आत्मा का न्याय-वैशेषिक तत्त्वमीमांसा और ज्ञानमीमांसा से संगत नहीं होना एक बात है परन्तु आत्मा की अवधारणा को देहेन्द्रियादियुक्त एक जैव संस्थान में रूपान्तरित कर देना सर्वथा दूसरी बात है। आचार्य पाहि अपने इस रूपान्तरण को आकार देते हुए इतने स्वतन्त्र हो जाते हैं कि कहीं भी इसे शास्त्रीय प्रमाणों से पुष्ट करना अथवा यह सुनिश्चित करना आवश्यक

नहीं समझते कि मानवव्यक्ति विषयक यही और केवल यही सिद्धान्त न्याय-वैशेषिक दर्शन के तत्त्वमीमांसीय अथवा ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्तों से निष्फलित होता है।

I

द्रष्टव्य है कि आत्मवाद और अनात्मवाद भारतीय दर्शन की दो प्रमुख धाराएँ रही हैं। दोनों धाराओं की तत्त्वदृष्टि एक-दूसरे के विरोध में सत्ता को क्रमशः नित्यतावादी और क्षणिक प्रतिमान में देखती है। वैदिक परम्परा के आस्तिक दर्शन आत्मवादी तत्त्वदृष्टि का ही अपने-अपने तरीके से प्रतिनिधित्व करते हैं। उन सबों की ज्ञानमीमांसा, नीतिदर्शन एवं आध्यात्मिक साधनाएँ आत्मवादी दृष्टि में ही मूलित हैं। अतः इन्द्रियात्मवाद, शरीरात्मवाद, प्राणात्मवाद जैसे विचारों के सन्दर्भ पूर्वपक्ष के रूप में तो भारतीय परम्परा में सदैव उपस्थित होते रहे हैं लेकिन ऐसे सिद्धान्तों की तात्त्विक स्वायत्तता को आस्तिक परम्परा ने कभी पुरस्कृत नहीं किया है। ऐसी स्थिति में आचार्य शुक्ल और आचार्य पाहि का 'देहात्मवाद' जो अपने स्वरूप में लोकायतिक भी नहीं है, निश्चय ही एक क्रान्तिकारी प्रतिपादन है। यद्यपि इन दोनों आचार्यों ने अपने-अपने तरीके से इसे न्याय-वैशेषिक सम्मत आत्मा की अवधारणा में बतौर परिष्कार के प्रस्तुत किया है तथापि उनका यह प्रतिपादन अपनी व्याप्ति में समस्त आत्मवादी दर्शनों के समक्ष एक वैकल्पिक सिद्धान्त के रूप में खड़ा होता है।

न्याय वैशेषिक सम्मत आत्मा की अवधारणा का सार यह है कि आत्मा पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, दिक् और काल तथा मन से भिन्न नवम द्रव्य है। यह आत्मा प्रत्येक शरीर में भिन्न है और वह शरीर, इन्द्रिय, मन तथा प्राण से भी भिन्न है। वह सभी मूर्त द्रव्यों के साथ संयुक्त होता है तथा वह कर्त्ता, भोक्ता भी है। सभी मूर्त द्रव्यों के साथ उसका सम्बन्ध होने पर जिस देह के साथ उसका अपूर्व-अर्जित अदृष्ट के कारण विलक्षण संयोग रूप भोगनियामक सम्बन्ध स्थापित होता है उसी देह से पूर्व कर्मों के ऊँच-नीच, सुख-दुःखात्मक फलों को भोगता है तथा नये-नये कर्मों को करते हुए पुण्य-पाप रूप धर्माधर्मों से अपने कोश में वृद्धि भी करता रहता है। इतना ही नहीं बल्कि नये-नये अनुभव से प्राप्त संस्कार राशि में भी वृद्धि करता रहता है। सभी प्रकार के क्रियाकलापों से उसके अदृष्ट से आकृष्ट मन उसकी सहायता करता है। ऐसे जीवात्म पदवाच्य 'आत्मा' को न्याय-वैशेषिक दर्शन में ज्ञान, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म, भावना, सुख, दुःख इन नौ तथा संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग इन पाँच सामान्य गुणों का आश्रय माना गया है।

ऐसे जीवात्म पदवाच्य 'आत्मा' की सिद्धि के लिए न्याय-वैशेषिक दर्शन में पारम्परिक तौर पर अनेक युक्तियाँ प्रस्तुत की गई हैं। इन युक्तियों में प्रत्यभिज्ञा की प्रामाणिकता, कारक सिद्धान्त तथा कर्मवाद से सम्बन्धित युक्तियाँ प्रमुख हैं। प्रत्यभिज्ञा-युक्ति के द्वारा आत्मा के क्षणिकत्व, संघातरूपत्व और उसकी सन्तानरूपता का निराकरण होता है। साथ-ही-साथ आत्मा में कर्तृत्व, भोक्तृत्व एवं ज्ञातृत्व के समानाधिकरण्य तथा देह, इन्द्रिय और मन आदि से उसकी भिन्नता भी प्रत्यभिज्ञा-युक्ति के द्वारा ही सिद्ध की गई है। कारक सिद्धान्त के द्वारा आत्मा के अस्तित्व को मुख्य रूप से ज्ञान एवं प्रयत्नादि के आश्रय के रूप में सिद्ध करते हुए देहादि से उसकी भिन्नता प्रतिपादित की गई है। इसी तरह आत्मा

की नित्यता को उसके द्रव्यत्व, और निरवयत्व के आधार पर सिद्ध किया गया है। कुल मिलाकर इन सभी युक्तियों के द्वारा न्याय-वैशेषिक दार्शनिकों ने 'युनिटी थेसिस ऑफ कॉन्शसनेस' अर्थात् आत्मा की अनन्यता की अवधारणा को ही उद्घाटित किया है। इसके अतिरिक्त न्याय-वैशेषिक परम्परा में कृतप्रणाशशून्यता, एवं अकृत-अभ्यागम शून्यता, जन्मान्तरभाव सिद्धि, शरीर की अदृष्ट कार्यता एवं अनर्जित सुख और दुःख की असम्भावना को प्रदर्शित करते हुए देहादिव्यतिरिक्त नित्य आत्मा की संगति संसारवाद, कर्मवाद और ज्ञानमोक्षवाद से बैठाई गई है।

अब आचार्य बदरीनाथ शुक्ल की प्रतिज्ञा है कि—**आत्मा नातिरिक्तद्रव्यं देहमनोभ्यामेव तत्साधनीयस्य निखिलप्रयोजनस्य निर्वर्तयितुं शक्यत्वात्।**[3] अर्थात् आत्मा अतिरिक्त द्रव्य नहीं है, क्योंकि अतिरिक्त आत्मा के द्वारा जो भी साधनीय प्रयोजन है, वे सब कुछ देह और मन के द्वारा ही सम्पादित किये जा सकते हैं। अपनी इस प्रतिज्ञा को सिद्ध करने के लिए उन्होंने अतिरिक्त आत्म-द्रव्य विषयक न्याय-वैशेषिक मान्यता में जो परिवर्तन किया है वह यह कि परम्परागत न्याय-वैशेषिक मान्यता में जहाँ ज्ञान, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न इत्यादि को आत्मा का विशेष गुण माना गया है, वहीं उन्होंने इन सभी गुणों को देह के विशेष गुण नहीं, बल्कि सामान्य गुणों में रूपान्तरित कर दिया है। पुनः धर्म, अधर्म एवं संस्कार को वे मन के विशेष गुण मानने की अभ्युक्ति प्रस्तुत करते हैं।[4] इस सैद्धान्तिक परिवर्तन के विरोध में जितनी आपत्तियाँ उठाई जा सकती हैं, उन सबका परिहार करते हुए उन्होंने अपने इस नवीन अभिमत की संगति भी बैठाई है। इसका परिणाम यह होता है कि सभी भूमिकाओं को अवाप्त करते हुए 'मनयुक्त देह' देहातिरिक्त आत्मा द्रव्य का स्थानीय हो जाता है।

II

न्याय-वैशेषिक परम्परा में ज्ञानादि को देह का गुण मानने में अनेक दोष प्रदर्शित किये गये हैं। अतः यहाँ यह देखना प्रासंगिक होगा कि बदरीनाथ शुक्ल उन दोषों का परिहार करते हुए किस प्रकार अपने देहात्मवाद से उसकी संगति बैठाते हैं। प्रथमतः यह कि शरीर ज्ञानादि का आश्रय होता है तो मृत शरीर को चैतन्य होना चाहिए। इस व्यभिचार दोष का देहात्मवादी प्रत्युत्तर यह है कि मन में धर्म एवं अदृष्ट रहते हैं, परन्तु मरणकाल में शरीर के साथ मन के सम्बन्ध का विनाश हो जाता है। अतः मृत शरीर में चैतन्य का अनुभव नहीं होता। वस्तुतः अतिरिक्त आत्मा मानने वाले भी इस दोष का परिहार इसी रूप में करते हैं। द्वितीयतः यह कि शरीर को ज्ञानादि का आश्रय मानने पर बाल्यकाल में जो विलोकित है, वार्द्धक्य काल में उसके स्मरण की अनुपपत्ति होगी। इस अनुपपत्ति का परिहार करते हुए कहा जा सकता है कि अनुभवात्मक ज्ञान शरीर में उत्पन्न होता है, परन्तु उस ज्ञान से जन्य संस्कार मन में उत्पन्न होता है। अतः मन में रहने वाले संस्कार की महिमा से बाल्यकाल में अनुभूत हुए का वृद्धावस्था में स्मरण सम्भव है।[5] तृतीयतः यह कि सद्यः समुत्पन्न बालक में स्तनपान की प्रवृत्ति के लिए इष्ट साधनता का ज्ञान आवश्यक है। शरीरातिरिक्त आत्मा को चैतन्य मानकर तथा पूर्वजन्म के आधार पर ही इत्याकारक इष्टसाधनता का ज्ञान सम्भव है।

देहात्मवादी पक्ष से इस आपत्ति का परिहार करते हुए कहा जा सकता है कि अनुभव का संस्कार के प्रति और संस्कार का स्मरण के प्रति 'स्वाश्रयविजातीय संयोगसम्बन्ध' से कारणत्व है।[6] पुन: पूर्वजन्म के शरीर का सहयोगी जो मन है, उस मन का पूर्वजन्म के शरीर से जन्य अदृष्ट के कारण सद्योजात बालशरीर में भी प्रवेश हो जाता है। इस कारण पूर्वजन्मानुभूत अर्थ का स्मरण होकर इष्टसाधनता का ज्ञान सम्भव है। अत: देहात्मवादी दृष्टि से भी नवजात शिशु में स्तनपान की प्रवृत्ति की व्याख्या हो जाती है। चतुर्थत: यह कि ज्ञानादि को देह का गुण मानने पर कृतहान और अकृत-अभ्यागम की आपत्ति होगी, क्योंकि जिस शरीर के द्वारा पाप-पुण्य किये गये हैं, उसके द्वारा उस पाप-पुण्य का फलभोग देहात्मवाद में सम्भव नहीं होगा। इस आक्षेप का परिहार करते हुए शुक्ल जी की अभ्युक्ति यह है कि वर्तमान शरीर द्वारा किये गये जिन कर्मों को अभी तक भोगा नहीं गया है, उन कर्मों के द्वारा उत्पन्न धर्म और अधर्म रूपी अदृष्ट का आश्रय जो मन है, वही मन उन कर्मों का अधिष्ठाता है और उस मन का पूर्वजन्मकृत कर्मों से जन्य अदृष्ट द्वारा उत्पादित शरीर में प्रवेश हो जाता है। इस प्रकार से उस शरीर में उन कर्मों का फलभोग और उन कर्मों की सार्थकता दोनों ही सम्भव हो जाते हैं। पुन: यह भी द्रष्टव्य है कि नूतन शरीर में भी पूर्वदेह के द्वारा कृत कर्मों का ही फल प्राप्त होता है। अतएव अकृत-अभ्यागम का भी प्रसंग नहीं उठता। इसके अतिरिक्त आचार्य शुक्ल एक दूसरी अभ्युक्ति भी प्रस्तुत करते हैं कि देहात्मवाद में यह नियम मानना आवश्यक नहीं कि जिसने जो कर्म किया है, उस कर्म का फल उसको ही प्राप्त होना चाहिए।[7] इसके स्थान पर यह नियम मानना अधिक उचित प्रतीत होता है कि जिस मन के द्वारा अधिष्ठित शरीर से कर्म किया जाता है, उसका फल उसी मन के द्वारा अधिष्ठित शरीर से भोगा जाता है—**तत्स्थाने यन्मनोधिष्ठितेन देहेन यत्कर्म क्रियते तत्फलं तन्मनोधिष्ठितेनैव देहेन भुज्यत इति नियमोपगमात्।**[8]

इस प्रकार शरीरातिरिक्त आत्मवाद के बदले देहात्मवाद को मानने में जो भी तत्त्वमीमांसीय एवं ज्ञानमीमांसीय कठिनाइयाँ आ सकती हैं, उन सभी का परिहार करते हुए आचार्य शुक्ल ने अपने देहात्मवाद को ज्ञानाश्रयी और ज्ञानस्वरूप दोनों ही प्रकार के अतिरिक्त आत्मवाद के समानान्तर एक विकल्प के रूप में स्थापित किया है। इस अभिनव देहात्मवाद को संदर्भ बनाकर उन्होंने कर्म, पुनर्जन्म, संसार, अनुभव, स्मृति, संस्कार, प्रत्यभिज्ञा, यज्ञ-यज्ञादि, लोकसंग्रह एवं बन्धन-मोक्ष आदि की भी सुसंगत व्याख्या की है।[9] इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भारतीय-संस्कृति की विश्वदृष्टि और मूल्य-व्यवस्था को अक्षुण्ण रखते हुए उसकी कतिपय खामियों को निवारित करने का सैद्धान्तिक आधार भी प्रस्तुत करता है। ऐसा भी नहीं कि आचार्य शुक्ल की देहात्मवादी अभ्युक्तियों के ऊपर प्रश्न खड़े नहीं किये जा सकते हैं। मेरी जानकारी में कम-से-कम प्रो. राजाराम शुक्ल और प्रो. सच्चिदानन्द मिश्र दो ऐसे उदीयमान नैयायिक हैं जिन्होंने आचार्य शुक्ल की अभ्युक्तियों का प्रतिवाद किया है। परन्तु इस सम्भावना को भी नकारा नहीं जा सकता कि आचार्य शुक्ल जिन आधारों पर अपने देहात्मवाद को उपस्थापित करते हैं, उन आधारों पर प्रो. शुक्ल और प्रो. मिश्र के आक्षेपों को प्रत्युत्तरित नहीं किया जा सकता। यह बात ठीक वैसी ही है जैसे

सम्यक् प्रत्यभिज्ञान के अभाव में मिथ्या प्रत्यभिज्ञान स्वयमेव निवारित हो जाता है, क्योंकि मिथ्या प्रत्यभिज्ञान भी यथार्थ प्रत्यभिज्ञान की अपेक्षा रखता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि आचार्य शुक्ल द्वारा न्यायशास्त्रीय आत्मवाद की देहात्मवादी पुनर्रचना एक सशक्त विकल्प के रूप में उपस्थापित होती है।

III

अब यदि आचार्य विश्वम्भर पाहि द्वारा आत्मविषयक न्याय-वैशेषिक सिद्धान्त के पुनर्निर्माण को देखें तो प्रथमदृष्ट्या ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने पुनर्निर्माण की निज-विवक्षा को आचार्य शुक्ल की तरह न्यायशास्त्र तक सीमित न रखते हुए व्यापक परिप्रेक्ष्य में उपस्थापित किया है। इसलिए उनकी पुनर्रचना में सम्प्रदायनिष्ठ स्वातन्त्र्य की अपेक्षा विचारक-केन्द्रित विचार-स्वातंत्र्य अधिक दिखता है। न्याय-वैशेषिक सम्मत आत्मा की परम्परागत अवधारणा का पुनर्निर्माण जब आचार्य पाहि पुरुषपद वाच्य 'मानव-व्यक्ति' के रूप में करते हैं तो उनकी इस पुनर्रचना के पीछे जो व्यापक प्रेरणा सक्रिय रूप से कार्य करती है, वह यह कि कर्मवाद, संसारवाद एवं ज्ञानमोक्षवाद भारतीय आध्यात्मिक परम्परा की सर्वस्वीकृत पुरुषार्थमीमांसीय सांस्कृतिक मान्यताएँ हैं। इन मान्यताओं के साथ संगत तत्त्वमीमांसीय व्यवस्था को निर्मित करने की समस्या भारतीय दर्शनों की न केवल मूलगामी समस्या है बल्कि यही तत्तद् दर्शनों में विभिन्नता का स्रोत भी है।[10] परन्तु कोई दर्शन जब अपनी तत्त्वमीमांसा और तदनुरूप ज्ञानमीमांसा का अवधारणात्मक ढाँचा निर्मित कर लेता है तो ऐसा प्रतीत होने लगता है कि तत्त्वमीमांसा का निर्माण पुरुषार्थ मीमांसा से प्रेरित न होकर तत्त्वमीमांसा ही पुरुषार्थमीमांसा का आधार होनी चाहिए। अपने विकसित रूप में तत्त्वमीमांसाएँ पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताओं में काट-छाँट भी किंचित् करती ही हैं।

अवधेय है कि आचार्य पाहि न्याय-वैशेषिक सम्मत आत्मा की अवधारणा पर पुनर्विचार कर्मवाद, संसारवाद और ज्ञानमोक्षवाद नामक पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताओं के आलोक में करते हैं। इतना ही नहीं बल्कि पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताओं से क्या विवक्षित है, उसकी समीक्षा भी करते हैं। वस्तुत: कर्मवाद, संसारवाद की समीक्षा के उपरान्त ही उन्हें न्याय-वैशेषिक दर्शन में स्वीकृत आत्मा की अवधारणा के पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस होती है। इसीलिए जब वे आत्मा की सिद्धि के लिए न्याय-वैशेषिक दार्शनिकों द्वारा प्रतिसन्धानमूलक युक्ति और कारक सिद्धान्तमूलक युक्ति को प्रस्तुत करते हैं तो इन युक्तियों से निष्फलित देहादिव्यतिरिक्त नित्य आत्मा की सिद्धि में उन्हें विरोध नहीं दिखाई देता है। परन्तु जब वे कर्मवाद और संसारवाद की पुरुषार्थ- मीमांसीय मान्यताओं की समीक्षा करते हैं तो आत्मा की तत्त्वमीमांसीय अवधारणा पर उन्हें औपनिषद् आत्मवाद का अनपेक्षित प्रभाव दिखने लगता है।[11] अत: आचार्य पाहि जब न्याय-वैशेषिक आत्मा के तत्त्वमीमांसीय स्वरूप के पुनर्निर्माण का दावा करते हैं तो वह पहले संसारवाद, कर्मवाद से सम्बन्धित पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताओं का पुनर्निर्माण करते हैं। तदुपरान्त आत्मा के स्वरूप के पुनर्निर्माण का मार्ग अपने आप प्रशस्त हो जाता है। यहाँ एक महत्त्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि यदि कर्मवाद, संसारवाद और ज्ञानमोक्षवाद भारत की आध्यात्मिक परम्परा की सर्वस्वीकृत

पुरुषार्थमीमांसीय अधिमान्यताएँ हैं तो उन्हें या तो स्वीकार किया जाना चाहिए अथवा सर्वांशतः अस्वीकार किया जाना चाहिए। उनकी समीक्षा का प्रश्न ही नहीं उठता। परन्तु आचार्य पाहि की यह विशेषता ही कही जाएगी कि वे अपनी समीक्षा को न्यायशास्त्रीय समीक्षा का जामा पहना देते हैं, जबकि वह प्रकृति वैज्ञानिक दृष्टि से अत्यधिक प्रभावित है। यह ठीक है कि प्रमाण-विरह का अभाव, लोकप्रतीति का आदर, यथोपलब्धि न्याय एवं भाक्त-प्रधान-न्याय इत्यादि न्यायशास्त्र में शास्त्र-निर्माण-पद्धति के अङ्ग के रूप में स्वीकृत हुए हैं, परन्तु इनके द्वारा पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताओं की समीक्षा को साधिकार न्यायशास्त्रीय समीक्षा कहना उसका अत्यन्त साधारणीकरण है।

कर्मवाद और संसारवाद के सम्बन्धित विधि निषेध-व्यवस्था की एक आधारभूत मान्यता यह है कि कर्त्ता को अपने किये हुए कर्म का फल अवश्य प्राप्त होना चाहिए, चाहे वह फल कर्त्ता को इष्ट हो अथवा अनिष्ट हो। उसी प्रकार कर्त्ता को अपने द्वारा न किये गये कर्म का इष्टानिष्ट रूप फल कभी प्राप्त नहीं होना चाहिए। दूसरे शब्दों में इसे ही कृतप्रणाश शून्यता और अकृत-अभ्यागम शून्यता कहते हैं। अब आचार्य पाहि का मानना है कि न्याय-वैशेषिक दर्शन की आधारभूत पद्धतिमूलक मान्यताओं के साथ संगत रहते हुए जगत् की कृतप्राणशशून्यता एवं अकृत-अभ्यागम शून्यता को सिद्ध करना सम्भव प्रतीत नहीं होता। बलवत्तर प्रमाण के अभाव में लोकप्रतीति का प्रत्याख्यान करना पद्धतिमूलक दृष्टि से दोषावह है। भूकम्प, चक्रवात, महामारी आदि प्राकृतिक विपदाओं तथा आतंकवाद और युद्ध जैसी मानवकृत घटनाओं के सन्दर्भ में कृत-प्रणाश और अकृत-अभ्यागम होता है। यह सुतरां लोकप्रतीति सिद्ध है। पुनः कर्मवाद को स्वीकार करने पर पूर्वजन्म और पुनर्जन्मों को स्वीकार करना आवश्यक हो जाता है। न्याय-वैशेषिक दार्शनिकों द्वारा पुजर्नन्म की सिद्धि एवं शरीरोत्पत्ति के लिए अदृष्ट की निमित्तकारणता की सिद्धि के लिए जो युक्तियाँ प्रस्तुत की गई हैं, वे सभी कर्मवाद की अनुपूरक युक्तियाँ ही हैं। आचार्य पाहि इन युक्तियों में न्यूनता देखते हैं, परन्तु इससे उनका वैशेषिकाचार्य होने का स्वधर्म नहीं जागता कि वे इन युक्तियों की न्यूनता को दूर करें। वे इनका मूल्यांकन करते हुए जीवविज्ञान और उसमें भी विशेष करके वंशानुगत धर्मविषयक शाखा (जेनेटिकशाखा) पर आश्रित होना उचित समझते हैं। इस सम्बन्ध में उनका दृढ़ अभिमत है कि यथोपलब्धि न्याय से संगत रहते हुए गर्भधारण, गर्भाशय में भ्रूण का अन्न-तत्त्व आदि के द्वारा क्रमिक विकास एवं जन्मजात वैचित्र्यादि की उपपत्ति आदि की व्याख्या प्राणिशास्त्रीय और वंशानुगत धर्मविषयक तथ्यों के द्वारा किया जाना सम्भव है। अतः जन्मान्तरवाद एवं अदृष्टकारणतावाद पद्धतिमूलक दृष्टि से न्याय-वैशेषिक दर्शन में स्थान प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं।[12] इतना ही नहीं, अदृष्टकारणतावाद वास्तव में अज्ञात-कारणक कार्यों की अदृष्टकारिता बनाने में ही चरितार्थ होती है। यह एक प्रकार से अन्वेषणात्मक वैचारिक उद्यमहीनता को प्रोत्साहित करना है।[13] न्याय-वैशेषिक दार्शनिकों में इस प्रकार की उद्यमहीनता स्पष्ट तौर पर दिखाई देती है।

इस प्रकार आचार्य पाहि कर्मवाद और संसारवाद से सम्बन्धित पुरुषार्थमीमांसीय पूर्वमान्यताओं की समीक्षा कर इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि न्याय-वैशेषिक परम्परा में

आत्मा की अवधारणा को जिस रूप में स्वीकार किया गया है वह असमीक्षित पुरुषार्थ-मीमांसीय पूर्वमान्यताओं के प्रभाव में ही वैसा स्वीकार किया गया है। अतएव देहादिव्यतिरिक्त नित्य आत्मा को आवागमन के चक्रव्यूह से निकाल कर जैव-संस्थान मात्र 'मानव-व्यक्ति' अर्थात् व्याकरणशास्त्र के प्रथम पुरुष, मध्यमपुरुष और उत्तमपुरुष पदवाच्य 'पुरुष' के रूप में स्वीकार करना न्याय-वैशेषिक दर्शन की आधारभूत पद्धतिमूलक दृष्टि से उचित है।[14]

IV

अब जहाँ तक न्याय-वैशेषिक परम्परा में पुरुष पदवाच्य देहादिव्यतिरिक्त आत्मा को सिद्ध करने वाली परम्परागत युक्तियों का प्रश्न है तो प्रतिसन्धान के आधार पर पुरुष का एकत्व, अक्षणिकत्व एवं ज्ञान, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न एवं सुख-दुःखादि का आश्रयत्व प्रमाणसिद्ध है। परन्तु आचार्य पाहि प्रतिसन्धान एवं कारकसिद्धान्तमूलक अनुमानों की समीक्षा करते हुए यह मानते हैं कि इन युक्तियों से पुरुष का शरीर, इन्द्रिय एवं मन से भेद सिद्ध होने पर भी निरन्तर परिवर्तनशील विभिन्न जैविकतन्त्रों का व्यूहबद्ध अवयवी-सन्तान से पुरुष भिन्न है, यह सिद्ध नहीं हो पाता है। अतः प्राणवान् मानवशरीर, अस्थि एवं मांसपेशी, श्वास-प्रश्वास, रक्तसंचालन, पाचन एवं स्नायुतंत्र आदि विभिन्न प्रणिशास्त्राङ्गीकृत तन्त्रों का व्यूहबद्ध अवयवी विशेष है। यह प्राणवान् शरीर रूपी अवयवी निरन्तर परिवर्तनशील है एवं कार्यकारण-स्रोतापन्न उन्हीं का सन्तान ही पुरुष का तत्त्वमीमांसीय स्वरूप है। निरन्तर परिवर्तनशील प्राणवान् शरीर रूपी अवयविसन्तान स्वयं एक अवयवी नहीं है अपितु प्रवाहरूप सन्तान ही है।[15] न्याय-वैशेषिक परम्परा में सन्तान में स्मृति एवं प्रत्यभिज्ञा की अनुपपत्तिमूलक जो युक्तियाँ दी गई हैं वे सभी यथोपलब्धिन्याय की प्रतिगामी होने से प्रमाणसिद्ध नहीं कही जा सकती हैं। पुरुष को सन्तान-स्वरूप मानने से प्रत्यभिज्ञा एवं स्मृतिमूलक सातत्य व्याहत नहीं होता।[16]

इस प्रकार आचार्य पाहि इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि कर्मवाद और संसारवाद जैसी पुरुषार्थमीमांसीय पूर्वमान्यताओं से मुक्त लोकप्रतीति एवं यथोपलब्धि न्याय व्यवस्था का समादर करते हुए पुरुष की अनित्यता और सन्तान स्वरूपत्व को स्वीकार करना न्याय-वैशेषिक दर्शन के आधारभूत तत्त्वमीमांसीय और ज्ञानमीमांसीय सिद्धान्तों से विसंगत नहीं है। जिस प्रकार अवयवी अवयवों से भिन्न है—यह स्वीकार न करने पर पदार्थ-व्यवस्था सम्भव नहीं होती है उसी प्रकार सन्तानियों से भिन्न सन्तान का अस्तित्व स्वीकार न करने पर सामान्य रूप से निरन्तर परिवर्तनशील प्राणवान् प्रवाहात्मक तत्त्वों की स्वरूपविषयक व्यवस्था तथा विशेष रूप से पुरुष की स्वरूप विषयक तत्त्वमीमांसीय व्यवस्था सम्भव नहीं हो पाती है। अतः धर्मधर्मिभेदमूलक दृष्टि से तो परम्परागत रूप से पुरुषपदवाच्य देहादिव्यतिरिक्त नित्य आत्मा को सन्तानियों से अतिरिक्त सन्तानधर्मी के रूप में स्वीकृत करना न्याय-वैशेषिक दर्शन की एक आन्तरिक आवश्यकता है। इस आन्तरिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आचार्य पाहि ने प्राणवान् सन्तानधर्मी 'पुरुष' की ज्ञानमीमांसीय प्रस्थिति और पुरुषार्थमीमांसीय भूमिका को भी उन्होंने स्व-अस्तित्वविषयक

स्वयंसिद्धता, कर्तृत्व एवं ज्ञातृत्व का समनियतत्व, पुरुष के उत्तरदायित्वमूलक लक्षण, वाक्शक्ति एवं उत्तरदायित्व और उत्तरदायित्व का ज्ञानमीमांसीय एवं क्रियामीमांसीय व्याख्या के द्वारा बिलकुल अभिनव तरीके से प्रतिपादित किया है।

V

इस प्रकार आन्वीक्षिकी विद्या के दो मूर्धन्य आचार्यों ने 20वीं-21वीं शताब्दी में न्याय-वैशेषिक आत्मवाद की पुनर्रचना जिस रूप में प्रस्तुत की है उसे देहात्मवादी चिन्तन के सर्वथा नवीन प्रारूप से अभिहित किया जा सकता है। यह कहना कि इन दोनों आचार्यों की पुनर्रचना देहात्मवादी चार्वाक और अनात्मवादी बौद्धों से प्रभावित रही है, वस्तुतः ऐतिहासिक प्रारूपों में विचार करने की अभ्यस्त मनोवृत्ति का ही परिचायक है। आचार्य बदरीनाथ शुक्ल के देहात्मवाद को लोकायतिक नहीं कहा जा सकता। शुक्ल जी अपने देहात्मवाद को सन्दर्भ बनाकर संसारवाद, कर्मवाद और ज्ञानमोक्षवाद तथा इन तीनों से सम्बन्धित पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताओं की सुसंगत व्याख्या की है। यही उन्हें लोकायतिक देहात्मवाद से अलग करता है। पुनः सन्तानवाद की अस्वीकृति के चलते शुक्ल जी के देहात्मवाद को बौद्धों के अनात्मवाद से जोड़ा नहीं जा सकता। अब आचार्य पाहि की पुनर्रचना पर विचार करें तो वे अपनी पुनर्रचना को कहीं भी देहात्मवाद से सम्बोधित नहीं करते हैं। परन्तु उन्होंने न्याय-वैशेषिक सम्मत देहातिरिक्त ज्ञानाश्रयी आत्मा के बदले 'मानव व्यक्ति' की अवधारणा जिस रूप में प्रस्तुत की है वह एक व्यूहबद्ध अवयवी सन्तान अर्थात् प्रवाहमान जैव-संस्थान है। इसमें प्रवाहमानता का पक्ष बौद्धों से और व्यूहबद्ध जैव-संस्थान का पक्ष चार्वाक से मिलता-जुलता है। परन्तु वास्तव में देखा जाय तो 'मानव-व्यक्ति' की ऐसी अवधारणा को न तो लोकायतिक और न बौद्ध ही कहा जा सकता है। प्रो. पाहि की 'व्यूहबद्ध अवयवी सन्तान' के रूप में 'मानव-व्यक्ति' की संकल्पना अवयवी स्वरूप होने से ही एक सीमा तक न्याय-वैशेषिक गोत्रीय है जिसे वे प्राणिशास्त्र और उसकी जैनेटिक शाखा से प्रमाणित भी करते हैं। पुनः प्रो. पाहि मानव-व्यक्ति की अपनी अवधारणा को सन्दर्भ बनाकर एक विशेषप्रकार की पुरुषार्थ मीमांसा भी प्रस्तावित करते हैं जो लोकायत और बौद्ध दोनों से सर्वथा भिन्न है।

वस्तुतः इन दोनों आचार्यों की पुनर्रचना को उसके नेपथ्य में देखा जाय तो कहा जा सकता है कि आचार्य बदरीनाथ शुक्ल ने न्यायशास्त्रीय देहात्मवाद की सम्भावना को बतौर एक परिष्कार अथवा एक विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। यह परिष्कार अथवा विकल्प न्यायशास्त्र की अनुमत सीमा में ही प्रस्तुत किया है। इसीलिए शुक्ल जी के देहात्मवादी विकल्प से न्यायशास्त्र की पुरुषार्थमीमांसीय अपेक्षाएँ हताहत नहीं होती हैं। यहाँ तक कि शुक्ल जी ने पुनर्जन्म, बन्ध-मोक्ष व्यवस्था और जीवन को नैतिक एवं निर्दुष्ट बनाने की प्रवृत्ति की भी सुसंगत व्याख्या देहात्मवाद के सन्दर्भ में की है। परन्तु आचार्य पाहि की पुनर्रचना का जो नेपथ्य है उसमें अनेक प्रकार की प्रेरणाएँ औरअसहमतियाँ समवेत रूप से शरीरातिरिक्त आत्मवाद के बदले 'व्यूहबद्ध अवयवी जैव-संस्थान' के रूप में मानव-व्यक्ति की अवधारणा को फलित करते हैं। एक ओर आचार्य पाहि संसारवाद, कर्मवाद और

ज्ञानमोक्षवाद की सर्वतन्त्र स्वतन्त्र आध्यात्मिक मान्यताओं से असहमति रखते हैं तो दूसरी ओर इन मान्यताओं के साथ न्याय-वैशेषिक परम्परा में देहातिरिक्त ज्ञानाश्रयी आत्मा की अवधारणा से संगति बैठाने का जो प्रयास किया गया है उसमें भी आचार्य पाहि अन्तर्विरोध देखते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि वे संसारवाद, कर्मवाद और ज्ञानमोक्षवाद की पुरुषार्थमीमांसीय अपेक्षाओं को ही यथोपलब्धि न्याय से खारिज कर देते हैं और तब एक सुसंगत विचार-तंत्र निर्मित करने के लिए देहातिरिक्त नित्य आत्मा की अवधारणा उनके लिए निरर्थक हो जाती है। इसके पश्चात् उनकी दृष्टि न्यायवैशेषिक परम्परा में देहातिरिक्त नित्य आत्मा की समर्थक युक्तियों की ओर जाती है और आचार्य पाहि[17] यह दिखाते हैं कि "प्रतिसन्धान एवं कारकसिद्धान्तमूलक अनुमानों से पुरुष का शरीर, इन्द्रिय एवं मन से भेद सिद्ध होने पर भी निरन्तर परिवर्तनशील विभिन्न जैविक तंत्रों का व्यूहबद्ध अवयवी सन्तान से पुरुष भिन्न है, यह सिद्ध नहीं हो पाता है।" अत: कार्यकारण-स्रोतापन्न, निरन्तर परिवर्तनशील, प्राणवान् शरीररूपी अवयवी सन्तान ही पुरुष का तत्त्वमीमांसीय स्वरूप है। अब देखा जाय तो यह बात नि:शंक रूप से नहीं कही जा सकती कि धर्म-धर्मी भेद पर आधारित न्याय-वैशेषिकों की तत्त्वदृष्टि से पुरुष का ऐसा और केवल ऐसा ही स्वरूप निष्फलित होता है। यह भी कहा जा सकता है कि आचार्य पाहि की पुरुष स्वरूप विषयक दृष्टि जैववैज्ञानिक दृष्टि है और उसे ही उन्होंने जोड़-तोड़कर न्याय-वैशेषिक दृष्टि बनाने का प्रयास किया है। द्रष्टव्य है कि आचार्य पाहि अपनी पुरुष स्वरूप-विषयक और पुरुषार्थ मीमांसा विषयक पुनर्रचना को स्वतंत्र रूप से भी प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि वे ऐसा करें तो किसी न्याय-वैशेषिक तत्त्वमीमांसक को शास्त्रीय अतृप्ति नहीं होगी और यदि वे ऐसा नहीं करें तो न्याय-वैशेषिक तत्त्वमीमांसक को विशेष शास्त्रीय तृप्ति भी नहीं होगी।

संदर्भ

1. यह आलेख सर्वप्रथम भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद् द्वारा सारनाथ में आयोजित (1988) न्याय-पण्डित-संगोष्ठी में प्रस्तुत किया गया था। उसी का पुनर्मुद्रण *उन्मीलन*, वर्ष 14 अंक 2, जुलाई 2000 में किया गया था। इसी अंक में साथ-साथ प्रो. राजाराम शुक्ल की समीक्षा भी प्रकाशित है।
2. प्रो. पाहि का ग्रन्थ राजस्थान विश्वविद्यालय भारतीय दर्शन अध्ययन माला-6 के अन्तर्गत दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय के द्वारा 2000 ई. में प्रकाशित हुआ है। इस ग्रन्थ में प्रो. पाहि ने 'न्याय वैशेषिक दर्शन का पुरुषार्थमीमांसीय मान्यता विषयक विचार' शीर्षक से लिखे गये चौथे अध्याय में न्याय वैशेषिक सम्मत देहात्मवादी अवधारणा को पुनर्रचित करते हुए न्यायवैशेषिक सम्मत अभिनव पुरुषार्थमीमांसा को प्रस्तुत किया है।
3. बदरीनाथ शुक्ल, *न्यायशास्त्रीय विचारपद्धत्या देहात्मवादस्य सम्भावना, उन्मीलन*, वर्ष 14, अंक 3, जुलाई, 2000, पृ. 147
4. वही, पृ. 147, तदेवमेतन्नये देह एव बुद्धि-सुख-दु:खेच्छाद्वेषप्रयत्नानां प्रत्यक्षयोग्यगुणानामाश्रय:। अयोग्यानां धर्माधर्मभावनानामाश्रयो मन:।
5. वही, पृ. 148, ... मनोनिष्ठ संस्कारमहिम्ना बाल्येऽनुभूतस्य बृद्धशरीरेऽपि स्मरणस्योत्पत्तिसम्भवात्।

6. वही, पृ. 148, देहात्मवादे अनुभवस्य संस्कारं प्रति स्वाश्रयविजातीयसंयोग सम्बन्धेन संस्कारस्य च स्मृतिं प्रति स्वाश्रयविजातीयसंयोगसम्बन्धेन हेतुत्वाभ्युपगमात्।
7. वही, पृ. 149, देहात्मवादे नायं नियमो यद् यो यत्कर्म करोति, स एव तत्फलं भुङ्क्ते।
8. वही, पृ. 149
9. वही, पृ. 154 से 157 पर्यन्त।
10. विश्वम्भर पाहि, *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, पृ. 63
11. वही, पृ. 60, प्रो. पाहि का वक्तव्य है कि "औपनिषद् आत्मवाद एवं ईश्वरवाद के प्रभाव से तथा बौद्ध एवं वैदिक परम्पराओं के मध्य सीमा को सुस्पष्ट करने की आवश्यकता से ही आत्मा की नित्यता एवं ईश्वर विषयक मान्यताएँ न्याय-वैशेषिक दर्शन में स्वीकृत हुई हैं, न कि परम्परा के आधारभूत पद्धतिमूलक ज्ञानमीमांसीय एवं तत्त्वमीमांसीय सिद्धान्तों से निष्कृष्ट होने के कारण।"
12. वही, पृ. 69
13. वही, पृ. 76
14. वही, पृ. 86
15. वही, पृ. 95 एवं 96
16. वही, पृ. 96
17. वही, पृ. 95

प्रोफेसर,
दर्शनशास्त्र विभाग,
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय
सागर-470003 (म.प्र.)
दूरभाष : 9406519498

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता जगत् के वस्तुनिष्ठ (तथ्यपरक) दो धर्म के रूप में प्रमाण सिद्ध न होने पर भी धर्माधर्म व्यवस्था तथा सामान्य रूप में किसी विधि निषेध व्यवस्था का अपरिहार्य आदर्शों के लिए अवश्य वरणीय हैं। इस विषय में *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* पृ. 70 पर अभिव्यक्त विचार के प्रति अम्बिकादत्त जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। इस विषय में आनन्द मिश्र जी के निबन्ध पर जो टिप्पणी मैंने लिखी है वह भी प्रासङ्गिक है। प्रत्यभिज्ञा एवं प्रतिसन्धान के आधार पर कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता जगत् के तथ्यपरक धर्म के रूप में सिद्ध नहीं होते हैं—जैसा कि सच्चिदानन्द मिश्र जी सोचते हैं।

उत्तरदायित्व दो प्रकार के होते हैं—क्रियामीमांसीय तथा ज्ञानमीमांसीय। ये दोनों प्रकार के उत्तरदायित्व वाक्शक्ति की योग्यता की अपेक्षा रखते हैं, इसलिए पुरुष के व्यावर्तक धर्म के रूप में भी उत्तरदायित्ववत्ता स्वीकार्य है। अन्य शब्दों में उत्तरदायित्ववत्ता (Accountability) कर्तृत्व, ज्ञातृत्व, भोक्तृत्व के साथ सामानाधिकरण्य वाक् शक्ति की योग्यता के समनियत धर्म है। औपनिषदीय परम्परा में स्वीकृत मनरूपी तत्त्व के बिना वाक्शक्ति की कल्पना सम्भव नहीं है।

बृहदारण्यक उपनिषद् 1.5.3 में पुरुष (आत्मा) के तीन अङ्ग निर्दिष्ट है—मन, वाक् एवं प्राण। यह पुरुष मनोमय, वाङ्मय एवं प्राणमय है। (गीताप्रेस संस्करण, पृ. 342 पर द्रष्टव्य है)। वहाँ पर मन के धर्मों के रूप में काम, संकल्प, विचिकित्सा, श्रद्धा, अश्रद्धा, धृति, अधृति, ह्री, धी, भी (भय) निर्दिष्ट हैं। *शुक्ल यजुर्वेद* का 34वां अध्याय शिवसङ्कल्प सूक्त के छः मन्त्र मन की भूमिका के लिए द्रष्टव्य है। (मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, पृ. 564-565) *तैत्तिरीय ब्राह्मण* का 3.12.3.4 (आनन्दाश्रम संस्करण, 37/3 पूना, 1990 वृ. 1408-1409) भी मन के धर्म के लिए द्रष्टव्य है।

पुरुष का प्राणमयत्व, उसके कर्तृत्व पक्ष को, मनोमयत्व, ज्ञातृत्व एवं भोक्तृत्व पक्षों को एवं वाङ्मय वाक्शक्ति की योग्यता को निर्दिष्ट करते हैं।

जैमिनीय ब्राह्मण. में मन एवं वाक् के सम्बन्ध निम्न प्रकार से बताया गया है—"अथो द्वे एव धुरौ मनश्चैव वाक् च। मनसो हि वाक् प्रजायते, स मनोनेत्रा वाक् भवति। तन्मनो वाचमभि प्रवहति, वागु पुनर्मन अभिप्रवहति।" *धर्मकोश, उपनिषत् काण्ड,* प्रथम भाग, पृ. 326 द्रष्टव्य है।

कर्तृत्व, ज्ञातृत्व, भोक्तृत्व के साथ समानाधिकरण वाक् शक्ति की योग्यता ही पुरुषत्व का लक्षण है। (*वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* पृ. 85-95 द्रष्टव्य है।) अतः पुरुष का तत्त्वमीमांसीय स्वरूप में औपनिषदीय परम्परा में निर्दिष्ट मन के सारे धर्म स्वभावतः सन्निविष्ट है। पुरुष का सन्तानस्वरूपत्व के निरूपण में असावधानतावशतः उसका मनोमयत्व एवं वाङ्मयत्व पक्ष उपर्युक्त ग्रन्थ में उपेक्षित रह गये हैं एवं उनका प्राणमयत्व पक्ष को अनभिप्रेत प्राधान्य प्राप्त हुआ है, वस्तुतः देहात्मवाद का आरोप का मुख्य आधार यही असावधानता ही है, न कि पुरुष के मनोमय एवं वाङ्मय पक्षों को प्राणमय तत्त्व के धर्मों के रूप में रूपान्तरित करने का किसी प्रकार के प्रयास पर। न्याय वैशेषिक परम्परा में सन्तान तत्त्व को पदार्थमीमांसीय स्वीकृति प्राप्त है। बुद्धि का उत्पन्नापवर्गित्व सिद्धि के लिए न्यायसूत्रकार महर्षि गौतम यह युक्ति प्रस्तुत करते हैं कि—'कर्मानवस्थायिग्रहणात्' *न्यायसूत्रम्, 3.2.43.*

इस पर भाष्यकार वात्स्यायन लिखते हैं—'कर्मणोऽनवस्थायिनो ग्रहणादिति क्षिप्तस्येषोरापतनात् क्रियासन्तानो गृह्यते, प्रत्यर्थनियतत्त्वाच्च बुद्धीनां क्रियासन्तानवद् बुद्धिसन्तानोपत्तिरिति' *न्यायसूत्रभाष्य* (आनन्दाश्रम संस्करण, पृ. 261) वर्णानुक्रम पद है परन्तु ='प्' 'र्' 'अ' 'ज्' 'आ' 'प्' 'अ' 'त' 'इ' रूपी नौ वर्णों के अनुक्रम विशिष्ट 'प्रजापति' शब्द पकारादि से अवश्य भिन्न है। **अतः सन्तानघटक सन्तानियों से**

सन्तान का अतिरिक्त तत्त्व के रूप में स्वीकार करना अपरिहार्य है। *न्यायसूत्र*, 1.1.10 भाष्यकार आत्मा का अस्तित्व, एकत्व एवं ज्ञातत्व के पक्ष में प्रतिसन्धानमूलक युक्ति प्रस्तुत करते हुए लिखते हैं कि—'यज्जातीयस्यार्थस्य सन्निकर्षात् सुखमात्मोपलब्धवान् तज्जातीयमेवार्थं पश्यन्नादातुमित्येति संयमाहुतिः एवस्यानेकार्थदर्शिनो प्रतिसन्धानात् भवन्ति लिङ्गमात्मनः नियतविषये हि बुद्धिभेदमात्रे न संभवन्ति देहान्तरवदिति'—*वात्स्यायन भाष्य।* (आनन्दाश्रम संस्करण, पृ. 27-28) वाचस्पतिमिश्र इस पर टीका करते हुए लिखते हैं कि—'नियतविषय इति बुद्धिभेदस्य प्रतिसन्धानमपाकरोति। मात्रग्रहणेन च सन्तानं सन्तानिव्यतिरिक्तमपाकरोति तदुभ्युपगमे वा स एवात्मेति सिद्धं नः समीहितम्'—*न्यायवार्तिक तात्पर्यटीका।* (हरिदास संस्कृतग्रन्थमाला 24 का.स., 1925, पृ. 211) अतः सन्तानिव्यतिरिक्तसन्तान स्वीकृत होने पर तात्पर्य टीकाकार के मत में स्मृति, प्रतिसन्धान उपपन्न होते हैं। पुरुष का सन्तानस्वरूपत्व स्वीकृत होने पर भी उसका नित्यत्व परम्परा में गृहीत कर्मवाद के बिना सिद्ध नहीं हो पाता है।

वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श के चतुर्थ अध्याय में जीवनदर्शन विषयक विचार व्यक्त किये हैं। 'Foundations of Indian Moral thought' (*Journal of Foundational Research* Vo. XI 1,2 2003) में शर्ली जेठमलानी सहित निबन्ध 'The Early Vedic weltanschaung'(पृ. 79-88) आनृण्य विषयक विचार विशेष रूप में उल्लेखनीय है। देवऋण, ऋषिऋण, पितृऋण, शास्त्रऋण एवं मानवऋण इन चार प्रकारों के ऋण के परिशोधन का उत्तरदायित्व भी निभाना एक कर्त्तव्य है। मानवऋण परिशोध को समाज ने न्याय के लिए प्रयासरत रहना एक साधारण कर्त्तव्य है। वहाँ पृ. 127-134 पर मेरा निबन्ध 'On the Structure of Puruṣārtha System' भी प्रकाशित हुआ है। मेरा अनुभव का एक सीमा पर से काम अथवा क्रोधादि द्वारा प्रेरित होकर यन्त्रवत् आचरण करता है। मेरा अस्तित्व का विपरीत सीमा में केवल एक साक्षी के रूप में भासित होता हूँ। इस साक्षी भाव से प्रतिष्ठित रहकर मेरा कर्तृत्व, भोक्तृत्व एवं ज्ञातृत्व को जीवन में पुनर्वरण करने की सम्भावना ही मेरे लिए मोक्ष है, यह वस्तुतः निष्काम कर्म योग की सम्भावना ही है। जीवन के उपर्युक्त आनृण्य एवं निष्काम कर्मयोग रूपी आदर्शों को स्वीकार करने के लिए पुरुष का नित्यत्व एवं द्रव्य स्वरूपत्व स्वीकार करने की आवश्यकता कहाँ पर है?—*उन्मीलन* वर्ष 22 के प्रथम अङ्क में प्रकाशित सच्चिदानन्द मिश्र जी का निबन्ध 'न्यायवैशेषिक परम्परा और देहात्मवाद' अम्बिकादत्त जी को अनावश्यक रूप से प्रभावित किया प्रतीत होता है। इस सन्दर्भ में एक लोकप्रचलित उक्ति स्मरण में आती है—

दुर्योधनसङ्गदोषेण भीष्मो गोहरणे गतः।

—:*:—

आचार्य विश्वम्भर पाहि के पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताविषयक विचार एक समीक्षा

दयानन्द भार्गव

आचार्य विश्वम्भर पाहि की अनुसन्धान मूलक कृति '*वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*' दर्शन शास्त्र के इतिहास में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। जैसा कि ग्रन्थपरिचय में कहा गया है, "आधारभूत सिद्धातों के व्यावर्तन के द्वारा परम्परा के प्रति वैचारिक निष्ठा को परिष्कृत व्यावहारिक रूप प्रदान करना, प्रस्तुत ग्रन्थ का प्रथम लक्ष्य है। तन्त्र के सहज विकास में प्रतिबन्धक की भूमिका निर्वाह करने वाले कतिपय परम्परागत सिद्धान्तों का समीक्षा के अनुसार यथावश्यक खण्डन अथवा पुनर्निर्माण के द्वारा विकास के मार्गों को प्रशस्त करना, ग्रन्थ का द्वितीय लक्ष्य है।"

वस्तुतः आचार्य विश्वम्भर पाहि का यह प्रयत्न भारतीय दर्शन के इतिहास में एक नवीन धारा का श्रीगणेश करता है। एक धारा वाचस्पति मिश्र की है जो अनेक दर्शनों पर समान अधिकार से लेखन करते हैं । दूसरी धारा आचार्य शङ्कर की है जो अपने दर्शन के अतिरिक्त शेष सभी दर्शनों का खण्डन कर देते हैं। एक तीसरी धारा जैन आचार्य मल्लिषेण की है जो अपनी कृति *द्वादशारनयचक्र* में अपनी प्रतिभा के बल पर सभी दर्शनों के खण्डित होने की सभावना विस्तार से प्रतिपादित करते हैं। द्वादशारनयचक्र में आचार्य मल्लिषेण का अपना कोई सिद्धान्तपक्ष नहीं है, सभी पक्ष पूर्वपक्ष भी हैं और उत्तरपक्ष भी हैं। उनकी यह कृति अपने ढंग की अकेली ही है।

आचार्य पाहि इन तीन धाराओं से हट कर वैशेषिक दर्शन की सीमा में रह कर ही उस दर्शन की विसङ्गतियाँ दिखाते हैं। यह कार्य उस कार्य से भिन्न है जो अनेक आचार्य करते रहे हैं अर्थात् अपने दर्शन की स्थापना के लिये अन्य दर्शनों को पूर्वपक्ष बनाकर उनकी विसङ्गतियाँ दिखाने का कार्य। आचार्य पाहि वैशेषिक दर्शन को पूर्वपक्ष बनाये बिना उसकी विसङ्गतियाँ दिखाकर उन्हें दूर करके उसका पुनर्निर्माण करते हैं। स्वाभाविक है कि यह दृष्टि उस दृष्टि की अपेक्षा अधिक तटस्थ है जो किसी दर्शन को पूर्वपक्ष बनाकर उसका खण्डन करने में रहती है।

इसलिये *बाल्मीकि रामायण* के एक श्लोक की प्रथम पंक्ति लेकर दूसरी पंक्ति को बदलकर मैं कहना चाहूँगा कि जैसे गगन के सदृश गगन ही है और सागर के समान सागर ही, उसी प्रकार विश्वम्भर पाहि के समान विश्वम्भर पाहि ही हैं—

गगनं गगनाकारं सागरः सागरोपमः,
विश्वम्भरपाहेस्तुल्यो विश्वम्भरपाहिरहो !

समीक्षा की आवश्यकता

प्रस्तुत लेख में आचार्य विश्वम्भर पाहि के पुरुषार्थमीमांसीय मान्यताविषयक विचारों पर उनके पुनर्निर्माण के प्रयास को आगे बढ़ाने का विनम्र प्रयास किया गया है। पुरुषार्थ के संबंध में जो विचार आचार्य पाहि ने प्रस्तुत किये हैं, उनका क्षेत्र न्यायवैशेषिक दर्शन तक ही सीमित न रहकर पूरी भारतीय परम्परा को अपने में समेट लेता है। अतः इन विचारों पर विशेषकर कर्मवाद, संसारवाद, नैतिकविधिनिषेध-व्यवस्था, पुनर्जन्मवाद तथा कारणकार्यसबन्ध के परिप्रेक्ष्य में समीक्षा करना अत्यन्त आवश्यक है। वस्तुतः आचार्य पाहि ने न्यायवैशेषिकदर्शन की सीमा के भीतर रहते हुए इन विषयों पर जो टिप्पणी की है उससे भारतीय चिन्तन की नींव ही प्रकम्पित हो जाती है, यद्यपि अन्त में स्वयं आचार्य पाहिजी ने समाधान का भी सूत्र निष्काम कर्म तथा लोकसङ्ग्रह के रूप में दे दिया है।

हमारी समीक्षा का क्षेत्र

इस लेख के लेखक ने यह अनुभव किया कि क्योंकि इन विषयों पर केवल न्यायवैशेषिकदर्शन में ही विचार नहीं हुआ है अपितु भारतीय दर्शन के सभी प्रस्थानों में विस्तार पूर्वक विचार हुआ है अतः कर्मवाद और पुनर्जन्मवाद पर विचार करते समय सभी दर्शनों की सहायता ली जाये तो इन सिद्धान्तों की जो नौका दलदल में फँसती हुई सी प्रतीत होती है उसे एक सुरक्षित तट तक लाया जा सकता है। यह इसलिए आवश्यक है कि कर्मवाद की स्थापना पर यदि प्रश्नवाचक चिह्न लगाया जाता है तो वह केवल दार्शनिक संकट ही नहीं है, सामान्य जनजीवन से जुड़ा संकट भी है। कर्मवाद के सिद्धान्त के सामान्य जनजीवन के लिए उपयोगिता को ध्यान में रखकर ही भारत में पैदा होने वाले सभी दर्शन और धर्म इन्हें स्वीकार करते हैं। अनात्मवादी बौद्ध, अनीश्वरवादी जैन, सांख्य तथा मीमांसा और ईश्वर के सबन्ध में भिन्न विचार रखने वाले योग तथा वेदान्त के सभी प्रस्थान तो कर्मवाद को स्वीकार करते ही हैं, भक्तिसम्प्रदाय, सन्तसम्प्रदाय तथा सिक्ख धर्म जैसी भारत में उत्पन्न होने वाली सभी परम्परायें कर्मवाद को स्वीकार करके ही पुरुषार्थ की मीमांसा करती हैं। एक प्रकार से यही सिद्धान्त है जो भारतीय चिन्तन और धर्म को गैरभारतीय चिन्तन और धर्म से भिन्न करता है। अतः इस सिद्धान्त पर जो विसङ्गतियाँ आचार्य विश्वम्भर पाहि ने दिखायी है उन पर विचार करना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। वस्तुतः नास्तिक शब्द का प्रयोग आचार्य पाणिनि के अनुसार उनके लिये मानना चाहिए जो कर्मसिद्धान्त को न माने—**अस्ति नास्ति दिष्टं मतिर्यस्य**। इस परिभाषा में चार्वाक के अतिरिक्त सभी दर्शन आ जाते हैं। इससे कर्मसिद्धान्त की व्यापकता का अनुमान किया जा सकता है।

आचार्य पाहि का अभिमत

आचार्य विश्वम्भर पाहि ने भारतीय परम्परा में तथा राष्ट्रीय सन्दर्भ में विधिनिषेधसबन्धी व्यवस्था को इस रूप में स्वीकार किया है कि भले ही परिस्थितिविशेष में इष्ट का परिहार तथा अनिष्ट का वरण भी दिखायी देता हो, किन्तु सामान्यतः विधिनिषेध की पृष्ठ भूमि में इष्ट की प्राप्ति और अनिष्ट का परिहार का लक्ष्य रहता है। दूसरे शब्दों में कर्तव्य

का पालन करने का फल पुरस्कार और अकरणीय के करने का फल दण्ड होना चाहिए। इसमें यह भी अन्तर्निहित है कि प्रत्येक कर्म का फल मिलना ही चाहिए चाहे वह फल अच्छा हो या बुरा और इसके विपरीत कोई भी फल ऐसा नहीं होना चाहिए जो कर्त्ता को बिना कुछ किये प्राप्त हो जाये। शास्त्रीय भाषा में इसे ही इस रूप में कहा जाता है कि कृतप्रणाश तथा अकृतायागम नहीं होना चाहिए। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए भारतीय चिन्तन परम्परा ने कर्मवाद का प्रतिपादन किया —**अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्** । इसके विपरीत यह भी सत्य है कि जो कुछ भी शुभ या अशुभ हमें प्राप्त होता है वह हमारे कृत कर्म का ही फल है। यह सम्भव नहीं है कि हमें कुछ भी शुभ या अशुभ प्राप्त हो जाये और उसका उत्तरदायित्व हमारे ही किसी कृतकर्म पर न हो। यदि कुछ शुभ या अशुभ ऐसा प्राप्त हो रहा है जिसके लिए हमारा कोई कर्म उत्तरदायी दृष्टिगोचर नहीं हो रहा तो कर्म सिद्धान्त की अखण्डता के लिए यह मानना चाहिए कि वह कर्म हमने कभी किसी पूर्व जन्म में किया है।

चार्वाक की स्थिति

इस प्रकार कर्मवाद के साथ ही पुनर्जन्मवाद का सिद्धान्त भी चार्वाक के अतिरिक्त सभी को मान्य हो गया। यह मान्यता इतनी प्रभावी रही कि इसे स्वीकार न करने वाले चार्वाकदर्शन का सिद्धान्त पक्ष के रूप में कोई विशेष विकास नहीं हो सका; जो कुछ भी हमें चार्वाकदर्शन का ज्ञान होता है वह प्रायः अन्य दर्शनों के उन ग्रन्थों से होता है जिनमें चार्वाक दर्शन को पूर्वपक्ष के रूप में इसलिए दिखाया गया है कि उसका खण्डन करना सभी भारतीय दर्शनों को अभिप्रेत है। सच तो यह है कि चार्वाक दर्शन वस्तुतः दर्शन का ही विरोधी है क्योंकि यदि **ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत्** ही जीवन का आदर्श है तो फिर किसी गम्भीर पुरुषार्थ मीमांसा की आवश्यकता ही नहीं। संक्षेप में चार्वाक दर्शन न होकर एक दर्शनविरोधी आन्दोलन जैसा है। आत्मा, ईश्वर आदि को न मानने वाला मार्क्सवाद चाहे पुनर्जन्म को न माने किन्तु वह अनुमानप्रमाण और ऐतिह्यप्रमाण को तो मानता ही है। अतः मार्क्सवाद तो दर्शन हो सकता है और इस दृष्टि से उस पर बहुत विचार भी हुआ है किन्तु चार्वाक दर्शन और मार्क्सवाद में प्रमाण सबन्धी ऐसा मौलिक मतभेद है कि चार्वाक के मत को दर्शन कहना भी चिन्त्य है।

कर्मवाद एवं तत्त्वमीमांसा

आचार्य विश्वम्भर पाहि के पुरुषार्थ मीमांसीय विचार का प्रारम्भ यहाँ से होता है कि 'आदर्श विधिनिषेधव्यवस्था में कृत का प्रणाश तथा अकृत का अभ्यागम ये दोनों असम्भव हैं' (*वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, पृष्ठ 63)। इसके अतिरिक्त आचार्य पाहि अपना मौलिक चिन्तन प्रस्तुत करने के लिए दो अन्य स्थापनायें भी देते हैं—'वस्तुतः कर्मवाद, संसारवाद एवं ज्ञानमोक्षवाद के साथ सङ्गत तत्त्वमीमांसीय व्यवस्थानिर्माण करने की समस्या ही भारतीय दर्शन में विभिन्नता का स्रोत है। दर्शनशास्त्रीय पद्धति की दृष्टि से तत्त्वमीमांसा का निर्माण पुरुषार्थमीमांसा से प्रेरित न होकर तत्त्वमीमांसा ही पुरुषार्थमीमांसा का आधार होनी चाहिये।' (उपरिवत्, पृष्ठ 63)। आचार्य पाहि का यह कहना एक अपेक्षा से सत्य माना जा सकता है कि कर्मवाद के साथ सङ्गत तत्त्वमीमांसीय व्यवस्था निर्माण करने की

समस्या ही भारतीय दर्शन में विभिन्नता का स्रोत है। इससे यह निष्कर्ष तो निकलता ही है कि विभिन्नता तत्त्वमीमांसा के क्षेत्र में है, कर्मवाद के क्षेत्र में नहीं। अतः यदि कर्मवाद पर प्रश्नवाचक चिह्न लगता है तो वह केवल न्यायवैशेषिक दर्शन पर नहीं पूरे भारतीय दर्शन पर है और यही प्रश्नवाचक चिह्न आचार्य पाहि ने अपने ग्रन्थ में लगाया है। अतः इस प्रश्न पर विचार करते समय भी हम न्यायवैशेषिक दर्शन तक ही सीमित न रहकर पूरे भारतीय चिन्तन का सहारा लेंगे।

आचार्य पाहि की आपत्ति

आचार्य पाहि ने सर्वप्रथम यह दिखाया है कि कर्मवाद की आधारभूत मान्यतायें जगत् की कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृत-अभ्यागमशून्यता है किन्तु उनका कहना है कि 'जिस प्रकार अर्जित सुख एवं दुःख सर्वलोकप्रतीतिसिद्ध हैं उसी प्रकार मानव तथा मानवेतर प्राणियों द्वारा अनर्जित सुख-दुःख के भोग भी सर्वलोकप्रतीतिसिद्ध हैं।' (उपरिवत्, पृष्ठ 65) इस आपत्ति का निराकरण पूर्वजन्म मानने पर भी नहीं होता—'जगत् की कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृत-अयागम-शून्यता के आधार पर उपर्युक्त प्रकार के सुखदुःखादि का पूर्वजन्मकृतकर्मार्जितत्व सिद्ध करने पर स्वयं कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृत-अयागम-शून्यता सिद्ध नहीं हो जाते है।' (उपरिवत्, पृष्ठ 65) आचार्य पाहि की आपत्ति यह है कि हमारे सभी सुख-दुःख स्वकृतकर्मजन्य न होकर परकृतकर्मजन्य भी होते हैं। अतः अकृत का अंयागम भी होता है। इसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति किसी को बचाने के लिए अपने प्राणों का विसर्जन कर देता है तो उसके प्राण त्यागरूपी कर्म का कोई फल उसे नहीं मिलता दिखायी देता। अतः कृत का प्रणाश भी होता है।

तीन विचारणीय बिन्दु

वस्तुतः आचार्य पाहि की यही आपत्ति मुख्य है जो कर्मवाद पर प्रहार करती है। इस सबन्ध में हम अपना विश्लेषण तीन विषयों तक सीमित रखेंगे—

1. कर्म के फल और कर्म के परिणाम में अन्तर
2. सुख और दुःख का वास्तविक स्वरूप
3. कर्म की उत्प्रेरक शक्तिः लोकसंग्रह

आपत्ति का निराकरण : कर्म के फल और कर्म के परिणाम में अन्तर

जब भी कोई कर्म हम करते हैं तो उसका एक प्रभाव तत्काल होता है। उदाहरणतः चोरी करते समय हमारे मन का पापबोध हमारे मन को कचोटता है। यह अन्तःकरण में घटित होने वाला कर्म का परिणाम है जो कर्म करते समय ही घटित हो जाता है। किन्तु चौर्यकर्म का फल भविष्यगामी है। उदाहरणतः भविष्य में हमारी चोरी पकड़े जाने पर हमें दण्ड मिल भी सकता है किन्तु यह भी सम्भव है कि हमारी चोरी पकड़ में ही न आये और हम दण्ड से बचे रहें। चौर्यकर्म का दण्ड कर्म का फल है जो मिल भी सकता है और नहीं भी मिल सकता है। किन्तु अन्तःकरण में जो पापबोध की पीड़ा है वह तो होगी ही । अतः यदि यह विचार किया जाये कि कर्म के प्रभाव से बचा जा सकता है या नहीं अर्थात् कृतप्रणाश होता है या नहीं तो

इसका उत्तर होगा कि अच्छे या बुरे कर्म का अन्तःकरण पर तत्काल पड़ने वाला प्रभाव तो होता ही है और उससे नहीं बचा जा सकता किन्तु अच्छे या बुरे कर्म का जो प्रभाव दूरगामी होता है वह हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है। इस दूरगामी प्रभाव में केवल हमारा कर्म ही उत्तरदायी नहीं होता अपितु काल, स्वभाव, नियति, यदृच्छा, भूत, योनि, पुरुष इत्यादि अनेक कारण होते हैं—

कालः स्वभावो नियतिर्यदृच्छा
भूतानि योनिः पुरुष इति चिन्त्याः
संयोग एषां न त्वात्मयोगात्
आत्माप्यनीशः सुखदुःखहेतोः। *(श्वेताश्वतरोपनिषद्, 1.2)*

इसलिए कर्म का फल कदाचित् होता भी है और कदाचित् नहीं भी होता। निष्कर्ष यह हुआ कि यदि कृतप्रणाश का अर्थ कर्म के दूरगामी फल के सन्दर्भ में लिया जाये तो आचार्य पाहि की आपत्ति उचित है कि कर्म का फल न मिले, कभी यह भी हो सकता है, किन्तु कर्म का अन्तःकरण पर प्रभाव न पड़े यह सम्भव नहीं। पापकर्म का यह अशुभ फल तो होगा ही कि हमारा अन्तःकरण मलिन, संकुञ्चित, दुःखी, भारी और संकीर्ण हो जाये तथा शुभ कर्म के फलस्वरूप हमारा अन्तःकरण निर्मलता, प्रफुल्लता और प्रसाद का अनुभव करे। इस अर्थ में कृत का प्रणाश नहीं होता और पुण्य का फल अन्तःकरण की प्रसन्नता तथा पाप का फल अन्तःकरण की मलिनता अन्वय–व्यतिरेकी व्याप्ति से सिद्ध की जा सकती है।

कर्मवादी जब कर्म के उस फल की बात करते हैं जो पश्चाद्वर्ती है तो वे उस फल के पीछे केवल कर्म को कारण नहीं मानकर उपर्युक्त काल, स्वभाव आदि कारणसमवाय को उत्तरदायी मानते हैं। अतः वहाँ कर्म का फल न होने पर अन्य अन्य कारणों को हेतु मानना चाहिए न कि कर्म को । वस्तुतः जब कर्म का फल मिलता भी है तो सदा एकसा नहीं होता। इस विभिन्नता का हेतु भी यही है कि फल के प्रति केवल कर्म ही उत्तरदायी नहीं है काल, स्वभाव आदि भी मिलकर फल देते हैं। अतः एक ही कर्म काल, स्वभाव आदि की भिन्नता के कारण भिन्न हो जाता है।

अन्तःकरण पर कर्म के प्रभाव में भिन्नता का कारण

जहाँ तक कर्म के समय ही घटित होने वाले चित्त की निर्मलता एवं मलिनता का सबन्ध है वहाँ मुख्यतः कर्म ही हेतु बनता है। अतः वहाँ कर्म के प्रणाश का अवसर नहीं रहता। यह बात दूसरी है कि चित्त की निर्मलता अथवा मलिनता के न्यूनाधिक्य में काल स्वभाव आदि भी योगदान देते हैं। उदाहरणतः गौ हत्या करने में किसी हिन्दू का अन्तःकरण जिस पापबोध का अनुभव करता है उस पापबोध का अनुभव मुसलमान कसाई का अन्तःकरण नहीं करता। इसीलिए गौ हत्या में पाप है या नहीं इस सबन्ध में उस प्रकार का एकमत भी नहीं हो पाता जिस प्रकार का एकमत इस सबन्ध में हो जाता है कि असत्य भाषण नहीं करना चाहिए। एक दूसरा उदाहरण चौर्यकर्म का लें तो यह विचार करना होगा कि क्या सभी को चोरी करते समय पापबोध की पीड़ा होती है। जिनका अभ्यास बारबार

चोरी करने का होता है सम्भवतः उन्हें चोरी करने में भी पापबोध नहीं होता। गौ हत्या जैसे कर्म में तो पाप है या नहीं इस विषय में मतभेद हो सकता है किन्तु चोरी करने में पाप है या नहीं इसमें सिद्धान्ततः मतभेद होना कठिन है। फिर प्रश्न होगा कि यदि बारबार चोरी करने वाले व्यक्ति को चोरी करते समय पापबोध की पीड़ा नहीं होती और उसकी चोरी पकड़ी भी नहीं जाती और न उसे कोई दण्ड मिलता है तो ऐसे स्थान पर तो कृत का प्रणाश हो गया? मनु के सामने यह प्रश्न आया था और उन्होंने यह उत्तर दिया कि अधर्म से भले ही उन्नति हो जाये, सारी सुख सामग्री भी मिल जाये और व्यक्ति अपने साथियों से आगे भी निकल जाये किन्तु उसका 'मूल' अर्थात् अन्तःकरण की पाप और पुण्य में भेद करने की शक्ति नष्ट हो जाती है और इस प्रकार वह उसी पशु के समान हो जाता है जिसमें पाप और पुण्य का भेद करने की शक्ति नहीं है। यही उसका दण्ड है—

अधर्मेणैधते तावत् ततो भद्राणि पश्यति।
सपत्नाञ्जयते सर्वान् समूलस्तु विनश्यति।।

आदतन अपराधियों की यह स्थिति होती है कि उनके अन्तःकरण की आवाज ही मर जाती है। उन पर कृतप्रणाश के अभाव का नियम का लागू करना उसी प्रकार व्यर्थ है जिस प्रकार पशुओं पर यह नियम लागू नहीं होता। *ईशोपनिषद्* ने इस स्थिति को आत्महनन कहा है। उर्दू में इसे जमीर का मर जाना कहते हैं। *ईशोपनिषद्* (मन्त्र 3) कहता है कि वे लोग जो आत्मा का हनन करते हैं सूर्य से रहित गहरे अन्धेरे से आवृत लोकों में जाते हैं—

असूर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसा वृताः।
ताँस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः।।

यह दण्ड उनके लिए है जो पाप करते समय पाप के दंश का बोध भी नहीं कर पाते– धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः। वस्तुतः नैतिक नियम मनुष्यों पर ही लागू होते हैं इसलिए मनुष्य योनि को ही कर्मयोनि कहा गया है। पशुओं की योनि भोगयोनि है। इसलिए उन पर कर्म सिद्धान्त लागू ही नहीं होता। सिंह को हिरण मारकर खाने का पाप लगता है या नहीं— यह प्रश्न नैतिकता के विचार से बाहर है।

कर्त्तव्य के विषय में एकमत सम्भव नहीं

वस्तुतः धर्म के चार स्रोत मनु ने बताये हैं—

श्रुतिः स्मृतिः सदाचारः, स्वस्य च प्रियमात्मनः।

इनमें अपने को जो प्रिय लगे वह धर्म है यह भी कहा गया है। यह मानदण्ड बहुत लचीला है । शराबी को शराब पीना अत्यन्त प्रिय लगता है तो क्या शराब को धर्म मान लिया जाये। कालिदास ने इसका समाधान यह कहकर दिया कि सत्पुरुषों का अन्तःकरण ही प्रमाण है, न कि सबका—**सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः।**

यहाँ यह प्रश्न रहता है कि सत्पुरुष कौन हैं? इसका उत्तर किसी एकमत से देना सम्भव नहीं। अलबत्ता कालिदास ने *अभिज्ञानशाकुन्तल* में अन्तःकरण की प्रवृत्ति को प्रमाण मानने का दोष ही दिखाया है। मनु के द्वारा कर्त्तव्य के निर्णय में सहायक होने वाले दो तत्त्व श्रुति

और स्मृति भी गिनाये हैं किन्तु इन तत्त्वों पर भी महाभारत काल में यह कहकर प्रश्नवाचक चिह्न लगा दिया है कि श्रुति और स्मृति भिन्न भिन्न हैं। ऋषि भी अनेक हैं । ऐसे में महाजनों का अनुकरण करना ही एकमात्र उपाय है—

श्रुतयो विभिन्नाः स्मृतयो विभिन्नाः,
नैको ऋषिर्यस्य मतं प्रमाणम्।
धर्मस्य तवं निहितं गुहायाम्,
महाजनो येन गतः स पन्थाः।।

अतः यह तो मानना ही होगा कि कर्त्तव्य अकर्त्तव्य का कोई सर्वसम्मत रूप देना सम्भव नहीं है तथापि सामान्यतः पाप कर्म करने से अन्तःकरण की मलिनता का अनुभव होता है और पुण्यकर्म करने से अन्तःकरण की निर्मलता का अनुभव होता है—यह प्रायः प्रतीतिसिद्ध है। अतः इस दृष्टि से यह कहा जा सकता है कि कृत का प्रणाश नहीं होता। अब यदि कृत का दूरगामी फल ही सिद्ध होना चाहिए यह माना जाये तो उसका उत्तर हमने ऊपर दिया ही है। फिर भी दूरगामी फल को क्योंकि सुख या दुःख कहा जाता है, अतः सुख या दुःख की अवधारणा पर विचार करना आवश्यक है।

सुख और दुःख का वास्तविक स्वरूप सापेक्ष

आचार्य पाहि ने कर्म का सबन्ध सुख दुःख से माना है। सामान्यतः यह माना भी जाता है। किन्तु ऐसा मानने पर कृतप्रणाश और अकृतायागम दोष बना रहता है। यह सर्वजनप्रतीतिसिद्ध है कि पुरुषार्थ करने पर भी अनुकूल फल नहीं होता। इतना ही नहीं पुरुषार्थ के बिना भी अनुकूल फल देखने में आता है। उदाहरणतः कभी-कभी लॉटरी में बहुत बड़ी धनराशि प्राप्त हो जाती है। इसीलिए गीता ने यह कहा कि मनुष्य का अधिकार कर्म पर तो है किन्तु उसके फल पर नहीं। जो कर्म के फल को कर्म का प्रेरक मानते हैं वे कृपण हैं—**कृपणाः फलहेतवः** अर्थात् फल पर दृष्टि रखना सङ्कीर्णता है, उदारता नहीं।

वस्तुतः सुख-दुःख की अवधारणा व्यक्तिनिष्ठ है, वस्तुनिष्ठ नहीं। जो एक के लिए सुखकारक है व दूसरे के लिए दुःखकारक हो जाता है। उदाहरणतः मांसाहारी के लिए मांस सुखकारक है, शाकाहारी के लिए दुःखकारक है। रुचिभेद के कारण अनुकूलता-प्रतिकूलता अनेक स्थानों पर भिन्न व्यक्तियों के लिए भिन्न सिद्ध होती है। उदाहरणतः मूर्तिपूजकों के लिए मूर्तिपूजा अनुकूल है किन्तु जो मूर्तिपूजक नहीं है उनके लिए मूर्तिपूजा प्रतिकूल है। इसी प्रकार एक राजनैतिक विचारधारा वाले व्यक्तियों के लिए जो सिद्धान्त अनुकूल है वही सिद्धान्त दूसरे राजनैतिक विचारधारा वालों के लिए प्रतिकूल है। अभिप्राय यह है कि किसी भी पदार्थ या स्थिति को इदमित्थम्तया अनुकूल या प्रतिकूल नहीं कहा जा सकता। ऐसी स्थिति में किस कर्म का कौनसा फल अनुकूल या प्रतिकूल माना जायेगा? इसका वस्तुनिष्ठ उत्तर देना कठिन है।

द्वन्द्वातीतता अभीष्ट है

अनुकूलता हो या प्रतिकूलता, वह हमारी समता को भंग ही करती है क्योंकि अनुकूलता या प्रतिकूलता वस्तुतः दोनों ही एक प्रकार की उत्तेजना लाते हैं। इसी दृष्टि से *पातञ्जल योगसूत्र* में कहा गया है कि विवेकी के लिए सभी दुःख है—**दुःखमेव सर्वं विवेकिनः** (योगसूत्र, 2.15)। इसलिए कर्म का कोई भी फल हो किन्तु कर्म को बन्धन ही माना गया है—**कर्मणा बध्यते जन्तुः विद्यया च विमुच्यते।** इसलिए गीता ने बारबार सुख-दुःख पर दृष्टि न रखकर—सुखदुःखे समे कृत्वा—कर्तव्य कर्म करने का आदेश दिया है। यह विषय अत्यन्त प्रसिद्ध है। इसे निष्काम कर्म कहा गया है। यह निष्काम कर्म कर्मसिद्धान्त का परिष्कृत रूप है।

कर्म बन्धन का कारण न बने इसका उपाय यह है कि मनुष्य अपने आपको कर्म का कर्त्ता न मानकर प्रकृति को कर्म का कर्त्ता माने और स्वयं कर्म का साक्षी बना रहे—**अहङ्कारविमूढात्मा कर्त्ताहमिति मन्यते।** कर्म के फल का भोग भी प्रकृति ही करती है पुरुष नहीं। कारणकार्य सबन्ध भी प्रकृति पर लागू होता है पुरुष पर नहीं और इसलिए प्रकृति का विश्लेषण ही तर्क संगत हो सकता है—

अचिन्त्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केण योजयेत।
प्रकृतिभ्यः परं यच्च तदचिन्त्यस्य लक्षणम्।।

आचार्य विश्वम्भर पाहि कर्म का पुरुष के साथ सबन्ध जोड़ रहे प्रतीत होते हैं, प्रकृति के साथ नहीं। और तब वे जब तर्क के आधार पर कृतप्रणाश और अकृताभ्यागम का दोष निकालते है तो स्पष्टतः चाहे न्याय वैशेषिक परम्परा में यह दोष सिद्ध होते हों किन्तु सांख्यदर्शन के आधार पर जो निष्काम कर्म का सिद्धान्त गीता ने दिया उसमें परमपुरुषार्थ इन्द्रियों के विषयों से ऊपर उठने में है न कि इन्द्रियों के विषयों में लिप्त होने में। यही जीवन्मुक्ति का साधन है और जीवन्मुक्त के लिए इन्द्रियजन्य सुख-दुःख का कोई महव ही नहीं है।

आचार्य पाहि ने सुख दुःख का जो वर्गीकरण वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का *पद्धतिमूलक विमर्श* (पृ. 74) में दिया है उनमें मानवकृत दुःखों के अन्तर्गत एक तपस्या का विषय भी विचारणीय होना चाहिए। तपस्या के अन्तर्गत मनुष्य स्वेच्छा से उस परिस्थिति का चयन करता है जिसे सामान्यतः दुःख समझा जाता है किन्तु शास्त्र में उसे दुःख न कहकर तपस्या कहा जाता है। यह तपस्या एक की दृष्टि में सुख का साधन है जबकि दूसरे की दृष्टि में यह दुःख ही हो सकता है। स्पष्ट है कि यहाँ भी सुख दुःख वस्तुनिष्ठ न होकर व्यक्तिनिष्ठ हो जाते हैं। कर्मसिद्धान्त पर विचार करते समय तपस्या की अवधारणा पर भी विचारं होना चाहिए।

उपर्युक्त दुःख के वर्गीकरण में प्रकृतिकृत दुःखों में एक दुःख शारीरिक पीड़ा का भी आता है। इसके सबन्ध में श्रीअरविन्द का निम्न मत भी विचारणीय है—

It might be objected that physical evil, such as pain and most bodily suffering, is independent of knowledge and ignorance, of right and wrong

consciousness, inherent in physical Nature: but, fundamentally, all pain and suffering are the result of an insufficient consciousness-force in the surface being which makes it unable to deal rightly with self and Nature or unable to assimilate and to harmonise itself with the contacts of the universal Energy; they would not exist if in us there were an integral presence of the luminous Consciousness and the divine Force of an integral Being—(*The Life Divine*, P. 624-625).

अभिप्राय यह है कि शारीरिक पीड़ा भी हमारे ज्ञान की निर्बलता का फल है न कि आकस्मिक और उसे भी पुरुषार्थ द्वारा दूर किया जा सकता है।

सुख-दुःख की विवेचना में योगसूत्र का एक शब्द क्लेश भी विचारणीय है। क्लेश पाँच हैं—**अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः पञ्चक्लेशाः** (*योगसूत्र*, 2.3)। इन पाँच क्लेशों के रहते कोई भी कर्म दुःख ही देगा। इसलिए कर्ममात्र दुःख का ही कारण बनेगा। पुरुषार्थ दुःख की निवृत्ति में नहीं है अपितु अविद्या की निवृत्ति में है। अविद्या के रहते सुख भी दुःख ही है और अविद्या के निवृत्त हो जाने पर तो दुःख स्पर्श ही नहीं करता। यही भारतीय दर्शन का नैष्कर्य है।

कर्म की उत्प्रेरक शक्ति : लोकसङ्ग्रह एक विधायक शक्ति

यह सभी विवेचन आचार्य पाहि के विवेचन में न होने पर भी उनके मन में अवश्य है इसीलिए वे इस सारे विवेचन के अन्त में लिखते हैं—तत्त्वज्ञान से उत्प्रेरित लोकसङ्ग्रह के लिए निष्काम कर्मयोग में ही पुरुष की चरम परिपूर्णता की सभावना है। (उपरिवत् पृ 101) अच्छा होता कि आचार्य पाहि अपने इस वक्तव्य की व्याख्या में लोकसङ्ग्रह और निष्काम कर्मयोग का स्वरूप भी थोड़ा विस्तार से बता देते। सम्भवतः उन्होंने ऐसा इसलिए नहीं किया कि वे न्याय वैशेषिक दर्शन की सीमा में ही विचार करना चाहते थे। हमने ऊपर निष्काम कर्मयोग के संबंध में कुछ कहा है और अब लोकसङ्ग्रह की अवधारणा पर भी कुछ प्रकाश डालेंगे। इसका प्रयोजन यह है कि एक तो पाठकों की दृष्टि में यह आना चाहिए कि षड्दर्शन एक दूसरे के विरोधी नहीं हैं अपितु परिपूरक हैं। दूसरे उनमें क्रमिक विकास है। न्याय वैशेषिक के केन्द्र में क्षर पुरुष है, सांख्ययोग के केन्द्र में अक्षर पुरुष है और वेदान्त के केन्द्र में अव्यय पुरुष है। पूर्ण सत्य के लिए क्षर, अक्षर और अव्यय तीनों का विवेचन आवश्यक है। आचार्य पाहि को यह श्रेय जाता है कि उन्होंने वैशेषिक दर्शन का विमर्श करते हुए उसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता प्रतिपादित की। साथ ही यह भी संकेत दे दिया कि अन्य दर्शनों की सहायता से यह पुनर्निर्माण का कार्य हो सकता है। यदि अन्य दर्शनों का भी इसी शैली से विवेचन किया जाये तो वहाँ भी पुनर्निर्माण की आवश्यकता प्रतीत होगी। इस प्रकार आचार्य पाहि ने भारतीय दर्शन में पुनर्निर्माण की आवश्यकता का प्रतिपादन किया। यह उनका अत्यन्त महवपूर्ण योगदान है।

हम अन्त में लोकसङ्ग्रह के स्वरूप को भी थोड़ा विस्तार से बताना चाहेंगे । आचार्य पाहि ने तो उसका संकेत मात्र किया है किन्तु हम उसका थोड़ा विस्तार इसलिए कर रहे हैं कि

आचार्य पाहि के विवेचन से कर्मसिद्धान्त के निराकरण की आशंका उत्पन्न हो सकती है, यद्यपि यदि वे कर्मसिद्धान्त के निराकरण के आशय से विवेचन करते तो लोकसङ्ग्रह और निष्काम कर्मयोग द्वारा समस्या के समाधान का सङ्केत न देते।

लोकसङ्ग्रह का लक्ष्य

जो बात आचार्य पाहि ने सूत्र रूप में कही उसका विस्तार श्रीमद्भगवद्गीता में मिलता है। इस विस्तार का दार्शनिक दृष्टि से क्रमबद्ध विवेचन श्रीअरविन्द ने अपने ग्रन्थ Essays on the Gita में किया है। निष्कामकर्म, समता तथा त्याग लोकसङ्ग्रह की प्रारम्भिक आवश्यकता है। इसके बिना कर्म बन्धन का कारण है। कर्मयोग का अर्थ है कि हम इस प्रारम्भिक आवश्यकता को प्रथम पूरा करें। तदनन्तर भी कर्म को छोड़ने की आवश्यकता नहीं अपितु कर्म के प्रति साक्षी भाव रखने की आवश्यकता है। वस्तुतः कर्म छूट ही नहीं सकते और कर्म को छोड़ कर शरीरयात्रा भी सम्भव नहीं है। बाह्य रूप में कर्म छोड़ने का दुराग्रह मिथ्याचार में बदल जाता है क्योंकि मानसिक उथल पुथल तो बनी ही रहती है। इन्द्रियों के विषयों के प्रति अनासक्त रहकर कर्म करना ही एकमात्र विकल्प है।

यह सच है कि सामान्यतः हमारे कर्म कामना से प्रेरित होते हैं। इस प्रकार हम व्यक्तिगत स्वार्थ की संकीर्णता से घिरे रहते हैं। इस सबन्ध में श्री अरविन्द का कहना है—

We cannot become impersonal by obeying something outside ourselves, for we cannot so get outside ourselves; we can only do it by rising to the highest in ourselves, into our free Soul and Self which is the same and one in all and has therefore no personal interests, to the Divine in our being who possesses Himself transcendent of cosmos and it therefore not bound by His cosmic works or His individual action—*Essays on the Gita*, Page 111.

स्पष्ट है कि यहाँ श्री अरविन्द कर्म का प्रयोजन अद्वैत का साक्षात्कार मान रहे हैं। अद्वैत उत्तरमीमांसा का विषय है। कर्म पूर्वमीमांसा का विषय है। कर्म साधन है, अद्वैत साध्य है।

लोक की व्यापकता

कर्म का उत्प्रेरक जैसे जैसे विस्तृत होता जाता है वैसे वैसे हमारे कर्म निर्मल होते जाते हैं। लोकसङ्ग्रह कर्म का विस्तृततम उत्प्रेरक है। अभिप्राय यह है कि व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज, समाज से राष्ट्र, राष्ट्र से मानव, मानव से प्राणी और प्राणी से लोक अधिक व्यापक है। लोक से अधिक व्यापक कुछ भी नहीं है। इस लोक के सङ्ग्रह की कामना से किया गया कर्म स्वार्थ को परमार्थ में बदल देता है। गीता में श्रीकृष्ण ने कहा कि न मुझे कुछ कर्म करना शेष है, न कुछ प्राप्त करना शेष है तथापि मैं लोक कल्याण के लिए कर्म करता हूँ। कुछ करना शेष न रहे और कुछ प्राप्त करना शेष न रहे—यह ब्राह्मी स्थिति है। इस स्थिति को प्राप्त करने के बाद भी लोक सङ्ग्रह के लिए कर्म करते रहना बन्धन का कारण नहीं है।

यज्ञीय कर्म बाँधते नहीं

यही यज्ञ है जिसमें ममता का त्याग मुख्य है—**इदं देवाय इदन्न मम**। ममता के त्याग के अतिरिक्त कर्तृत्व के अहङ्कार का त्याग भी यज्ञ में अपेक्षित है। ब्राह्मण ग्रन्थ में एक कथा आती है कि जब यजमान ने पुरोहित से होता बनने की प्रार्थना की तो होता ने कहा कि हे अग्रे! मुझमें होता बनने का सामर्थ्य नहीं आप ही इस यज्ञ के होता बनें। इसी प्रकार जिस पुरोहित से अध्वर्यु बनने की प्रार्थना की थी उस पुरोहित ने कहा हे वायो! आप ही इस यज्ञ के अध्वर्यु हैं, मैं नहीं। उद्गाता ने यही प्रार्थना सूर्य से की । अभिप्राय यह है कि कर्तृत्व का भार मनुष्य अपने ऊपर न लेकर देवों को सौंप रहा है। यही अहङ्कार का त्याग है। इस प्रकार अहङ्कार के त्याग पूर्वक ममता का त्याग कर्तृत्व और भोक्तृत्व से मुक्त कर देता है किन्तु कर्म से मुक्त नहीं करता। लोक कल्याण के विस्तृततम उद्देश्य से जो कर्म किया जाता है वह भगवदर्पण हो जाता है। यही कर्मसिद्धान्त का उच्चतम स्वरूप है।

चाहे न्याय वैशेषिक दर्शन हो या अन्य कोई दर्शन , यह मानकर चला जाता है कि लोक सङ्ग्रह के लिए कर्म करने वाला साधक उन नियमों का स्वभावतः पालन करता है जिन नियमों को सामान्यतः नैतिकता कहा जाता है। उदाहरणतः *प्रशस्तपादभाष्य* (बनारस, 1924, पृ. 640)में निम्न सामान्य धर्म बताये गये हैं—श्रद्धा, अहिंसा, प्राणिहित साधन, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अनुपधा (हृदय की शुद्धि), अक्रोध, स्नान, पवित्रद्रव्य सेवन, देवोपासना, उपवास और अप्रमाद। स्पष्ट है कि वैशेषिक दर्शन उन सभी नैतिक मूल्यों पर बल देता है जिससे लोक की स्थिति अर्थात् लोकसङ्ग्रह बना रहे। वस्तुतः सभी भारतीय दर्शनों में लोकस्थिति बनाये रखने की चिन्ता उपलध होती है। लोकस्थिति को बनाये रखने वाला तत्व ही धर्म कहलाता है—**धर्मो धारयते जगत्**। इस धर्म की स्थापना के लिए स्वयं भगवान् भी मनुष्य शरीर में अवतीर्ण होते हैं।

उपसंहार

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है आचार्य विश्वम्भर पाहि ने पुरुषार्थ मीमांसीय मान्यता पर विचार करते समय न्याय वैशेषिक दर्शन की सीमा में जो विसंगतियाँ दिखाई है वे हमें न्याय वैशेषिक दर्शन से बाहर जाकर गीता जैसे सर्वमान्य ग्रन्थ की सहायता से दूर करनी चाहिए। इसका सङ्केत स्वयं आचार्य पाहि ने भी अपने विवेचन के अन्त में लोक सङ्ग्रह और निष्काम कर्मयोग का उल्लेख करके कर दिया है। उन्हीं के इस सङ्केत का उपबृंहण करते हुए हमने इस लेख में यह विचार किया है कि किस प्रकार कर्मवाद का सिद्धान्त कृतप्रणाश और अकृताभ्यागम के दोष से मुक्त हो सकता है और साथ ही किस प्रकार कर्मवाद का सिद्धान्त नैतिकता और लोक-कल्याण की उदार भावना से प्रेरित होते हुए बन्धनकारक न होकर उस मोक्ष का साधन बन सकता है जो सर्वोत्कृष्ट पुरुषार्थ है। साथ ही कर्म द्वारा धर्म, अर्थ और काम की सिद्धि तो स्पष्टतः होती हुई दिखायी देती है। इस प्रकार अर्थ और काम की सिद्धि अभ्युदयकारक तथा धर्म एवं मोक्ष की सिद्धि निःश्रेयससाधक बनती है। तब ही वैशेषिकदर्शन का यह लक्ष्य पूरा होता है—**यतोऽभ्युदयनिःश्रेयससिद्धिः स धर्मः**। *वैशेषिकसूत्र* 1.1.2

वस्तुतः वैशेषिक दर्शन में दो यह लक्ष्य हमारे सम्मुख प्रस्तुत किया वह सार्वभौम है। सांसारिक दुःखों से छुटकारा पाकर सुख प्राप्त करना एक लक्ष्य है और आत्मानन्द की प्राप्ति दूसरा लक्ष्य है। मनुष्य इन दोनों ही लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहता है किन्तु इन दोनों लक्ष्यों में परस्पर विरोध प्रतीत होता है—**श्रेयश्च प्रेयश्च विपरीतमेतौ।** इस विरोध का परिहार करने का प्रयत्न भारतीय दर्शन के इतिहास में वैदिक काल से ही होता रहा है। वेद में ब्रह्म और क्षत्र के समन्वय की बात की गयी है, उपनिषद् में विद्या और अविद्या, सम्भूति और असम्भूति तथा परा विद्या और अपरा विद्या के समन्वय की बात की गयी है एवं गीता में ज्ञान और विज्ञान के समन्वय की बात की गयी है। इस सारे प्रयत्न के बावजूद अभी हम अभ्युदय और निःश्रेयस में कोई निश्चित समन्वय का मार्ग सम्भवतः खोज नहीं पाये हैं।

जब वैशेषिक दर्शन ने हमारे सामने यह समस्या रखी तो ऐसा प्रतीत होता है कि प्रोफेसर पाहि उस समस्या के समाधान के रूप में कर्मवाद के सिद्धान्त से सन्तुष्ट नहीं हुए और उन्होंने निष्काम कर्म तथा लोकसङ्ग्रह का आदर्श हमारे सम्मुख रखा। इस आदर्श में सम्भवतः अभ्युदय और निःश्रेयस दोनों का सन्तुलन उपलध होता है। प्रश्न यह है कि निष्काम कर्म और लोकसङ्ग्रह गीता की अवधारणा है। क्या उन्हें वैशेषिक दर्शन में स्वीकार करना चाहिए? यह प्रश्न एक बहुत बड़े नये प्रश्न को जन्म दे देता है कि क्या गीता जैसे व्यापक स्तर पर मान्य ग्रन्थ की वैशेषिक दर्शन परक व्याख्या हो सकती है? यदि गीता की वेदान्त के अनेक प्रस्थानों के अनुसार भिन्न भिन्न और परस्पर विरोधी व्याख्यायें हो सकती हैं तो क्या वैशेषिक दर्शन परक व्याख्या भी सम्भव है? यह प्रश्न अभी अनुत्तरित ही है। इतना अवश्य है कि क्षरपुरुष को गीता ने भूत माना है—**क्षरः सर्वाणि भूतानि।** अभिप्राय यह है कि यदि गीता की क्षरपुरुष को केन्द्र में रखकर व्याख्या की जाये तो वह वैशेषिक दर्शन के अधिक निकट होगी। यह कार्य अभी भविष्य के गर्भ में है।

प्रोफेसर, सेवानिवृत्त
ओ.के. प्लस वीनस, फ्लेट नं. A-1005,
एस-9, महल रोड,, जगतपुरा, जयपुर-302025
चलवाणी : 9314189878

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श ग्रन्थ में ग्रन्थकार के दार्शनिक लक्ष्यों को रेखांकित करने के लिए भार्गवजी मेरे द्वारा धन्यवादार्ह है। कृतप्रणाशशून्यता तथा अकृताभ्यागमशून्यता जगत् का तथ्यपरकधर्म न होने पर भी, किसी भी विधि निषेध व्यवस्था एवं विशेष रूप में धर्माधर्मव्यवस्था के पूर्वमान्यतारूपी आदर्श के रूप में अवश्य वरणीय है। उपर्युक्त ग्रन्थ के पृ. 70-71 पर अभिव्यक्त विचारों के प्रति भार्गव जी का ध्यान विशेष रूप में आकर्षित करना चाहता हूँ कि कृतप्रणाशशून्यता एवं

अकृताभ्यागमशून्यताओं को आदर्श के रूप में स्वीकार करने का अर्थ भारतीय वैदिक व्यवस्था के केन्द्रभूत धर्म को पुरुषार्थ के रूप में स्वीकार करना ही है।

राजस्थान विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग द्वारा प्रकाशित 'Foundations of Indian Moral thought' (*Journal of Foundational Research* Vo. XI 1,2 2003) में निबन्ध 'On the Structure of Puruṣārtha System' (पृ. 127–134) में धर्मरूपी पुरुषार्थविषयक विचार मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया है। उसी निबन्ध में काम, क्रोधादि से अभिभूत पुरुष को वस्तु के स्तर पर अवनीत एक यन्त्र के रूप में देखा गया है, यह पुरुष का स्वानुभव की एक सीमा है, पुरुष के स्वानुभव की विपरीत सीमा वह है जहाँ पर वह अपना स्वाभाविक कर्तृत्व, भोक्तृत्व एवं ज्ञातृत्व के ऊपर उठकर साक्षीभाव में रहता है। स्वानुभव के इस स्तर में विषयों का उपादेयत्व, हेयत्व एवं उपेक्षणीयत्व के पक्ष तथा विपक्ष विलुप्त हो जाते हैं एवं पुरुष अपने साक्षिभाव में प्रतिष्ठित रहकर जब कर्तृत्व को पुनर्वरण करता है तब वह निष्काम कर्मयोगी के रूप में सर्वभूत कल्याणार्थ के लिए कर्म करता है। साक्षिभाव में प्रतिष्ठित कर्त्ता अपना पूर्णत्व को आशीर्वाद के रूप में जगत् को कर्म प्रदान करता है जैसाकि सूर्य अपने पूर्णत्व से जगत् को कल्याणमय रश्मियों से आप्यायित करता है, इसलिये मैं निष्काम कर्म योग को मानव जीवन के चरम लक्ष्य के रूप में स्वीकार करता हूँ। *भगवद्गीता* का स्थितप्रज्ञ लक्षण पुरुष का नित्यत्व, कर्मवाद, संसारवादादि तत्त्वमीमांसीय मान्यताओं पर आधारित प्रतीत नहीं होता है। पुरुष का अनित्यत्व तथा सन्तानस्वरूपत्व स्वीकार करने पर निष्कामकर्मयोग एवं स्थितप्रज्ञत्व रूपी आध्यात्मिक लक्ष्य अनुपपन्न नहीं हो जाते हैं। अन्य शब्दों में निष्काम कर्मयोग तथा स्थितप्रज्ञत्व रूपी आध्यात्मिक लक्ष्य *भगवद्गीता* की तत्त्वमीमांसा की अपेक्षा नहीं रखते हैं। पुरुष को सन्तान स्वरूप एवं अनित्य स्वीकार करने पर भी उपर्युक्त आध्यात्मिक लक्ष्य उपपन्न होते हैं।

पुरुषत्व के लक्षण विषयक विचार के लिए *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* के पृष्ठ 85–95 द्रष्टव्य है। अम्बिकादत्त शर्मा जी के निबन्ध पर टिप्पणी करते हुए मैंने आनृण्य को नैतिक आदर्श के रूप में विचार किया है।

कर्मवाद को सिद्ध करने के लिए भार्गव जी का विद्वत्तापूर्ण विचार प्रशंसनीय है। परन्तु उनके तर्क कृतप्रणाशशून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता को जगत् के वस्तुनिष्ठ धर्म सिद्ध करने के लिए पर्याप्त नहीं है। यह निर्विवाद रूप में स्वीकार्य है कि **'कृत का प्रणाश नहीं होना चाहिए तथा अकृत का अभ्यागमन नहीं होना चाहिए'** परन्तु यह कहना सत्य का अपलाप है कि **'कृत का प्रणाश नहीं होता है एवं अकृत का अभ्यागमन नहीं होता है।'**

— * —

वैशेषिकदर्शन में दुःख का स्वरूप तथा आचार्य विश्वम्भर पाहिकृत दुःखवर्गीकरण की महत्ता

धर्मचन्द जैन

भारतीय परम्परा में दुःख

भारतीय परंम्परा में यह तथ्य सभी दर्शनों को मान्य है कि दुःख का अनुभव चेतना को होता है। प्रतिकूलवेदनीय होने से यह किसी भी चेतना, पुरुष या आत्मा को प्रिय नहीं है। सभी इससे मुक्त होना चाहते हैं। बौद्ध दर्शन में दुःख को चार आर्य सत्यों में प्रथम स्थान दिया गया है, तथा इसके अविद्या, तृष्णा आदि कारणों का भी प्रतिपादन किया गया है। इस दृष्टि से दुःख एक कार्य, परिणाम अथवा फल है। यदि कारण का निवारण कर दिया जाए तो दुःख से रहित हुआ जा सकता है। क्षणिकवादी बौद्ध दर्शन में भी इस दुःख का अनुभव चेतना में ही स्वीकृत है, भले ही वह चेतना सन्तान रूप में ही प्रवाहित हो। सांख्य दर्शन में दुःख को प्रकृति का धर्म माना गया है, किन्तु उसका अनुभव चेतनाशील पुरुष को ही होता है। इसीलिये उसके आत्यन्तिक उच्छेद की आवश्यकता अनुभव की गई है। सत्त्व, रज एवं तमोगुणात्मिका प्रकृति में दुःख रजोगुण का कार्य है। सत्त्वगुण से सुख, रजोगुण से दुःख एवं तमोगुण से मोह प्रकट होता है। प्रकृति का कार्य होते हुए भी इसका अभिघात पुरुष को झेलना पड़ता है। जैनदर्शन के अनुसार भी दुःख का अनुभव चेतन आत्मा को होता है, किन्तु यह उसका निजीगुण या स्वरूप नहीं है। वेदनीय कर्म के कारण दुःख का उदय होता है। बाह्य पदार्थ एवं प्रतिकूल परिस्थितियाँ निमित्त कारण होती हैं। आत्मा यदि समभाव में रहे तो वह दुःख के प्रभाव से मुक्त हो सकता है। सम्यग्दर्शन एवं सम्यग्ज्ञानपूर्वक की गई समभाव की साधना दुःख से मुक्ति का उपाय है। वेदान्तदर्शन में दुःख को अज्ञान या अविद्या का परिणाम स्वीकार किया गया है। इसमें ब्रह्म या आत्मा स्वरूपतः आनन्दमय है, दुःख तो अज्ञान के कारण अनुभव में आता है। न्यायदर्शन में अक्षपाद गौतम ने कहा है कि मिथ्याज्ञान से राग-द्वेष आदि दोष उत्पन्न होते हैं, इन दोषों के कारण पापप्रवृत्ति होती है, इस प्रवृत्ति से विभिन्न योनियों में

जन्म होता है एवं जन्म के होने पर दुःख होता है।[1] अतः जन्म ही दुःख का प्रमुख कारण स्वीकृत है। वैशेषिक दर्शन में प्रारम्भ से ही दुःख को आत्मा में रहने वाला गुण माना गया है, जो अधर्मरूपी अदृष्ट का फल है।

आचार्य विश्वम्भरपाहि ने वैशेषिक दर्शन में प्रतिपादित दुःख गुण का महत्त्वपूर्ण वर्गीकरण किया है, जो नूतन दृष्टि से युक्त है। दुःख के वर्गीकरण की चर्चा से पूर्व यह विचार कर लिया जाये कि वैशेषिक दर्शन में दुःख का क्या स्वरूप है एवं उसकी पदार्थ के रूप में क्या स्थिति है?

वैशेषिक दर्शन में दुःख का स्वरूप

प्रशस्तपादभाष्य में दुःख को उपघात लक्षण वाला कहा गया है—**उपघातलक्षणं दुःखम्**। प्रतिकूलवेदनीय होने के कारण दुःख से आत्मा उपहत होता है। दुःख का अनुभव आत्मा को होता है। दुःख की उत्पत्ति में अधर्मस्वरूप अदृष्ट एक कारण है तथा विष आदि अनभिप्रेत विषयों की सन्निधि में होने वाले इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष के साथ आत्मा एवं मन का संयोग दूसरा कारण है। इन दोनों कारणों के होने पर ही आत्मा को दुःख का अनुभव होता है।[2] इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि अधर्म से युक्त आत्मा दुःख का समवायिकारण है। विष आदि अनभिप्रेत पदार्थ निमित्त कारण हैं तथा इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष एवं आत्मा व मन का संयोग असमवायी कारण है। इस प्रकार दुःख एक कार्य है जो उत्पन्न होने से अनित्य है। वैशेषिक दर्शन में इसे पदार्थ-व्यवस्था के अन्तर्गत गुण की कोटि में रखा गया है, जो आत्मा नामक द्रव्य में समवाय सम्बन्ध से रहता है। न्यायदर्शन में दुःख को आत्मा, शरीर आदि द्वादश प्रमेयों में स्थान दिया गया है तथा '**बाधनालक्षणं दुःखम्**'[3] सूत्र के द्वारा इसे बाधना, पीड़ा अथवा ताप के रूप में परिभाषित किया गया है। दुःख प्रतिकूल वेदनीय होता है—**प्रतिकूलवेदनीयं दुःखम्** तथा सुख अनुकूल वेदनीय होता है—**अनुकूलवेदनीयं सुखम्**।

प्रशस्तपादभाष्य में दुःख को वर्तमान में उपलब्ध विष आदि अप्रिय या प्रतिकूल बाह्य पदार्थों से उत्पन्न मानने के साथ अतीत में देखे या जाने गए सर्प, व्याघ्र, चौर आदि के स्मरण से तथा एतादृक् भावी पदार्थों के संकल्प से भी दुःख की उत्पत्ति स्वीकार की गई है।[4] तात्पर्य यह है कि दुःख उत्पन्न करने में अतीत, वर्तमान एवं भावी पदार्थों के क्रमशः स्मरण, इन्द्रिय-प्रत्यक्ष एवं संकल्प भी दुःख के कारण होते हैं। यहाँ पर यह ध्यातव्य है कि *प्रशस्तपादभाष्य* में इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष को दुःख का कारण निरूपित करते समय पक्षधर्मता ज्ञान, सादृश्य ज्ञान एवं शाब्दबोध को दुःख की उत्पत्ति में कारण नहीं कहा गया है, किन्तु दुःख की उत्पत्ति में ये भी उसी प्रकार कारण हो सकते हैं, जिस प्रकार इन्द्रियार्थ सन्निकर्ष कारण होता है। उदाहरण के लिये कोई फैक्ट्री में धूम की उठती

हुई अविच्छिन्न धारा को देखकर दुःखी एवं भयभीत हो सकता है। भय, शोक आदि भी दुःख के ही रूप हैं, क्योंकि वैशेषिकदर्शन में इनकी गणना पृथक् से नहीं की गई है। इनमें भी प्रतिकूल वेदन होता है एवं उपघात का अनुभव होता है, अतः ये भी दुःख ही हैं। किसी को गोयरे (एक भुज परिसर्प) से भय लगता है तो वह तत्सदृश अन्य भुजपरिसर्प को देखकर भी भयभीत हो सकता है। यह सादृश्य ज्ञान के कारण उत्पन्न भय है। कोई 'चोर आया', 'भूकम्प आया', 'चक्रवाती तूफान आने वाला है' आदि शब्दों को सुनकर भी भय का अनुभव कर सकता है। अतः ज्ञान या प्रमिति के जितने साधन हैं वे दुःख की उत्पत्ति में भी निमित्त कारण बन जाते हैं। दुःख की उत्पत्ति तो भ्रान्त ज्ञान से भी हो सकती है। कोई रस्सी को सर्प समझकर भी भयभीत या दुःखी हो सकता है। अतः दुःख में प्रमा, अप्रमा दोनों ही निमित्त हो सकते हैं, किन्तु दुःख का अनुभव आत्मा को तभी होता है जब अधर्म नामक अदृष्ट का उदय हो।

सुख के अनुभव में धर्म तथा दुःख के अनुभव में अधर्म कारण बनता है। अधर्म के साथ दिक्, काल आदि भी कारण होते हैं, अतः अधर्मादि शब्द का उल्लेख है।[5] अधर्मादि की अपेक्षा रखकर आत्मा एवं मन का संयोग होने पर आत्मा में ही समवाय सम्बन्ध से दुःख उत्पन्न होता है। यहाँ आत्मा एवं मन का संयोग असमवायी कारण है,[6] आत्मा समवायी कारण है तथा शेष सब निमित्त कारण हैं। दुःख को अमर्ष, उपघात एवं दैन्य की उत्पत्ति का निमित्त कारण कहा गया है। अमर्ष का तात्पर्य है–असहिष्णुता। दुःख से असहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, आत्मा को उपघात का एवं दीनता का अनुभव होता है।[7] यहाँ पर यह भी स्पष्ट करना उचित होगा कि दुःख से द्वेष का भी जन्म होता है। अमर्ष एक प्रकार का द्वेष ही है। *प्रशस्तपादभाष्य* में द्रोह, क्रोध, भय, अक्षमा, अमर्ष को द्वेष के ही प्रकार या भेद कहा गया है।[8]

दुःख एवं सुख का जन्म अदृष्ट के अनुसार होता है। वह अदृष्ट धर्म एवं अधर्म के भेद से दो प्रकार का है। धर्म अदृष्ट से सुख तथा अधर्म अदृष्ट से दुःख उत्पन्न होता है। इसलिये सुख दुःख की उत्पत्ति मात्र पदार्थों के ज्ञान से नहीं होती, अपितु धर्म एवं अधर्म भी उसमें कारण होते हैं।

सांख्यदर्शन में त्रिविध दुःख एवं वैशेषिक दर्शन

वैशेषिकदर्शन में दुःख के उस प्रकार के भेदों का कोई उल्लेख नहीं है, जिस प्रकार सांख्यदर्शन में तीन प्रकार के दुःख निरूपित हैं। सांख्य दार्शनिक ईश्वरकृष्ण ने तीन प्रकार के दुःख कहे हैं, जिनका उल्लेख वाचस्पतिमिश्र कृत *सांख्यतत्त्वकौमुदी* में स्पष्टतः हुआ है। वे दुःख हैं—1. आध्यात्मिक 2. आधिभौतिक 3. आधिदैविक। आध्यात्मिक दुःख वह है जो आन्तरिक उपाय से साध्य है। यह दुःख शारीरिक एवं

मानसिक के भेद से दो प्रकार का है। शरीर में होने वाली पीड़ा, व्याधि आदि शारीरिक दुःख है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय, ईर्ष्या, विषाद, अभीष्ट विषय के दिखाई न देने आदि से मानसिक दुःख होता है।[9] वैशेषिकदर्शन में यह मानसिक दुःख पृथक् विवेचित नहीं है। प्रशस्तपाद, उदयन, श्रीधर, व्योमशिव भी इसकी चर्चा नहीं करते हैं। हाँ, काम को वे इच्छा के अन्तर्गत, क्रोध को द्वेष के अन्तर्गत सम्मिलित करते हैं। ईर्ष्या का पृथक् से कथन करते हैं। वस्तुतः से सभी आत्मा के लिए उपघातक होने से दुःख रूप ही है। सांख्यदर्शन में आधिभौतिक एवं आधिदैविक दुःख को बाह्य उपाय साध्य निरूपित किया गया है। अन्य मनुष्य, पशु, पक्षी, सरीसृप आदि के निमित्त से उत्पन्न दुःख आधिभौतिक है तथा यक्ष, राक्षस आदि के कारण उत्पन्न दुःख आधिदैविक है।[10] प्राकृतिक भूकम्प, बाढ़ आदि के द्वारा जन्य दुःख का भी इसमें समावेश किया जा सकता है। यह तीनों प्रकार का दुःख अन्तःकरण में रहकर चेतनाशक्ति का अभिघात करता है।[11] वैशेषिकदर्शन में प्रयुक्त उपघात शब्द एवं सांख्यदर्शन में प्रयुक्त अभिघात शब्द अर्थ की दृष्टि से समान हैं।

आचार्य विश्वम्भर पाहिकृत दुःख–वर्गीकरण

प्रो. विश्वम्भर पाहि ने वैशेषिक पदार्थ–व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श करते हुए दुःख का जो वर्गीकरण किया है[12] वह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने दुःख के मूलतः दो प्रकार स्वीकार किये हैं—1. लोकोत्तर दुःख 2. लौकिक अथवा साधारण दुःख। प्रो. पाहि के अनुसार लोकोत्तर दुःख एक ऐसी वेदना है, जो मानवीय मूल्यों के सर्जन में कारण होने से मंगलकारी है। लौकिक अथवा साधारण दुःख तो मानवकृत होता है या फिर प्रकृतिकृत। मानवकृत दुःख पुनः व्यक्तिकृत एवं संस्थाकृत दुःखों में वर्गीकृत किया गया है। व्यक्तिविशेष के द्वारा उत्पन्न दुःख व्यक्तिकृत होता है, जो पुनः दो प्रकार का निरूपित है—1. अर्जित दुःख– यह भोक्ता के स्वकृत कर्म से उत्पन्न होता है। 2. अनर्जित दुःख—यह अन्य व्यक्ति के द्वारा उत्पन्न दुःख है। संस्थाकृत दुःख से अभिप्राय उस दुःख से है जो राज्य, समाज आदि संस्थागत व्यवस्थाओं के कारण उत्पन्न होता है। लौकिक दुःख के द्वितीय प्रकार प्रकृतिकृत दुःख को भी पुनः दो प्रकारों में विभक्त किया गया है। एक वह दुःख जो उपलब्ध तकनीकी या साधनों द्वारा नियन्त्रित किया जा सकता है, यथा—बाढ, अकाल आदि से उत्पन्न दुःख। जो नियन्त्रित न किया जा सके वह प्रकृतिकृत अन्य दुःख है, यथा भूकम्प, तूफान आदि से होने वाला विनाश। संक्षेप में इस दुःख के वर्गीकरण को इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है—


दुःख
लौकिक या साधारण दुःख
लोकोत्तर दुःख (मानवीय मूल्यों की सृष्टि के आधार रूपी पवित्र एवं मंगलकारी दुःख)
मानवकृत
प्रकृतिकृत
व्यक्तिकृत (व्यक्ति विशेष कृत कर्म के फलस्वरूप उत्पन्न)
संस्थाकृत (राज्य, समाज आदि संस्थागत व्यवस्थाओं के कारण उत्पन्न)
अर्जित दुःख (भोक्ता से स्वकृत कर्म से उत्पन्न)
अनर्जित दुःख (परकृत कर्म से उत्पन्न दुःख)
नियन्त्रण या निराकरणयोग्य (उपलब्ध तकनीक द्वारा) (बाढ़, अकाल आदि)
अन्य (भूकम्प, तूफान आदि)

आचार्य विश्वम्भर पाहिकृत दुःख वर्गीकरण :एक समीक्षा

आचार्य पाहि के अनुसार लौकिक दुःख का जो वर्गीकरण किया गया है, उसमें सांख्यदर्शन के दुःख वर्गीकरण से पर्याप्त साम्य है। सांख्यदर्शन में जो शारीरिक एवं मानसिक रूप से अनुभूत दुःख है वह आध्यात्मिक दुःख है, जिसे प्रो. पाहि ने मानव के द्वारा अर्जित दुःख कहा है। अन्य मनुष्य एवं प्राणियों के द्वारा उत्पन्न दुःख को सांख्यदर्शन में आधिभौतिक कहा गया है, जिसे प्रो. पाहि ने अनर्जित दुःख कहा है। राज्य, समाज आदि संस्थागत व्यवस्थाओं के कारण उत्पन्न दुःख भी आधिभौतिक अथवा अनर्जित दुःख की ही श्रेणी में समाविष्ट हो सकता है। प्रो. पाहि ने व्यक्तिकृत दुःख को ही अर्जित एवं अनर्जित में वर्गीकृत किया है,[13] जबकि संस्थागत व्यवस्थाओं के कारण उत्पन्न दुःख भी एक प्रकार से अनर्जित ही है। सांख्यदर्शन में जिसे आधिदैविक दुःख कहा गया है, उसके अन्तर्गत प्रकृतिकृत दुःख को समाविष्ट किया जा सकता है।

प्रो. पाहिकृत दुःख–वर्गीकरण पर विचार करने पर विदित होता है कि लौकिक दुःख का विभाजन दुःख के जनक कारणों के आधार पर किया गया है, वहीं लोकोत्तर दुःख का

कथन उसके फल के आधार पर किसी कल्याणकारी लक्ष्य में परिणत होने वाली पीड़ा या व्यथा के लिए किया गया है। प्रो. पाहि ने जिस दुःख को लोकोत्तर दुःख कहा है, उसका अनुभव भी व्यक्ति को ही होता है, किन्तु वह लोकोत्तर तब बन जाता है, जब व्यक्ति उस दुःख से स्वयं करुणित होकर दूसरों के दुःख का निवारण करने के लिये तत्पर होता है। वह दुःख उपघातक नहीं होकर मानवता का सर्जक हो जाता है। वस्तुतः लौकिक दुःख ही व्यक्ति की अपनी अलौकिक दृष्टि के कारण मानवीय मूल्यों के सर्जन में सहायक बनता है। अतः प्रो. पाहि ने उस दुःख के फल को आधार बनाकर ही उसे लोकोत्तर दुःख कहा है। इस तरह के लोकोत्तर दुःख के कई रूप हो सकते हैं, यथा परिवार के इष्ट व्यक्ति के वियोगजन्य दुःख के परिणामस्वरूप संसार से वैराग्य, अनिष्ट के संयोजन्य दुःख के परिणामस्वरूप अनासक्ति या समता का अभ्यास आदि। तपस्या या साधना को दुःख की कोटि में लेना उपयुक्त नहीं है, क्योंकि साधक उसे दुःख नहीं तप समझता है।

अब प्रश्न यह है कि भारतीय परम्परा में चार्वाकदर्शन को छोड़कर सभी दर्शन कर्म-सिद्धान्त की इस मान्यता को स्वीकार करते हैं कि जैसा कर्म किया जाता है वैसा फल भोगा जाता है। सत्कर्म का फल अच्छा एवं दुष्कर्म का फल बुरा होता है। कर्मसिद्धान्त की यह मान्यता प्रो. पाहि के द्वारा कृत दुःख वर्गीकरण में मात्र अर्जित दुःख पर ही लागू होती है, शेष अनर्जित एवं प्रकृतिकृत दुःख कर्मसिद्धान्त की परिधि से बाहर हो जाते हैं। प्रो. पाहि ने अपने वर्गीकरण में अबाधित लोक प्रतीति एवं यथोपलब्धि न्याय को महत्त्व देते हुए अनर्जित दुःख की चर्चा की है, जो अपने आपमें महत्त्वपूर्ण है।

अनर्जित दुःख की अवधारणा अकृत अभ्यागम एवं कृतप्रणाश के दोष से युक्त होते हुए भी व्यवहार में सही प्रतीत होती है। प्रो. पाहि के अनुसार सरकार के द्वारा लगाये गए करों के कारण उत्पन्न दुःख को व्यक्ति के स्वकृत कर्म का फल नहीं कहा जा सकता। इसी प्रकार जाति, धर्म, लिङ्ग, अस्पृश्यता आदि के कारण भेदभाव से उत्पन्न दुःख को स्वकृत कर्मजन्य कहना युक्तिसंगत नहीं। मोटरवाहन चालक की असावधानी से किसी व्यक्ति की मृत्यु होने एवं मरण पूर्वकालीन दुःख तथा मृत्यु के कारण उस पर आश्रित व्यक्तियों एवं उसके प्रियजनों का दुःख स्पष्टतया अनर्जित है। प्रो. पाहि द्वारा किया गया दुःख-वर्गीकरण तर्क एवं व्यवहार पर आधारित है, जो प्रचलित कर्म-सिद्धान्त की मान्यताओं को चुनौती देता है तथा कर्मवाद के सिद्धान्त को अपर्याप्त घोषित करता है, क्योंकि समस्त दुःख पूर्वकृत अधर्म के फल से नहीं होता, अन्य कारणों से भी दुःख की प्राप्ति होती है।

कर्मसिद्धान्त को लेकर यहाँ दो बिन्दु उभरते हैं- एक तो यह कि जो व्यक्ति जैसा कर्म करता है तदनुसार ही उसे दुःख-सुख प्राप्त होते हैं। दूसरा यह कि जो कोई भी सुख-दुःख प्राप्त होते हैं वे अपने कर्मानुसार ही होते हैं। इनमें से प्रथम बिन्दु की मान्यता में प्रो. पाहि द्वारा प्रतिपादित वर्गीकरण से कोई बाधा नहीं है, क्योंकि अर्जित दुःख अपने कर्म के अनुसार ही प्राप्त होता है। किन्तु समस्या तब उठती है जब अन्य के द्वारा उत्पन्न दुःख को भी अपने ही कर्मफल के रूप में स्वीकार किया जाता है। यहाँ पर जैनदर्शन के उस कथन का उल्लेख करना उचित होगा, जिसमें कहा गया है कि दुःख आत्मकृत होता है, पर कृत नहीं।[14] दूसरा निमित्त

कारण तो हो सकता है, किन्तु दुःखी होना या न होना अपने पर निर्भर करता है। क्योंकि आत्मा ही उसका उपादान कारण है, वैशेषिक दर्शन के शब्दों में कहें तो आत्मा ही समवायी कारण है। हमें एक जैसे निमित्तों का प्रभाव भिन्न-भिन्न आत्माओं पर अलग-अलग दिखाई देता है। साधनाकाल में तीर्थंकर महावीर पर अनेकविध उपसर्ग एवं कष्ट आए, किन्तु उन्होंने उन निमित्तों को प्रभावहीन बना दिया, स्वयं अडोल एवं अविचल रहे। दूसरी बात यह है कि अपने अदृष्ट या वेदनीय कर्म शेष हैं तो उन निमित्तों के प्रभाव से दुःख का वेदन भी होगा ही। इस तरह जिसे अनर्जित दुःख कहा जा रहा है, कर्मसिद्धान्तानुसार वह भी तभी घटित होता है, जब अधर्म स्वरूप अदृष्ट या कर्म का उदय उसमें कारण बनता है। सम्भव है कर्मसिद्धान्त की यह मान्यता आत्मोत्थान को दिशा देने के लिए स्वीकृत की गई हो।

यहाँ पर यह अवश्य ध्यातव्य है कि दुःख का उत्तरदायित्व यदि व्यक्ति स्वयं पर नहीं लेगा, तो वह उससे कभी मुक्त नहीं हो सकेगा। जिन दुःखों की उत्पत्ति स्वयं की भूलों एवं दोषों से होती है, उनका निराकरण करने का दायित्व मनुष्य का स्वयं का है। इस उत्तरदायित्व की ओर ध्यान दिलाना ही कर्मसिद्धान्त का प्रमुख लक्ष्य प्रतीत होता है, किन्तु कर्मसिद्धान्त के व्याख्याकारों ने अनर्जित दुःखों को भी स्वयं के अधर्म या पाप का फल स्वीकार कर प्रत्येक दुःख को स्वयं के कर्म के साथ जोड़ दिया है। यहाँ पर यह बात स्पष्ट करनी आवश्यक है कि दुःख चाहे स्वकृत पाप का फल हो अथवा अन्य व्यक्तिकृत व्यवहार, विचार, परिस्थिति आदि से उत्पन्न हो अथवा प्राकृतिक आपदाओं में कारण उत्पन्न दुःख हो, हर परिस्थिति में दुःख पर विजय व्यक्ति को स्वयं प्राप्त करनी होती है।

वैशेषिक एवं न्याय दर्शन तो जब तक शरीर है तब तक दुःख का अस्तित्व स्वीकार करते हैं, किन्तु जैन, बौद्ध आदि दर्शन एवं *भगवद्गीता* में समता की ऐसी साधना दी गई है, जो दुःख की परिस्थितियों में भी व्यक्ति को दुःखी नहीं होने देती। दुःख की परिस्थिति में भी दुःख का अनुभव न होने देना मनुष्य की विशिष्ट साधना है।

दुःख आता एवं जाता रहता है। वह उत्पन्न एवं नष्ट होता रहता है। किसी एक प्रकार के दुःख का आत्मा के साथ नित्य सम्बन्ध नहीं है। जब दुःख का नित्य सम्बन्ध नहीं है तो नित्य सम्बन्ध के रूप में परिभाषित समवाय से आत्मा में दुःख की उपस्थिति भी निरूपित करना कठिन हो जाता है।

संदर्भ

1. दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः।- *न्यायसूत्र*, 1.1.2
2. उपघातलक्षणं दुःखम्। विषाद्यनभिप्रेतविषयसान्निध्ये सति अनिष्टोपलब्धीन्द्रियार्थसन्निकर्षाद् अधर्माद्यपेक्षादात्ममनसोः संयोगाद् यद् अमर्षोपघातदैन्यनिमित्तमुत्पद्यते, तद् दुःखम्। अतीतेषु सर्पव्याघ्रचौरादिषु स्मृतिजम्। अनागतेषु सङ्कल्पजमिति।- प्रशस्तपादभाष्य, गुणवैधर्म्यप्रकरण, *व्योमवती*, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, भाग-2, 1984, पृष्ठ 217
3. *न्यायसूत्र*, 1.1.21
4. द्रष्टव्य, उपर्युक्त पाद टिप्पण संख्या 2

5. तस्मादधर्मापेक्षादित्यादिपदेन दिक्कालादेर्ग्रहणम्।–व्योमशिव, *व्योमवती*, भाग–2, पृष्ठ 217
6. तस्मादनिष्टोपलब्धीन्द्रियार्थसन्निकर्षाद् अधर्माद्यपेक्षादात्ममनसोः संयोगादसमवायिकारणाद् आत्मनि समवेतं यदुत्पद्यते तद् दुःखम्।–*व्योमवती*, भाग–2, पृष्ठ 217
7. अमर्षोपघातदैन्यनिमित्तमुत्पद्यते, तद् दुःखम्।–*प्रशस्तपाद भाष्य, व्योमवती*, भाग–2, पृष्ठ 217
8. द्रोहः क्रोधः मन्युरक्षमा अमर्ष इति द्वेषभेदाः।–*व्योमशिव, व्योमवती*, भाग–2, पृष्ठ 219
9. दुःखानां त्रयं दुःखत्रयम्। तत् खलु आध्यात्मिकम् आधिभौतिकम्, आधिदैविकञ्च। तत्राध्यात्मिकं द्विविधं शारीरं मानसं च। शारीरं वातपित्तश्लेषमणां वैषम्यनिमित्तम्, मानसं कामक्रोधलोभमोहभयेर्ष्याविषादविषयविशेषादर्शननिबन्धनम्।
सर्वञ्चैतदान्तरिकोपायसाध्यत्वादाध्यात्मिकं दुःखम्।– *सांख्यतत्त्वकौमुदी, सांख्यकारिका*, कारिका 1 पर।
10. बाह्योपायसाध्यं दुःखं द्वेधा, आधिभौतिकम् आधिदैविकञ्च। तत्राधिभौतिकं मानुषपशुमृगपक्षिसरीसृप–स्थावरनिमित्तम्, आधिदैविकं तु यक्षराक्षसविनायकग्रहाद्यवेशनिबन्धनम्।– *सांख्यतत्त्वकौमुदी, सांख्यकारिका*, कारिका 1 पर।
11. तदनेन दुःखत्रयेणान्तःकरणवर्तिना चेतनाशक्तेः प्रतिकूलवेदनीयतयाऽभिसम्बन्धोऽभिघात इति। *सांख्यतत्त्वकौमुदी*, कारिका 1 पर।
12. *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, दर्शन विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर, 2000, पृष्ठ 71–74
13. द्रष्टव्य दुःख–विषयक सारिणी।
14. अत्तकडे दुक्खे नो परकडे। –व्याख्या प्रज्ञप्तिसूत्र शतक, 17 उद्देशक 4

पूर्व–आचार्य, संस्कृत विभाग,
जयनारायणव्यास विश्वविद्यालय,
S1, 28 आयुवान् सिंह नगर, महारानी फार्मस्, दुर्गापुरा
जयपुर–302018
चलवाणी–09413253084

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

न्यायवैशेषिक परम्परा में ज्ञान, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, संस्कार, सुख, दुःख, धर्म एवं अधर्म आत्मा के विशेषगुण के रूप में स्वीकृत है। उनमें से प्रथम पाँच सविषयक एवं शेष चार विषयरहित गुण हैं। सुख एवं दुःख के कारण अवश्य होते हैं परन्तु विषय नहीं होते हैं। कृतप्रणाशशून्यता तथा अकृताभ्यागमशून्यता जगत् का तथ्यपरक अर्थात् वस्तुनिष्ठ धर्म के रूप में मुझे अस्वीकार्य होकर केवल सभी विधिनिषेध एवं विशेष रूप में धर्माधर्मव्यवस्था के अपरिहार्य आदर्शों के रूप में स्वीकार्य हैं। अतः अदृष्ट (धर्म एवं अधर्म) को प्राणी के सुख–दुःख के कारण के रूप में अस्वीकार करता हूँ। वस्तुतः न्याय वैशेषिक परम्परा का अदृष्टकारणतावाद जगत् को व्यक्तिकेन्द्रित रूप प्रदान करता है एवं व्यवस्थित

कार्यकारणमूलक अनुसन्धान का प्रतिबन्धक सिद्ध होता है। *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* पृ. 74–76 द्रष्टव्य है। जहाँ पर प्रत्यक्ष अथवा अनुमान द्वारा कारण उपलब्ध नहीं होते हैं परन्तु कार्य उपस्थित होता है। केवल वहाँ पर अदृष्ट की कारणता का प्रश्न उठता है, इसलिये व्योमवतीकार लिखते हैं कि 'प्रत्यक्षानुमानाभ्यः कारणान्तरानुपलम्भे सति तत्कल्पनायाः तमाश्रयणात्' (*प्रशस्त–पादभाष्य व्योमवती* एवं सूक्तिसहित, वाराणसी, 1983 पृ. 668) प्राणियों की सुखदुःखोत्पत्ति दृष्ट कारणों से उपपन्न होती है।

वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श पृ. 71–74 पर किया गया दुःखतत्त्व विषयक विचार दुःख के स्रोत की दृष्टि से किया गया है न कि उसका कारण–कार्य की दृष्टि से। सांख्यदर्शन में किया गया दुःखों के वर्गीकरण के साथ तुलना के लिए धर्मचन्द जी जैन धन्यवादार्ह हैं।

वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श में दुःख का वर्गीकरण अर्जित एवं अनर्जित भेद दुःखों के स्रोत तथा लौकिक उपाय से उनका निराकरण अथवा नियन्त्रण दृष्टि से किया गया है। व्यक्ति का तथाकथित आध्यात्मिक दुःख स्वकृत अथवा परकृत होता है। उदाहरण स्वरूप प्रतारक द्वारा मार्गभ्रष्ट होने से, विषाक्त भोजन करने से अथवा दुर्जन व्यक्ति द्वारा प्राणहरणादि भय उत्पन्न कराने से जो दुःख होता है वह अवश्य परकृत है। अतीत में कृत दुष्कर्म के कारण जो अनुताप है वह स्वकृत है। जान–बूझकर वैद्य के उपदेशानुसार औषधियों को न लेना एवं पथ्यापथ्य का ध्यान न रखने के कारण व्याधि की वृद्धि से जो दुःख है वह भी स्वकृत ही है। समर्थ होने पर भी उद्यम न करने से प्राप्त विफलताजन्य दुःख स्वकृत है।

संस्थाकृत दुःख सर्वत्र अनर्जित नहीं होते हैं। उदाहरणस्वरूप जब जघन्य अपराध के कारण व्यक्ति को प्राणदण्ड अथवा कारावास होता है तब उसका दुःख अर्जित दुःख है। यह सत्य है कि अपवाद के रूप में कुछ निर्दोष होने पर भी दण्डित हो जाते हैं, जो कि अकृताभ्यागम का उदाहरण है। सांख्यदर्शन का आधिभौतिक दुःख संस्थाकृत दुःख में सीमित नहीं है, हिंस्र जन्तुओं द्वारा कृत दुःख आधिभौतिक तथा उनकी स्रोत प्रकृति से है। जिन दुःखों का स्रोत प्रकृति है वे सामान्यतया अनर्जित होते हैं, उनमें से जो उपलब्ध तकनीकी द्वारा निराकरणीय अथवा नियन्त्रणीय है उनका निराकरण अथवा नियन्त्रण राज्य का उत्तरदायित्व होता है।

रामायण में श्रीराम एवं सीता के अपहरणजन्य दुःख लोकोत्तर दुःख हैं क्योंकि दानवी शक्ति की पराजय, वैदिक जीवनदर्शन की पुनः प्रतिष्ठा के लिए उनके दुःख मानव के लिए अर्घ्य स्वरूप है। भारत के स्वाधीनता संग्राम में जिन लोगों ने अमानवीय यातना सहन की तथा प्राणों का त्याग किया उनके दुःख भी लोकोत्तर दुःख की कोटि में रखना उचित प्रतीत होता है क्योंकि वह दुःख समग्र समाज के स्वाभिमान की पुनः प्रतिष्ठा के लिए अर्घ्य स्वरूप है।

— * —

आचार्य विश्वम्भर पाहि की दृष्टि में कर्मवाद एवं दुःख तत्त्व

शोभा बारेठ

भारतीय संस्कृति एवम् विशेष रूप से भारतीय नैतिक चिंतन को एकरूपता प्रदान करने वाले सिद्धान्तों में कर्मवाद-संसारवाद एवम् ज्ञानमोक्षवाद का महत्त्वपूर्ण स्थान है। भारतीय चिंतन परम्परा में कर्मवाद-संसारवाद-ज्ञानमोक्षवाद के प्रकाश में ही मानव की आध्यात्मिक चुनौतियों के विश्लेषण, व्यवस्थापन तथा समाधान का प्रयास किया गया है।

आचार्य पाहि के अनुसार कर्ता, कर्म, विधि-निषेध, अनुपालन-उल्लंघन उत्तरदायित्व एवम् कर्मफल के रूप में सुख-दुःख इत्यादि कुछ विशिष्ट संप्रत्ययों की अपेक्षा रखने पर भी मूलभूत रूप में कर्मवाद तत्त्वमीमांसीय सिद्धान्त नहीं है। वस्तुतः कर्मवाद संसारवाद एवं ज्ञानमोक्षवाद के साथ संगत तत्त्वमीमांसीय व्यवस्था निर्माण करने की समस्या ही भारतीय दर्शन में विभिन्नता का स्रोत है। दर्शनशास्त्रीय पद्धति की दृष्टि से तत्त्वमीमांसा का निर्माण पुरुषार्थमीमांसा से प्रेरित न होकर तत्त्वमीमांसा ही पुरुषार्थमीमांसा का आधार होनी चाहिए।

कर्मवाद की आधारभूत पूर्वमान्यताएँ

भारतीय चिन्तन परम्परा में कर्मवाद को तथ्यात्मक सत्य के रूप में स्वीकार किया गया है। इसके अनुसार सृष्टि सर्वभूत कल्याणकारी, नैतिक, स्वतःसम्पूर्ण नियम से संचालित है जो स्वरूपतः अटल, अनुल्लंघनीय है। कर्मवाद जगत् की कृतप्रणाशशून्यता एवम् अकृत-अभ्यागमशून्यता रूपी दो मूलभूत तत्त्वमीमांसीय पूर्वमान्यताओं पर प्रतिष्ठित है। प्रत्येक जीवन अपने सम्पूर्ण सुखों, दुःखों, सफलताओं, विफलताओं के साथ अपने स्वकृत कर्मों का परिणाम है। जगत् का स्वरूप ही ऐसा है जहाँ कृत का प्रणाश एवम् अकृत का अभ्यागम असम्भव है। जगत् में दिखाई देने वाले प्राणियों के सुख-दुःख भोग के वैचित्र्य की व्याख्या व्यक्तियों के केवल वर्तमान जीवन में किये गए कर्मों के आधार पर करना सम्भव नहीं है अतः आचार्य पाहि के अनुसार कर्मवाद के अनुसिद्धान्त के रूप में संसारवाद को देखा जा सकता है।

नियम नियन्त्रितता एवं संकल्पस्वातन्त्र्य

आचार्य पाहि के अनुसार पाश्चात्य नीतिदर्शन की तरह नियमनियंत्रितता एवं संकल्प स्वातन्त्र्य की समस्या कर्मविषयक विचार का केन्द्र बिन्दु नहीं रही परन्तु उत्तरदायित्व का संप्रत्यय कर्मवाद में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। यहाँ *महाभारत* के तपस्विनी गौतमी का उपाख्यान उल्लेखनीय है सर्प, मृत्यु काल सभी अन्ततः बालक के पूर्वकृत कर्म को ही उसकी मृत्यु का उत्तरदायी मानते हैं। (अनुशासन पर्व, 1-71-76)

कर्मवाद में प्रारब्ध की अनुल्लंघनीयता एवं संकल्प स्वातंत्र्य के मध्य भी कोई विरोध नहीं है। मनुष्य प्रारब्ध से प्राप्त जीवन को किस प्रकार जीता है, उसे क्या स्वरूप प्रदान करता है, यह उसकी अपनी सृजनशीलता है। जिस प्रकार एक मूर्तिकार मूर्ति के उपादान रूपी प्रस्तर अथवा धातु विशेष द्वारा सीमित होता है तथापि निर्मित प्रतिमा की कलात्मकता मूर्तिकार की प्रतिभा तथा सृजनशीलता की देन होती है इसी प्रकार व्यक्ति का प्रारब्ध उसके नैतिक जीवन में उपादान की भूमिका निभाता है कर्मवाद को इस दृष्टिकोण से देखने के लिए *महाभारत* के निम्नलिखित श्लोक को आधार के रूप में लिया जा सकता है।

यथा मृत्पिण्डतः कर्ता कुरुते यद् यदिच्छति।
एवमात्मकृतं कर्म मानवः प्रतिपद्यते॥ — *अनुशासन पर्व, 1.74*

जैसे कुंभकार मिट्टी के लोंदे से जो-जो चाहे बर्तन बना लेता है उसी प्रकार मनुष्य स्वकृत कर्मों से ही सब कुछ पाता है।

आचार्य पाहि कर्ता को स्रष्टा का गौरव प्रदान करते हैं क्योंकि कर्ता प्रारब्ध की सीमाओं में आबद्ध रहकर भी अपने कर्मों से नित्य निरन्तर अपनी सृष्टि करता है।

कर्मवाद की तथ्यात्मकता और अनर्जित दुःख

कर्मवाद के प्रकाश में ही मानव नियति को देखने का उसके सुख-दुःख को समझने का परिणाम यह हुआ कि भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में दुःख मात्र को हेय, परिहार्य और अवांछनीय तत्त्व के रूप में देखा गया है। अधर्म या पापकर्म के फलस्वरूप मिलने वाला दंडरूपी अनिष्ट होने से दुःखमात्र का हेयत्व प्रतिपादित होता है। दुःख को हेय एवं परिहार्य मानने की तात्त्विक परिणति यह है कि जगत् जहाँ दुःख से अनिवार्यतः एवम् सर्वथामुक्ति असम्भव है, मनुष्य के लिए त्याज्य हो गया। दार्शनिक ग्रन्थों में बारम्बार कहा गया है कि—"यह मृत्यु लोक अत्यन्त दुःखद है यहा समस्त प्राणियों का नाश होता है, प्रिय बंधुजनों के वियोग का कष्ट भी प्राप्त होता है।" इस संसार में सभी कुछ असत्य एवम् अरुचिकर है। इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि कर्मवाद की पारम्परिक व्यवस्था में अनर्जित दुःख एवम् सुख के लिए कोई स्थान नहीं है। परन्तु भूतकल्याणकारी वांछनीय दुःख तत्त्व का अस्तित्त्व अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

आचार्य पाहि दुःख के मूल्यात्मक स्वरूप को समझने के लिए दुःखो का एक नवीन वर्गीकरण प्रस्तुत करते हैं।



लौकिक दुःख का स्रोत या तो मानव स्वयं होता है या प्रकृति उसका स्रोत होती है जब दुःख किसी व्यक्ति विशेष द्वारा कृत कर्म का परिणाम हो तो वह व्यक्तिकृत दुःख है। व्यक्ति विशेष द्वारा कृत कर्म जन्य दुःख जब भोक्ता के स्वकृत कर्म का अनिवार्य परिणाम हो तो उसे अर्जित दुःख कहा जा सकता है। जब व्यक्ति को प्राप्त दुःख अन्य व्यक्ति अथवा व्यक्तियों द्वारा किये गए कर्म का परिणाम होता है तब वह व्यक्तिकृत अनर्जित दुःख कहा जाएगा। उदाहरणस्वरूप महाभारत में पाञ्चाली कौरवों द्वारा किए गए वस्त्राहरण के प्रयास में जो दुःख भोगती है, उसका कारण दुर्योधन की दुरभिलाषा है इसका उत्तरदायित्व पाञ्चाली पर नहीं डाला जा सकता।

अस्पृश्यता, जाति, धर्म, लिङ्ग, भाषा, रङ्ग के कारण वैषम्य एवम् भेदभाव आधारित दुःख का स्रोत सामाजिक, राजनीतिक एवम् आर्थिक व्यवस्था में निहित है। अन्याय पर आधारित व्यवस्थाकृत दुःख के लिए किसी व्यक्ति विशेष के उत्तरदायी न होने पर भी यह दुःख स्पष्टतया मानवकृत है। अतिवृष्टि, अनावृष्टि, चक्रवात, भूकम्प, महामारी इत्यादि प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न दुःख का स्रोत प्रकृति है इसे भोक्ता का अर्जित दुःख नहीं कहा जा सकता।

प्रो. पाहि कहते हैं कि मानव आत्मा की न्याय की मांग और नैतिक उच्चाकांक्षा पर आघात करने वाला यह अनर्जित दुःख मानवीय बौद्धिकता को स्वीकार्य नहीं हो सकता। अतः भारतीय परम्परा ने अनर्जित दुःखों के अस्तित्व को ही अस्वीकार कर दिया। दुःखों की व्याख्या कर्मवाद के प्रकाश में करने की अपेक्षा बौद्धिकता इन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार करके इन्हें दूर करने का प्रयास करें। शिक्षा एवं संस्थाओं में अपेक्षित

सुधार कर एवं अकल्याणकारी प्रथाओं के प्रत्याख्यान द्वारा अनर्जित मानवकृत दुःखों का नियन्त्रण एवं निराकरण सम्भव है।

लौकिक दुःखों में प्राकृतिक दुःखों का स्वरूप कम भयावह नहीं है। मानव बौद्धिकता को यह स्वीकार्य नहीं होता कि वह प्राकृतिक ताण्डव के सम्मुख क्रीड़ा कन्दुक बना रहे। सुनियोजित वैज्ञानिक विकास से प्रकृति के रहस्यों को समझकर प्राकृतिक कारणों से होने वाले विनाश एवं अकाल मृत्यु आदि से उत्पन्न दुःखों का नियन्त्रण एवं निराकरण मानव प्रयास के द्वारा सम्भव है। अनर्जित दुःख रूपी अवांछनीय तत्त्व के विरुद्ध संघर्ष मनुष्य को उत्तरोत्तर विकास हेतु प्रेरित करता है। कृतप्रणाश-शून्यता एवं अकृताभ्यागमशून्यता को आदर्श के रूप में वरण करने पर मानवकृत एवं प्रकृतिकृत अनर्जित दुःख के निकारण करने में समर्थ समाज एवं राष्ट्र के निर्माण तथा संचालन के लिए निरन्तर प्रयास करना साधारण धर्म के रूप में स्वीकार करना आवश्यक है। करुणा को मूल्य रूप में, आदर्श रूप में स्वीकार करने पर लौकिक दुःख मात्र अवांछनीय तत्त्व हो जाते है। वस्तुतः अर्जित लौकिक दुःख भी एक मानवीय त्रासदी ही है। अर्जित दुःख के निराकरण हेतु निरंतर संघर्ष भी मानव का नैतिक उत्तरदायित्व है।

मङ्गलकारी पवित्र दुःख

आचार्य पाहि दृढ़तापूर्वक कहते हैं कि नए मूल्यों के सृजन एवं स्थापना के लिए स्रष्टा को जो दुःख झेलने पड़ते हैं उन्हें अर्जित-अनर्जित की कोटि में नहीं रखा जा सकता। *वाल्मीकीय रामायण* में वनवास की प्रथम रात्रि को दुःख से संतप्त मर्यादा पुरुषोतम श्री राम का करुण विलाप कर्मवाद के अन्तर्गत रख कर नहीं समझा जा सकता। श्रीराम जगत् में ध्वस्त हो गए सामंजस्य को पुनर्स्थापित करने के लिए, मानव एवं मानव के मध्य परस्पर मैत्रीपूर्ण सामंजस्य स्थापित करने के लिए जिन दुःखों का सहज वरण करते हैं वे हेय या त्याज्य कैसे हो सकते हैं? अन्याय और भय पर आधारित व्यवस्था के स्थान पर श्रद्धा और सहानुभूति पर आधारित व्यवस्था स्थापित करने के लिए समृद्ध आत्माओं को जो दुःख रूपी मूल्य चुकाना पड़ता है उसे सामान्य लौकिक दुःख के रूप में नहीं समझा जा सकता। राम का दुःख राक्षसी आदर्श के स्थान पर वैदिक आदर्श को पुनःस्थापित करने के लिए चुकाया गया मूल्य है। रावण का जीवन-दर्शन वैदिक आदर्शों का प्रत्याख्यान है जहाँ मानव राक्षसी प्रवृति से ग्रस्त होकर सम्पूर्ण सृष्टि को भयाक्रान्त कर उस पर बलात् आधिपत्य स्थापित करना चाहता है। अरण्यकाण्ड में रावण कहता है कि—

यत्र तिष्ठाम्यहं तत्र मारुतो वातिशंकितः।
तीव्रांशुः शिशिरांशुश्च भयात् सम्पद्यते दिवि॥

— वाल्मीकीय रामायण 3,48,8

जहाँ मैं खड़ा होता हूँ, वहाँ हवा भी डर कर धीरे-धीरे चलने लगती है। मेरे भय से आकाश में प्रचण्ड किरणों वाला सूर्य भी चन्द्रमा के समान शीतल हो जाता है।

इन राक्षसी प्रवृत्तियों को विनष्ट करके उसके स्थान पर मानवीय एवं दैवीमूल्यों को प्रतिष्ठित करना साधारण मनुष्यों के लिए सम्भव नहीं है। राजवधू सीता की मान रक्षा के लिए गृध्रराज जटायु के द्वारा अपने प्राणों के बलिदान के बिना निःस्वार्थ त्यागरूपी मानवीय मूल्य की सृष्टि सम्भव नहीं होती। मूल्यस्रष्टा की वेदना भूतकल्याणकारी तत्त्वों की जननी होने से स्वतः पवित्र है। यह अर्जित अनर्जित की कोटि से परे वह अलौकिक, विलक्षण और मङ्गलकारी दुःख है जिसे वरण करने का सामर्थ्य सामान्य मनुष्य में नहीं होता। यह स्रष्टा का दुःख है, सृजन का मूल्य है जिसके बिना मानव संस्कृति के मूल्यसृष्टिजन्य विकास का मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा।

आचार्य पाहि का संवेदनशील हृदय महाराज भरत की आसक्ति को अपवित्र स्वीकार कर लिए जाने से अत्यन्त आहत है। *भागवत पुराण* में आए आलोच्य आख्यान में नदी तट पर जल पी रही एक तृषार्त मृगवधु सिंह की भयानक दहाड़ सुनकर भयाक्रान्त हो नदी को उलांघने का प्रयास करती है। इस प्रयास में यह गर्भिणी हरिणी एक शिशु को जन्म देकर एक खाई में गिरकर अपने प्राणों को त्याग देती है। मोहपाश से सर्वथा मुक्त महाराज भरत इस करुण दृश्य से दुःखाभिभूत होकर नवजात मृगशावक को नदी स्रोत से उठाकर उसके पालन पोषण का उत्तरदायित्व अपने ऊपर ले लेते है।

मृगशावक के लालन पालन का उत्तरदायित्व महाराज भरत के वानप्रस्थ धर्मपालन में प्रतिबंधक बन जाता है। महाराज भरत उस मातृहीन नवजात मृगशिशु के लालन-पालन एवं सुरक्षा को अपनी आध्यात्मिक साधना से अधिक महत्त्व देते हैं। यह उत्तरदायित्व ग्रहण करते समय महाराज भरत इस प्रकार विचार करते हैं—

नूनं ह्यार्याः साधव उपशमशीलाः कृपणसुहृद एवं विधार्थे स्वार्थानपि गुरुतरानुपेक्षन्ते। — *भागवतपुराण 5.8.10*

निश्चय ही शान्त स्वभाव एवं दीनों की रक्षा करने वाले परोपकारी सज्जन ऐसे शरणागत की रक्षा के लिए अपने बड़े-बड़े स्वार्थ की भी परवाह नहीं करते।

इति कृतानुसृष्त्यै आसनशयनाटनस्थानाशनादिषु सह मृग जहुना स्नेहानुबद्धदय आसीत्। — *भागवत पुराण 5.8.11*

इस प्रकार उस मृगशिशु में आसक्ति बढ़ जाने से बैठते, सोते, जागते, भोजन करते समय भी उनका चित स्नेह पाश में बंधा रहता था।

महाराज भरत का यह तर्क कि असहाय और शरणागत की रक्षार्थ अपने बड़े से बड़े स्वार्थ का भी त्याग कर देना चाहिए। मानव की बौद्धिक तथा नैतिक आकांक्षा के अनुकूल है। बौद्धिकता इस तर्क को अस्वीकार नहीं कर सकती। परन्तु भारतीय आध्यात्मिक परम्परा में वानप्रस्थ आश्रम में स्थित महाराज भरत का यह मानवोचित कर्म आसक्ति से युक्त होने के कारण उन्हें पुनः संसार में जन्म लेने को बाध्य करता है

और वह महान् तपस्वी, निष्काम कर्मयोगी भरत मरणोपरान्त मुक्ति के स्थान पर मृग के रूप में जन्म लेते हैं। यहाँ भरत मुनि की आसक्ति को बन्धनकारी और अपवित्र मानना मानव की बौद्धिकता और उसकी नैतिक चेतना को स्वीकार्य नहीं होता। आचार्य पाहि इसे पवित्र आसक्ति कहते हैं क्योंकि यह मानवोचित है, शुभ है, मूल्य है। इसके बिना मनुष्य संवेदनहीन होकर रह जाएगा।

कर्मवाद मानव आकांक्षा का रूपायन

आचार्य पाहि के अनुसार कर्मवाद मानव का नीतिशास्त्रीय चित्रण है। कर्मवाद को एक आदर्शतम नैतिक व्यवस्था के लिए मानव की अन्तरतम आकांक्षा के रूपायन के रूप में देखा जाना चाहिए। भारतीय परम्परा में जगत् को वस्तुनिष्ठ नैतिक नियम (Objective Moral Order) से नियन्त्रित माना गया है। 'यतो धर्मस्ततो जयः' भारतीय परंपरा में वस्तुस्थिति बताने वाले कथन के रूप में स्वीकार्य है। जहाँ धर्म है वहाँ सदैव जय होगी, अधर्म अवश्य ही पराजित होगा। इसे वस्तुस्थिति बताने वाला कथन मानने पर इसकी तथ्यात्मकता के परीक्षण हेतु मानव इतिहास को देखा जाएगा। इतिहास में विभिन्न व्यक्तियों, समूहों, संस्कृतियों, राष्ट्रों, जातियों और सम्प्रदायों इत्यादि के मध्य हुए संघर्षों एवं उनके परिणामों पर विचार करें तो यह सत्य उजागर होता है कि सदैव धर्म ही विजयी नहीं होता। केवल नैतिक पक्ष की सबलता विजय को सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। युद्ध में विजय प्राप्त करने के लिए सुदृढ़ सामरिक, भौतिक शक्ति भी आवश्यक है। यहाँ उद्देश्य नैतिक बल को कम करके आंकना अथवा धर्म के समर्थन में संघर्षरत पक्ष को निराश या कमजोर करना नहीं है इसका उद्देश्य यह दिखाना है कि 'यतो धर्मस्ततो जयः' एक आदर्श है। मानव की नैतिक चेतना को उद्भुत करने वाला एक आह्वान है। प्रो. पाहि के अनुसार इसके द्वारा मानो धर्म यह आह्वान कर रहा है कि "मेरे पक्ष को सबल बनाओ, मानव होने के नाते तुम्हें धर्म की रक्षार्थ संघर्ष करना चाहिए ताकि धर्म की विजय हो। धर्म की सदैव जय एवम् अधर्म की सदा पराजय हो, यह मानव हृदय की उत्कृष्टतम आकांक्षा है।" 'यतो धर्मस्ततो जयः' तथ्य नहीं, आदर्श है। यद्यपि इस आदर्श की जड़े यथार्थ में है।

कर्मवाद को आदर्श के रूप में देखने का उद्देश्य कर्मवाद में विश्वास का विरोध करना नहीं है बल्कि इस प्रकार मानव की बौद्धिक एवं नैतिक आकांक्षा के उत्कृष्टतम स्वरूप के रूप में कर्मवाद का पुरजोर समर्थन करना है। प्रस्तुत तर्क का उद्देश्य कर्मवाद की तथ्यात्मकता का प्रत्याख्यान करके उसे एक आदर्श के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। आचार्य पाहि की यह दृष्टि जीवन की वांछनीयता की पक्षधर है। इस दृष्टिकोण से कर्मवाद निराशावाद के विरुद्ध मानव के नैतिक जीवन को दिशा-निर्देश देने वाला, उसे संयमित करने वाला प्रकाश स्तम्भ है।

आचार्य पाहि कहते हैं कि कर्मवाद को अपने नैतिक जीवन को संयमित करने एवम् संघर्ष क्षमता को बनाए रखने वाले आदर्श के रूप में स्वीकार करने का अर्थ है कि व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए पूर्णतः सत्य है। यहाँ मैं कर्मवाद की तथ्यात्मकता को

सिद्ध करने के बजाय नैतिक कर्ता के रूप में इसे इस प्रकार ग्रहण करूँगा मानो यह तथ्यात्मक रूप से सत्य हो। क्या सचमुच पुनर्जन्म होता है? किए हुए कर्मों का फल मिलता है? जैसे अनुत्तरित प्रश्नों में उलझे बिना अपना नैतिक जीवन इस प्रकार और यह मानकर संयमित करूँगा कि कृत का प्रणाश एवम् अकृत का अभ्यागम असम्भव है। कर्मवाद को वस्तुस्थिति के रूप में स्वीकार करने का परिणाम है भाग्यवाद एवं दैववाद। भाग्यवाद एवं दैववाद कर्मवाद का विकृत रूप है जो मानव की सृजनशीलता एवं संघर्ष क्षमता को नकारने वाला है। कर्मवाद को इस विकृत रूप से बचाने के लिए ही इसे आदर्श के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। इस प्रकार कर्मवाद मनुष्य को प्रारब्ध के प्रति विद्रोह से बचाता है।

आचार्य पाहि के अनुसार कर्मवाद वस्तुस्थिति बताने वाला कथन नहीं है, बल्कि एक उत्कृष्टतम आदर्श विधिनिषेध व्यवस्था के लिए मानव की अन्तरतम (Innermost) आकांक्षा का रूपायन है।

आर. के. एम. वी. महाविद्यालय,
शिमला (हिमाचल प्रदेश)
दूरभाष : 9418675173
Email : barhathshoba@gmail.com

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

कर्मवाद एवं दु:खतत्त्व के विषय में शोभा बारेठ जी ने *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श* के चतुर्थ अध्याय में प्रस्तुत मेरे विचारों को सहानुभूति के साथ संक्षेप में अभिव्यक्त किया है। इसके लिए वे धन्यवादार्ह हैं। उनके पीएच.डी. शोध प्रबन्ध के निर्देशन के समय महाराज भरत के पवित्र आसक्ति विषयक चर्चा आज भी मुझे स्मरण है। नि:सहाय मृगशावक के प्रति उनके स्नेह को मैं पवित्र इसलिए स्वीकार करता हूँ कि उनकी आसक्ति स्वयं का वानप्रस्थ धर्मानुसार कर्तव्यपालन की प्रतिबन्धक होने पर भी जीवदया रूपी उच्चतर मानवीय आदर्श का पालन है, मैं इस उपाख्यान को कर्मवाद के विरोध में तर्क के रूप में स्वीकार करता हूँ।

— * —

अपेक्षाबुद्धि एवं संख्या विमर्श पर आचार्य विश्वम्भर पाहि का मौलिक चिन्तन

उमेश नेपाल

पदार्थनिरूपणक्रम में संख्या को चतुर्विंशतिगुणों में से एक माना है वैशेषिक आचार्यों ने। प्रत्येक पदार्थ में एकत्वसंख्या रहती है और यही एकत्वसंख्या द्वित्व त्रित्व आदि संख्याओं का असमवायिकरण बनती है। इन एकत्व द्वित्व आदि संख्या की प्रामाणिकता विश्वजनीन 'एक', 'दो', 'तीन' आदि प्रतीति और व्यवहार से सिद्ध होती है। प्रतीति के प्रति विषय निमित्त कारण होता है। अत: 'एक', 'दो' इस प्रतीति के निमित्तकारण के रूप में सिद्ध एकत्व द्वित्व आदि विषय संख्या होते हैं। यह संख्या द्रव्यों में रहती है, द्रव्यभेद से भिन्न-भिन्न होती है अत: गुणों में परिगणित की गई है। **गुणाश्च रूपरसगन्धस्पर्श-संख्यापरिमाणपृथक्त्वसंयोगविभागपरत्व-बुद्धिसुखदु:खेच्छाद्वेषप्रयत्नाश्चेति कण्ठोक्ता: सप्तदश।"**[1]

आचार्य विश्वम्भर पाहि की विवेचना

प्रो. पाहि ने इस विषय पर अत्यन्त गम्भीर चिन्तन करते हुए संख्या को गुण-कोटि से निकाल कर पृथक् पदार्थ के रूप में स्थापित करने हेतु दृढ़तर युक्तियों को सामने रखा है।

जिस प्रकार अनेक घटों में घटविषयक एकाकार प्रतीति के निर्वाहार्थ सर्वघटवृत्ति एक अनुगत धर्म के रूप में 'घटत्व' नामक सामान्य पृथक् पदार्थ के रूप में स्थापित किया गया है, उसी प्रकार 'एक घट', 'दो घट' प्रतीति एवं व्यवहार में विशेषण के रूप में भासमान संख्या को भी पृथक् पदार्थ माना जाना उचित है।[2]

किञ्च संख्या को गुण कोटि में रखना युक्तिसङ्गत नहीं है। जिस प्रकार द्रव्यों में 'एक', 'दो' आदि प्रतीति से एकत्वादि संख्या सिद्ध होती है उसी प्रकार गुणों और क्रियाओं में भी एक-दो आदि प्रतीति से एकत्वादि संख्या सिद्ध होती है। इस प्रकार गुण क्रियाओं में सिद्ध होने वाली संख्या गुणरूप नहीं हो सकती। क्योंकि वैशेषिकों का नियम है **'गुणे गुणानङ्गीकार:।'** इस प्रकार या तो गुणों में संख्या को नहीं मानना चाहिए या तो गुणों में प्रतीत हो रही संख्या को गुण नहीं मानना चाहिए। उचित यही है कि संख्या को गुणकोटि से निकाल कर पृथक् पदार्थ माना जाना चाहिए। इस विचार के उपोद्बलन हेतु प्रो. पाहि ने भासर्वज्ञ एक शालिकनाथ के मतों को भी प्रस्तुत किया है।[3] जिसमें भासर्वज्ञ भेदाभाव एवं

भेद को लेकर ही संख्याविषयक प्रतीति एवं व्यवहार का निर्वाह करते हैं।[4] तो शालिकनाथ संख्या को पृथक् पदार्थ ही मानते हैं।[5]

समीक्षा

प्रो. पाहि का यह मत अत्यन्त युक्तिसङ्गत है कि एवं इसका बहुमुखी विचारों द्वारा पल्लवन भी आवश्यक है। वस्तुत: वैशेषिक अनुगत प्रतीति के निमित्तकारण के रूप में जाति की कल्पना करते हैं। जाति: सामान्य द्रव्यों से (अथवा स्वाश्रयों से) पृथक् सिद्ध है। अर्थात् जाति के नित्य होने के कारण आश्रय के नाश से उसका नाश नहीं होता है। परन्तु संख्या प्रत्येक द्रव्य में सामान्य के भाँति रहती हुई भी स्वाश्रय से अपृथक्सिद्ध है। अर्थात् आश्रयनाश से उसका भी नाश है एवं आश्रय की विद्यमानता से ही उसकी भी विद्यमानता है। इस प्रकार एक तरफी अयुतसिद्धि संख्या में होने से संख्या स्वाश्रय का गुण है एवं इस प्रकार की अपृथक्सिद्धि सामान्य में न होने से सामान्य स्वाश्रय का गुण न होकर पृथक् पदार्थ है।

किञ्च गुण, क्रिया आदि द्रव्यों में अपृथक् सिद्ध होकर रहते हैं, अत: द्रव्यगत एकत्वसंख्या से ही तदाश्रित गुणादि में एकत्वप्रतीति के निर्वाह करने में लाघव होता है। अत: गुणादि में एकत्वादिसंख्या (गुण) समवाय से नहीं स्वीकारे जाते हैं।

और नैयायिक 'पाँच नृत्याङ्गनाएँ नाची' एवं 'नृत्याङ्गना पाँच बार नाची' इत्यादि स्थलों में द्रव्य में समवाय से संख्या को मानते हैं तो द्रव्यातिरिक्तपदार्थों में अपेक्षाबुद्धि-विशेषविषयत्व को ही मानते हैं। परन्तु ऐसा मानने पर उस अपेक्षाबुद्धिविशेष की विषयता का निर्वाहक वस्तु क्या है? इस प्रश्न का समाधान नहीं हो पाता है।

इन संख्याओं में परमाणु, आकाश, काल आदि नित्यद्रव्यनिष्ठ एकत्व-संख्या नित्य है एवं घट, पट आदि अनित्य-द्रव्यनिष्ठ एकत्वसंख्या अनित्य है। द्वित्वादिसंख्या सर्वत्र अनित्य है। यहाँ नैयायिक-वैशेषिकों का एकत्व संख्या और द्वित्वादि संख्या के उत्पत्ति के सम्बन्ध में दोहरा मापदण्ड है। एकत्वसंख्या को वैशेषिक द्रव्य के उत्पत्त्यनन्तर क्षण में उत्पन्न मानते हैं परन्तु द्वित्वादिसंख्या को अपेक्षाबुद्धिजन्य मानते हैं।[4] उनका मानना है कि जब दो पदार्थों के विषय में 'अयमेक:' 'अयमेक:' इस प्रकार एकत्व-द्वय-ज्ञान होगा तो यही अपेक्षाबुद्धि=एकत्वद्वयज्ञानरूप निमित्तकारण बनकर उन दो पदार्थों में द्वित्व को उत्पन्न करेगी, तदनन्तर द्वित्वत्वनिर्विकल्पकपूर्वक द्वित्वत्वसवि-कल्पक प्रत्यक्ष उत्पन्न होगा।[6]

आचार्य पाहि की विवेचना

इस विषय में भी प्रो. पाहि ने अपने मौलिक चिन्तन से संख्याओं के इस पारम्परिक अपेक्षाबुद्धिजन्यत्ववाद को अमान्य कर दिया है। इस विषय में युक्ति इस प्रकार है—

परम्परा के अनुसार अबुद्धिज=वस्तुनिष्ठ पदार्थ सभी के द्वारा ज्ञात होते हैं, बुद्धिज पदार्थ ही उसी को ज्ञात होते हैं जिसकी बुद्धि से वह पदार्थ उत्पन्न हुआ है। द्वित्वादिसंख्या सभी को ज्ञात नहीं होता, जो पदार्थ को दो रूप में देखता है उसी को द्वित्वादिज्ञान होगा, अन्य को नहीं। अत: इतर पुरुष-अज्ञातता के कारण द्वित्वादि बुद्धिजन्य सिद्ध होते हैं।

परन्तु इस मत की आलोचना में प्रो. पाहि ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया है कि बुद्धि अपने आश्रय से भिन्न अधिकरण में उत्पन्न कार्य-कारण नहीं बन सकती। ऐसा मानना वैशेषिक परम्परा के मूलभूत मान्यता के प्रतिकूल है। यहाँ शायद मूलभूत मान्यता से कार्यकारणसामानाधिकरण्य विवक्षित है। कार्यसंख्या अन्यत्र घटादि में और कारण बुद्धि आत्मा में रहने से दोनों का कार्यकारणभाव समुचित नहीं है। वस्तुत: अपेक्षाबुद्धि के बिना द्वित्वज्ञान नहीं होता है—ऐसा मानने पर भी द्वित्व का वस्तुनिष्ठत्व बाधित नहीं होता। जिस प्रकार परामर्श के बिना वह्न्यनुमिति नहीं होती फिर भी वह्नि का पर्वतवृत्तित्व परामर्श के अधीन नहीं है। ऐसे ही द्वित्व भी वस्तुनिष्ठ है न कि बुद्धिजन्य।[7]

समीक्षा

न्यायवैशेषिक ज्ञान से पूर्व ही वस्तु में द्वित्वादि संख्या को मानते नहीं दिखते हैं। उनका अभिप्राय ऐसा हो सकता है, कोई एक ही वस्तु को एक ही समय में 'तीन' के रूप में कोई 'चार' के रूप एवं प्रकारेण तत्तद् भिन्न-भिन्न समुदाय की अपेक्षा से भिन्न-भिन्न संख्या के संख्येय के रूप में देखते हैं तो उस वस्तु में एकत्व-द्वित्व-त्रित्वादिसंख्याओं में से किसको माना जाए, विनिगमना के रहने से सब माना जाना चाहिए, तो यही भारी गौरव है कि एक ही वस्तु में सार्वकालिक सर्वसंख्याओं को मानें, अत: लाघव इसी में है कि तत्तत्कालवृत्ति ज्ञान की अपेक्षा से तत्तत्कालों में उस वस्तु में उत्पत्तिविनाशशाली द्वित्वादिसंख्याएँ उत्पन्न होती हैं।

परन्तु ऐसा मानना उचित प्रतीत नहीं होता क्योंकि जो किसी व्यक्ति के विवाह को नहीं जानंता तो उसे उसके पतित्व का ज्ञान नहीं होगा, जिसने विवाह को जाना उसे उसके पतित्व का ज्ञान होगा। परन्तु इससे पतित्व भी बुद्धिविशेषजन्य होता हो—ऐसा नहीं है। हमारे जानने या न जानने पर भी पितृत्व, सुतत्व, पतित्व, भ्रातृत्व आदि अनेक विरुद्ध धर्म किसी में रहते ही हैं। वैसे ही हर वस्तु में अनन्त संख्या रहें समान न्याय यहाँ भी लागू होता है और अपेक्षाबुद्धि = एकत्व-द्वयज्ञानरूप या एकत्व त्रयज्ञानरूप है। उस एकत्व द्वय ज्ञान में भासमान द्वित्व उन दो पदार्थों की अपेक्षा रखता ही है जिसमें द्वित्व उत्पन्न होगा। तब एकत्वद्वय ज्ञानरूपी अपेक्षा बुद्धि द्वित्वविशिष्टपदार्थ की अपेक्षा से उत्पन्न होती है और पदार्थ में द्वित्व एकत्वद्वय ज्ञानरूपी अपेक्षा बुद्धि से उत्पन्न होता है—इस प्रकार यहाँ अन्योन्याश्रय स्पष्ट है।

यदि यह माना जाए कि 'अयमेक:' 'अयमेक:' इस अपेक्षाबुद्धि में एकत्वज्ञान ही भासता है न कि एकत्व-द्वय ज्ञान, तो इसी से द्वित्व की भाँति त्रित्व चतुष्ट्व आदि की भी उत्पत्ति होने लग जायगी।

अत: अपेक्षाबुद्धिजन्यवाद में ऐसा अनेक दोष होने के कारण प्रो. पाहि का सिद्धान्त समुचित एवं युक्तिसंगत प्रतीत होता है।

सन्दर्भ

1. *प्रशस्तपादभाष्य, न्यायकन्दलीसहित*, पृ. 26
2. *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, पृ. 203

3. *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, पृ. 206
4. *न्यायभूषण*, पृ. 159
5. *प्रकरणपञ्चिका*, पृ. 78
6. *मुक्तावली।*
7. *वैशेषिक पदार्थव्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श*, पृ. 214 एवं 215

सहायक आचार्य, साहित्यविभाग,
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय,
मदाऊ, भांकरोटा, जयपुर-302026

आचार्य विश्वम्भर पाहि की टिप्पणी

प्रभाकर मीमांसक शालिकनाथ के परवर्ती चन्द्राचार्य आदि ने संख्या को स्वतन्त्र पदार्थ के रूप में स्वीकार किया था। रघुनाथ शिरोमणि भी संख्या का गुणत्व खण्डन करते हुए उसको स्वतन्त्र पदार्थ के रूप में स्वीकार करते हैं (*वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श,* पृ. 206 पर पाद टिप्पणी 10-11 द्रष्टव्य है।

भासर्वज्ञ एकत्व संख्या को अभेद के रूप में एवं द्वित्वादि संख्याओं को भेद के रूप में स्वीकार करते हैं तथा संख्या की उत्पत्ति प्रक्रिया को अनावश्यक कल्पना मानते हैं।

वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श में समुच्चय एक स्वतन्त्र पदार्थ के रूप में स्वीकृत हुआ है एवं इसके पक्ष में दी गई युक्तियों के लिए ग्रन्थ के पृष्ठ 223-228 द्रष्टव्य है। समुच्चय का उपादान-निरपेक्ष शुद्ध परिमाण के रूप में संख्या तत्त्व स्वीकार्य है। परिमाण गुण कोटि का पदार्थ नहीं है क्योंकि कर्म एवं गुरुत्वादि परिमाण विशिष्ट होते हैं, परिमाण के वर्गीकरण के लिए *वैशेषिक पदार्थ व्यवस्था का पद्धतिमूलक विमर्श,* पृ. 250 द्रष्टव्य है।

अपेक्षाबुद्धिजन्य पदार्थ भासर्वज्ञ एवं रघुनाथ शिरोमणि को अस्वीकार्य है, क्योंकि बुद्धि में अपने आश्रय से भिन्न पदार्थों में किसी धर्म को उत्पन्न करने की योग्यता नहीं है। रघुनाथ शिरोमणि अपने परत्व एवं अपरत्व के विचार में भासर्वज्ञ का अनुगमन करते हैं, परत्व अपरत्व के गुणत्व खण्डन के लिए यह विचार करना पर्याप्त है कि कर्म कालिक परत्व अपरत्व सम्बन्ध रहा है जैसाकि प्रात: स्नान एवं अपराह्न के उपरान्त की संध्या वन्दन। उसी प्रकार इजिप्ट के अलेक्जैन्डर विश्वविद्यालय का ध्वंस नालन्दा विश्वविद्यालय के ध्वंस का पूर्ववर्ती है, गुण न तो कर्म में, न अभाव में रह सकता है।

— * —

Making Constructive use of History: Groundwork for a Nyāya-vaiśeṣika Philosophy of Mathematics*

Biswambhar Pahi

Mathematics is universally recognized as a trans-cultural theoretical discipline. The central role it plays as a source of tools for model construction in the field of scientific investigations is amply substantiated by the history of science. No system of Philosophy can afford to ignore the ontological, epistemological and methodological issues in this vital sector of theoretical enterprise. The present paper aims at articulating an approach to some of these issues from the standpoint of the Nyāya-Vaiśeṣika (NV) System of Philosophy. The approach under development can be characterized as unambiguously realist. It seeks to clarify the sense in which Mathematics can be said to be *about* the world we inhabit. The unassailability of mathematical knowledge is sought to be accounted for without conceding the alleged radical dichotomy of formal and empirical sciences. The paper has seven sections. The first two sections are devoted to the traditional NV position on numbers and its critique that developed within the tradition. The third section, which is central to the paper, attempts a reconstruction of the NV position on numbers on the basis of Bhāsarvajña's analysis of the process of counting. The reconstruction undertaken here calls for a separate ontological category to accommodate aggregates (sets, classes, *samudāya*) as distinct from their members (*samudāyin*). A case is made for this in consistency with the fundamental principles of the NV system. In the fourth section a NV approach to elementary Geometry is sought to be developed starting with the Nyāya position on spatial configurations (*ākṛtis*). In the fifth section Mathematics is seen as a science investigating *families of interrelated content-independent universals* which may briefly be called *structures*. The sixth section seeks to account for the uniqueness of mathematical knowledge

* Published in *Journal of Indian Council of Philosophical Research* Volume XXV Number 3 July-September 2008 Page 1-38

on the basis of abstraction-mediated cognition (*sāmanyalakṣaṇā-pratyāsatti*), counterfactual reasoning (*tarka*) and the relation of pervasion (*vyāpti*). The concluding section is concerned with the growth of Mathematics as a science.

1. THE ONTOLOGICAL STATUS OF NATURAL NUMBERS : THE TRADITIONAL NV POSITION

The Vaiśeṣika System of Kaṇāda and Praśastapāda provided for six independent categories (*padārthas*) of substance (*dravya*), quality (*guṇa*), motion (*karma*), universal (*sāmānya*), individators (*viśeṣa*) and inherence (*samavāya*). A seventh category was introduced at a later stage to accommodate absential entities (*abhāva*). The NV system of categories lends itself to a natural way of stratification. Substances constitute the most basic category of entities and occupy the ground level of the ontological mansion of NV System. Qualities and motions inhere in substances and can be placed in the next level. An isolated wing of this second level of the mansion houses Vaiśeṣika System's characteristic category of entities called individuators. Universals inhere in substances, qualities and motions and hence naturally belong to the next higher i.e. to the third level of the mansion. Since the counter-positive (*pratiyogin*) of an absential entity can be in any of the categories, absential entities can be placed in the uppermost level. Inherence in view of its unique relational role can be housed in an annexe of the mansion. Natural numbers (*saṁkhyā*), geometrical forms (*ākṛti*) of physical bodies and magnitudes (*parimāṇa*) are accommodated in the category of qualities which as pointed out above inhere in substances.

Given the basic methodological, epistemological and ontological principles which lend to NV system its identity ([17], pp.1-59) proving the existence of counting numbers poses no problem. Cognitions (*jñāna*) are episodic (*kādācitka*) and intentional (*saviṣayaka*) qualities of persons. Nothing can come into being without relevant causal factors (*kāraṇa-sāmagrī*) and differences between two effects (*kārya*) can be accounted for only by positing corresponding differences in their causal factors. It is necessary to concede this much, if total arbitrariness (*ākasmikatva prasaṅga*) is to be avoided and theoretical

activity is to be made possible. Objects of perceptual congnitions function as their instrumental causes (*nimitta-kāraṇa*). Other factors being equal phenomenological differences (*pratibhāsabheda*) between two perceptual cognitions are accounted for in the System by positing corresponding differences at the level of their objects. If one rubber ball looks yellow and another ball of the same material and size looks blue under normal conditions of perception then the difference has to be accounted for only by assuming that the balls have different colours.

To account for a cognition of the form "a red flower" one has to place the flower's particular patch of red colour in an ontological category that is dependent on the category of substance to which the flower belongs. Following considerations necessitate this ontological arrangement. Just as a child is necessarily a child of a unique couple so also a particular colour patch is necessarily of a unique physical object. A flower that is white in the morning may turn pink by evening time. We note that the flower's numerical identity remains undisturbed although its colour may change from white to pink. Therefore, a physical body's colour has to be construed as being ontologically different from it. When a physical body is disintegrated its colour necessarily ceases to be. Now, the cognition of the red colour of a flower cannot be accounted for by the particularity of the flower, for there can be a numerically different flower correctly cognizable as red. In other words, being identical with a certain red flower cannot be a necessary condition for being red. It cannot be accounted for by the generic feature of *being a flower*, for then all and only flowers would be correctly cognized as red which is obviously false. In the case of a red flower the NV philosophers construe the red colour particular as a quality inhering in the flower. It is construed as being existentially dependent on the flower while remaining ontologically different from the flower that serves as its locus. By an analogous reasoning ([24], p.441) it follows that in a cognition of the form "one jar" the qualifier (*prakāra, viśeṣaṇa*) *one* can be accounted for neither by the particularity of the jar nor by its generic attribute of being a jar. One has to concede to the numerical qualifier *one* the status of a quality which though existentially dependent on the jar is different from it. We should

observe that the jar cannot discard its numerical qualifier *one* as long as it continues to be, but for that matter neither can it discard its attribute of having been produced at a particular moment of time nor can it discard its generic attribute of being a jar.

It should be noted that since a particular green leaf in a branch may turn yellow while others are still green, it is necessary to distinguish between green colour particulars and the universal greenness (*haritatva*). Similarly it is necessary to distinguish, for any numerical expression n such as "one", "two", "three" etc., between the numerical quality n and the number universal n-ness (*n-tva sāmānya*). A numerical quality n resides in every collection C of objects that is correctly cognized as having n objects. The number universal n-ness resides not in the objects or objects cognized as being qualified by the numerical quality n but in the mutually different numerical qualities n. We recall that the colour universal greenness is to be construed as residing in particular green colour patches perceived as belonging to the leaves as individuals. This colour universal cannot be construed as residing directly in the individual leaves, for otherwise green leaves which are substances would become the same as green colour particulars and this in turn would entail the collapse of the distinction between substances and qualities. A coloured thing has a colour but certainly is not itself a colour. A limited collection of entities always has certain number as one of its qualifiers but is not itself a number.

Consider cognitions expressed by the following:: "there are yellow marigolds in that basket" and "there are *fifty* marigolds in that basket." These two cognitions are structurally indistinguishable. Content-wise too the two cognitions differ only by the fact that one has the qualifier *yellow* where the other has *fifty*. Consider a cognition expressible by "Q Xs" where "Q" stands for a non-numerical quality such as "red", "round", "raw", "innocent", "difficult" or "easy" and "X" stands for a compatible count noun. One can substitute "Q" in "Q Xs" by a numerical expression "N" to get "N Xs" that expresses a cognition with N serving as a numerical qualifier for X. This is one of the facts that led NV philosophers to place numbers in the category of qualities. Udayana points out the numerical qualifier cannot be vacuous because no cognition can be without a content. Nor can

a numerical qualifier such as *fifty* leave its qualificand (*viśeṣya*) untouched conveying no additional information, for the "pluck some flowers from this vine" and "pluck eleven flowers from this vine" would convey the same instruction ([24], p.442). He argues that numbers cannot be placed in the category of universals because then the tree-structure of the domain of universals having a unique origin node representing the highest universal existence (*satta*), terminal nodes representing minimal universals and incomparable nodes representing non-overlapping universals would come to naught and one would be obliged to admit in to the system distinct universals having the same extension ([24], p.443). It is implicit in Udayana's argument that this would be too high a price to pay and therefore numbers have to be accommodated in the category of qualities.

Perception of numbers, unlike perception of colours and sounds, cannot occur independent of each other. Numbers directly qualify only substances, because being qualities they can inhere only in substances. They qualify other types of entities only in so far as those entities are related to substances. The qualities of any given substance such as a fruit can be counted because they inhere in the same substance, namely the fruit in this case. Numerical quality particulars *one* reside in single substances like colour particulars do. They are eternal or non-eternal depending on whether the substances is which they inhere are eternal or not. The number universal *oneness* (*ekatvasāmānya*) is of course eternal like all other universals. Numbers greater than or equal to two are always non-eternal. They come in to being and cease to be by the instrumentality of our cognitions while we are engaged in the process of counting. When three mutually distinct objects a, b and c are counted by someone, number three (*tritvaguṇa*) i.e. an instance of the number universal three-ness (*tritvasāmānya*) comes in to being. It has a, b and c as its inherent cause (*samavāyikāraṇa*), the three mutually distinct numerical qualities *one* inhering in a, b and c as its non-inherent cause (*asamavayikāraṇa*) and the counting agent's cognition of the number universal oneness (*ekatvasāmānya*) as inhering in the three different numerical qualities *one* residing in a, b and c as its instrumental cause (*nimittakāraṇa*). The synthesizing

cognition of the number universal oneness as residing in the three different numerical qualities *one* is called an enumerative cognition (*apekṣābuddhi*). Praśastapāda and his commentators have made a detailed step by step analysis of the process of generation and cessation of numbers as transient qualities as opposed to number universals which are eternal ([23],pp.270-284, [24], p 449, [12[, pp.227-233). For our purpose it is not necessary to go into the details of the traditional Vaiśeṣika account of the process of the generation of numbers.

A boy may come to know correctly the number of dogs in a pack of street dogs by quietly counting them while another boy standing next to him and watching the same pack but not counting them will have no knowledge of the exact number of dogs in the pack. Assuming that the pack of dogs was chasing away an alien dog the act of chasing would be noticed by both the boys. Numbers greater than one, unlike colors and sounds are not publicly observable qualities This fact about numerical qualities was considered to be very significant from the point of view of the ontological character of numbers. The author of *Nyāyakandalī* argues ([23], p. 275) that objects of knowledge may be classified under the following heads: those like stars, planets, mountains, trees, flowers, colours and sounds and those like pains, pleasures, desires and aversions. Objects belonging to the former type are public in the sense that they can be perceived by several persons at the same time or at different times. Objects belonging to the latter type are perceivable only by the person whose cognitions play a causal role in the coming into being of the object in question. Now numbers greater than one are brought in to existence by a counting agent's perceptual cognitions because they are perceived only by the person who does the counting. It should be noted here that inferential arguments of the preceding kind usually called *proyogas* presented by philosophers with the object of deciding particular theoretical issues are invariably proposals for classification schemes disguised as inferences. The strength of any such proposal is to be assessed only on the basis of the theoretical advantages it can deliver.

2. A CRITIQUE OF THE TRADITIONAL NV POSITION ON THE ONTOLOGICAL STATUS OF NATURAL NUMBERS

It appears that the traditional NV position on the ontological status of numbers remained unchallenged within the system during the centuries that passed between Praśastapāda (6th Century A.D) and Bhāsarvajña (9th Century A.D). This is surprising in view of the fact that the doctrine is loaded with counter-intuitive implications. It must have met opposition from Buddhist quarters. Bhāsarvajña was the first internal critic of this doctrine. He is often willing to accommodate an opponent's point of view particularly when the NV position on the issue is inconsistent with the body of fundamental principles of the system and it can be revised or abandoned in favour of a new one without compromising any basic principle.

Bhāsarvajña ([5], p.159) takes the terms one (*eka*) and non-different (*abhinna*) as synonymous. Accordingly the terms many (*aneka*) and different (*bhinna*) are also treated as synonyms of each other To say that e is one entity is to say that for any x and y if x has e-ness and y has e-ness then x is not different from y i.e. x is the same as y. To say that there are many entities e is to claim that at least there is an x and there is a y such that x is an e and y is an e and moreover x and y are different from each other. For Bhāsarvajña numbers are of two kinds, namely *One* and *Many*. Any entity e of any category C can be counted as one i.e. as having the relation of identity only to itself excluding everything else. Number one is the sole occupant of this category. Numbers two, three, four, five etc. are covered by the category *Many*. All and only natural numbers greater than one are the occupants of this category. To say pointing at things present before one that these are different from each other is to claim that there are many of these. This of course is equivalent to claiming that for some positive integer n > 1 there are n of these things. Bhāsarvajña argues that since identity (*abheda*) and difference (*bheda*) are applicable to every category and subcategory of entities, every limited collection of entities can be counted. Therefore, numbers cannot be placed in the category of qualities for then only substances could be counted. Difference (*bheda*) is covered by the category of absential entities (*abhāva*) and

identity (*abheda*) is precisely the relation that holds between a and b when it is not the case that a and b are different from each other. Since difference like universals is eternal and numbers greater than one fall under this subcategory of the category of absential entities it is entirely unnecessary and inappropriate to entertain any account of their coming in to being and ceasing to be.

Udayana's refutation ([24], p.442) of Bhāsarvajña's argument for placing numbers under identity and difference is based on a misinterpretation of his argument. This is very ably brought out and commented on by Aparārkadeva in his *Nyāyamuktāvalī* ([2], pp.143-145), a commentary on Bhāsarvajña's *Nyāyasāra*.

Numbers came to be regarded as constituting an independent category of entities in Prabhākara's School of Mīmāmsā sometime in the post-Śālikanātha period by Candra ([14], p. 41 of Appendix). Vardhamanopadhyaya seems to be referring to this in his *Nyāyalīlāvatīprakāśa* ([26], p.343) when he takes it as an opponent's view Raghunātha agrees with this position and admits an independent category for numbers ([19], p.43).

